## लंबित वादों के निस्तारण के लिए चलेगा विशेष अभियान

लखीमपुर खीरी। जिले में लंबित प्रकरणों व वादों के निस्तारण के लिए 60 दिनों का विशेष अभियान चलाया जाएगा। इसमें अधिकारी शिकायतों का त्वरित निस्तारण करेंगे। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि विभिन्न राजस्व न्यायालयों में लंबित राजस्व वादों, वरासत, पैमाइश नामांतरण, आपसी बंटवारा व भूमि विवादों से संबंधित आईजीआरएस, संपूर्ण समाधान दिवस सहित अन्य जगहों पर लंबित शिकायतों के निस्तारण के लिए अभियान चलाया जाएगा। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने समस्त संबंधितों को निर्देशित किया कि सभी लम्बित प्रकरण, वादों का त्वरित निस्तारण किया जाए।


देवीपाटन मण्डल का प्रथम हिन्दी दैनिक

# त्रिगुट



नासिरा प्रेस

मालवीयनगर-गोण्डा

मो0-9236750993



हमारे यहां शादी कार्ड, मुण्डन कार्ड, हैण्डबिल, पोस्टर, स्टीकर आदि की छपाई उचित दर पर होती है।

एक बार सेवा का अवसर अवश्य दें।



गोण्डा सोमवार 09 अक्टूबर 2023 वर्ष 39 अंक 52 रजि0 नं0 46071/85 (हिन्दी दैनिक समाचार पत्र) फोन/फैक्स-05262-230683 डाक पंजीयन संख्या-NP/GONDA-30/2003 पृष्ठ- 8 मूल्य 2.00 रुपये


# इजराइल और हमास की जंग में लग रहा है लाशों का ढेर,दोनों तरफ से करीब एक हजार की हुई मौत

## भारत और अमेरिका सहित कई देशों ने किया इजराइल का समर्थन

तेल अवीव( ईएमएस )। इजराइल और हमास के बीच चल रही जंग में अब तक करीब एक हजार लोगों के मारे जाने की खबर है। हालांकि ये सिर्फ दावे हैं जबकि जिस तरह की तस्वीरे और वीडियो सोशल मीडिया पर आ रहे हैं उसे देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है। मरने वालों की संख्या बहुत ज्यादा है। और लाशों को ठिकाने लगाना भी मुश्किल हो गया है। इस जंग में हमास के चरमपंथियों ने इजराइल से कई नागरिक,बच्चे और बुजुगों को बंधक बना लिया है। इस तबाही को लेकर दुनिया के कई देशों ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। जिसमें भारत और अमेरिका जैसे शक्तिशाली देशों ने इंजराइल के प्र ?ति सहानुभू ?ति व्यक्त करते हुए समर्थन करने की बात कही है।

हमास के लड़ाकों ने शनिवार को देर रात इजराइल पर बड़ा हमला कर दिया, जिसमें लगभग 600 लोगों की मौत हो गई। सैकड़ो लोग घायल हुए है। यही नहीं हमले के साथ हमस के चरमपंथियों ने बुजुर्ग और बच्चों को भी नहीं छोड़ा,उन्हे बंधक बनाया और उनके साथ बर्बरता भी की। वहीं इजराइल ने भी हमास को सबक सिखाते हुए उनके कई लड़को की हत्या कर दी है। ?जिसमें गाजा पटटी से करीब 300 लोगों की मौत हुई है। इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि हमास ''ऐसी कीमत चुकाएगा, जिसके बारे में उसने कभी सोचा भी नहीं होगा। इस बीच अमेरिका-भारत समेत कई देशों ने इस आतंकी हमले की निंदा की है।

हमास ने गाजा पट्टी पर एक सीमा बाड़ को विस्फोटकों से उड़ा दिया और उसके बाहर 26 स्थानों में घुसकर हमला किया। बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा, कई स्थानों पर वे घंटों तक घूमते रहे और इजराइली नागरिकों तथा सैनिकों की हत्या की। हमास चरमपंथियों और इजराइली सुरक्षाबलों के बीच मध्यरात्रि के बाद भी मुठभेड़ जारी रही। चरमपंथियों ने दो कस्बों में लोगों को बंधक बना रखा है, जबकि एक अन्य कस्बे में एक पुलिस थाने पर कब्जा कर लिया है। हमास के लड़ाकों ने गाजा में इजराइल के कई नागरिकों और सैनिकों को बंदी बना लिया है। सोशल मीडिया पर इसकी खौफनाक तस्वीरें सामने आई हैं। इस हमले के एक बड़े संघर्ष में तब्दील होने का खतरा पैदा हो गया है। हमास-इजराइल के बीच पिछले संघर्षों में गाजा में बड़े पैमाने पर लोगों की मौत और विनाश हुआ था। ?दिल दहला देने वाली तस्वीरें पूरी दु ?निया में वायरल हो रही है। अमानवीयता और भीभत्सता से भरी यह घटनाएं दहलाने वाली हो रही है। इजराइली मीडिया ने बचाव सेवा अधिकारियों के हवाले से बताया कि हमास के हमले में कम से कम 600 से अधिक लोगों की मौत हो गई और 1,800 से अधिक अन्य घायल हुए हैं। यह इजराइल में हाल के दशकों में हुए सबसे वीभत्स हमलों में से एक है। वहीं, फलस्तीन के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि गाजा पट्टी में इजराइल के हमलों में कम से कम 300 लोग मारे गए हैं और 2,700 से अधिक अन्य घायल हो गए हैं। वहीं दूसरी तरफ इजराइल ने कहा है कि हम हमास की युध्द क्षमता और सैन्य ताकत को खत्म करने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। नेतन्याहू ने टेलीविजन पर दिए संबोधन में कहा कि इजराइली सेना हमास की युद्ध क्षमताओं को खत्म करने के लिए हरसंभव उपाय का इस्तेमाल करेगी और''इस काले दिन का बदला लेगी। उन्होंने आगाह किया कि''इस युद्ध में वक्त लगेगा। यह मुश्किल होगा। नेतन्याहू ने पहले घोषणा की थी कि इजराइल अभी युद्ध कर रहा है। रात होने के बाद गाजा में इजराइली हमले तेज हो गए। बड़े-बड़े विस्फोटों के जरिये कई रिहायशी इमारतें ढहा दी गईं। इजराइली सेना ने बताया कि हमास ने 3,500 से अधिक रॉकेट दागे।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ श्री केदारनाथ धाम मन्दिर, उत्तराखण्ड में दर्शन-पूजन करते हुए

# सूर्य और चंद्रमा के बाद अब शुक्र ग्रह पर जाने की तैयारी में जुटा इसरो

नई दिल्ली ( ईएमएस )। भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी इसरो ने सूर्य और चंद्रमा के बाद अब शुक्र ग्रह पर जाने की तैयारी कर ली है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रयान के अगले साल दिसंबर में लॉन्च होने की संभावना है। वीनस मिशन से पहले अंतरिक्ष एजेंसी इस साल दिसंबर में ही एक्सपीओसैट या एक्स-रे पोलारिमीटर सैटेलाइट लॉन्च करने की तैयारी कर रही है। इसका उद्देश्य चमकीले एक्स-रे पल्सर का अध्ययन करना है। इसरो प्रमुख एस सोमनाथ ने हाल ही में कहा था कि सौर मंडल के सबसे चमकीले ग्रह शुक्र पर मिशन पहले से ही तैयार किया गया है। मिशन के लिए इसके पेलोड विकसित किए गए हैं। इसके 2024 के दिसंबर में लॉन्च किए जाने की संभावना है। इसरो के वैज्ञा ?निकों ने कहा ?कि इस समय पृथ्वी और शुक्र इतने सरेखित ( सीधी रेखा में ) होंगे कि अंतरिक्ष यान को कम प्रणोदक का उपयोग करके पड़ोसी ग्रह की कक्षा में रखा जा सकता है। इसके बाद यह मौका 2031 में ही जाकर मिलेगा।

इसरो प्रमुख ने हाल ही में दिल्ली में भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी को संबोधित करते हुए कहा ?कि शुक्र एक बहुत ही दिलचस्प ग्रह है। इसका एक वातावरण भी है जो बहुत घना है। वायुमंडलीय दबाव पृथ्वी से 100 गुना अधिक है। यह अम्लों से भरा है। आप सतह में प्रवेश नहीं कर सकते हैं। आप नहीं जानते कि इसकी सतह कठोर है या नहीं। हम यह सब समझने की कोशिश क्यों कर रहे हैं? पृथ्वी एक दिन शुक्र बन सकती है। मुझें नहीं पता। शायद 10,000 साल बाद पृथ्वी अपनी विशेषताएं बदल लेगी। पृथ्वी पहले भी ऐसी कभी नहीं थी। बहुत समय पहले यह रहने योग्य जगह नहीं थी।

# समाज में नैतिक मूल्यों को संरक्षित करता है साहित्य-डॉ. अनिल मिश्र

## संपूर्णानंद टाउन हाल में डा उमा सिंह की 21वीं पुस्तक मेरे भी पंख हैं का समारोह पूर्वक हुआ विमोचन व कवि सम्मेलन



त्रिगुट संवाददाता

गोण्डा। किसी भी राष्ट्र की सांस्कृतिक - संपदा व शाश्वत विचारों की थाती को संरक्षित रखने में साहित्य की प्रमुख भूमिका है। साहित्य नैतिक मूल्यों को संरक्षित रखने के साथ समाज के सांस्कृतिक विकास में नई दिशा प्रदान करता है।

संपूर्णानंद स्मारक टाउन हॉल में शनिवार की देर सायं आयोजित पुस्तक विमोचन व कवि सम्मेलन में उक्त विचार प्रतिष्ठित साहित्यकार डॉ अनिल मिश्र ने व्यक्त किए। बाल कथा साहित्य पर आधारित डा. उमा सिंह की %मेरे भी पंख हैं% के विमोचन में शामिल साहित्य - भूषण से सम्मानित साहित्यकार द्वय कमलेश मृदु व शिवाकांत मिश्र %विद्रोही%, शास्त्री महाविद्यालय के शोध-निदेशक डॉ. शैलेंद्र मिश्र, खरगूपुर नगर पंचायत के अध्यक्ष राजीव रस्तोगी व प्रगतिशील लेखक सूर्य प्रकाश मिश्र, आर जे शुक्ल यदुराय ने लेखिका को शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त किया कि यह पुस्तक बच्चों व छात्रों के लिए उपयोगी सिद्ध होगी। इस मौके पर लेखिका डॉ. उमा सिंह ने उपस्थित साहित्यकारों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी कविता कहानी व उपन्यास पर बीस पुस्तकें प्रकाशन के बाद %मेरे भी पंख है% मूल रुप से बाल कथा साहित्य है। जिसमें पर्यावरण संरक्षण के साथ बच्चों में नैतिक मूल्यों पर आधारित शिक्षाप्रद कथाएं हैं।

इसके पूर्व दीप प्रज्वलन के साथ आयोजित कवि सम्मेलन में वाणी वंदना कवयित्री सोनी मिश्रा ने - मां शारदे-शारदे ! ज्ञान का सार दे, तान झंकार दे से किया। कवयित्री नीता सिंह, किरण सिंह, व अनामिका ज्योत्सना ने अपनी श्रृंगार परक रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया तो राष्ट्रीय स्तर के व्यंग्यकार श्यामल मजूमदार ने %जूता% शीर्षक कविता से लोकतंत्र में व्याप्त विसंगतियों पर करारा प्रहार किया। साहित्य - भूषण शिवाकांत मिश्र विद्रोही ने ओज एवं कमलेश मृदु डॉ. अनिल मिश्र, प्रदीप बहराइची ने अपनी विचार प्रधान रचनाओं से कवि सम्मेलन को नई ऊंचाइयां दी।

इस अवसर पर समाज सेवा एवं रचनाधर्मिता के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाने वाले समाजसेवकों को स्मृति चिन्ह व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# अवैध कच्ची शराब की छापेमारी में 250 किलो महुआ व 02 अभियोग पंजीकृत किया गया

## निरीक्षण के दौरान भांग की दुकानों से गांजा व अन्य मादक पदार्थ मिलने पर भेजा गया जेल



त्रिगुट संवाददाता

गोण्डा। जिलाधिकारी नेहा शर्मा के निर्देशानुसार रविवार को आबकारी निरीक्षकों द्वारा जनपद के काजीतरहर, नैनागढ़, बरसैनिया, अम्बरपुर, पुरैना, अहिरनपुरवा आदि ग्रामों में दबिश दी गई। दबिश के दौरान 25 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद किया गया व 250 किलो लीटर महुआ लहन नष्ट किया गया। अवैध छापेमारी के दौरान आबकारी अधिनियम की धारा 60 के अन्तर्गत दो अभियोग पंजीकृत किया गया, तथा मौके पर 03 भट्ठी नष्ट की गई।

आबकारी निरीक्षकों द्वारा अभियान के दौरान जनपद की भांग की दुकानों, बस स्टैंड, करनैलगंज, कटरा बाजार, परसपुर, चौरी चौराहा, बालपुर, करनपुर, बभनान, गौराचौकी, मछलीगांव, रानीगंज, मसकनवा तथा खालेगांव का सघन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अनुज्ञापियों को भांग की दुकानों से गांजा आदि अन्य मादक पदार्थों की बरामदगी होने की दशा में जेल कर अनुज्ञापन निरस्तीकरण की चेतावनी दी गई।

इसके साथ ही उन्होंने बताया है कि जिलाधिकारी नेहा शर्मा के निर्देशानुसार जनपद में अवैध कच्ची शराब की छापेमारी निरन्तर चल रहा है, जनपद में अवैध कच्ची शराब के कारोबारियों को बक्सा नहीं जायेगा।

## तिहाड़ जेल में कैदियों की लगेगी कानून की क्लास

नई दिल्ली ( ईएमएस )। तिहाड़ जेल में रह रहे कैदियों को मुफ्त कानूनी सहायता, जमानत, फर्लो, पैरोल, माफी, प्ली बार्गेनिंग, अपराधों के शमन और ऐसे अन्य अधिकारों से संबंधित विषयों पर जागरूक करने के लिए दिल्ली हाई कोर्ट विधिक सेवा कमेटी ( डीएचसीएलएससी ) ने कानूनी साक्षरता सबका अधिकार कार्यक्रम की शुरुआत की है। इसके तहत तिहाड़, मंडोली व रोहिणी जेल में रह रहे कैदियों के लिए प्रत्येक शुक्रवार को कानूनी साक्षरता की कक्षा लगाई जाएगी। डीएचसीएलएससी ने यह कार्यक्रम तिहाड़ जेल के सहयोग से शुरू किया है। दिल्ली हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति मनमोहन ने शनिवार को तिहाड़ के सेंट्रल जेल नंबर-चार से इस कार्यक्रम का उद्घाटन किया। न्यायमूर्ति ने इस दौरान अदालतों में कैदियों की ओर से उचित कानूनी प्रतिनिधित्व के महत्व और उन कैदियों के हितों की रक्षा में डीएचसीएलएससी द्वारा निभाई गई भूमिका पर चर्चा की जो स्वयं उचित कानूनी प्रतिनिधित्व वहन करने में सक्षम नहीं हैं। उन्होंने कैदियों के बीच उनके अधिकारों के बारे में जागरूकता की आवश्यकता पर भी जोर दिया। उन्होंने कैदियों को कारावास की अवधि के दौरान सकारात्मक दृष्टिकोण बनाए रखने के लिए भी प्रोत्साहित किया, ताकि वह जेलों से रिहा होने पर राष्ट्र निर्माण में योगदान दे सकें।

# साइकिल दौड़ प्रतियोगिता में शिरीष मित्तल ने प्रथम बाजी मारी



निज संवाददाता

गोण्डा। महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह पर अग्रवाल नवयुवक संघ द्वारा आयोजित कार्यक्रम में रविवार को साइकिल दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन प्रातः 10ः00 बजे नवीन गल्ला मंडी स्थल पर किया गया। जिसमें लगभग 154 बच्चों ने प्रतिभाग लिया ।जिसको चार चरणों में बांटा गया। जिसमें जूनियर वर्ग 8 से 10 वर्ष ( पुरुष ) में शिरीष मित्तल को प्रथम, भव्य खेतान को द्वितीय और आरुष अग्रवाल को तृतीय , जूनियर वर्ग 8 से 10 वर्ष ( महिला ) में श्रेया नेवटिया को प्रथम, राध्या मित्तल को द्वितीय और आस्था अग्रवाल को तृतीय, सीनियर वर्ग 10 से 14 वर्ष ( महिला ) में सौम्या नेवटिया को प्रथम, श्रुति मित्तल को द्वितीय और देविका सिंघल को तृतीय, सीनियर वर्ग 10 से 14 वर्ष ( पुरुष ), यथार्थ अग्रवाल को प्रथम, शौर्य अग्रवाल को द्वितीय एवं कार्तिक अग्रवाल को तृतीय स्थान पर विजई हुए ।इन सभी विजई प्रतिभागियों को अग्रसेन जयंती पर पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा ।बाकी सभी प्रतिभागी बच्चों को सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया ।पुरस्कार वितरण से पहले राष्ट्रगान हुआ ।.यह प्रतियोगिता मारवाड़ी युवा मंच द्वारा कराया गया।

जिसमें कार्यक्रम की जिम्मेदारी विकास अग्रवाल और वैभव अग्रवाल को दी गई ।इस दौरान अग्रवाल नवयुवक संघ के अध्यक्ष संजय अग्रवाल, महामंत्री विकास जैन ,मुनीष सिंघल, अमित संघई एवं मारवाड़ी युवा मंच के मुकेश नहरिया, अमित गर्ग ,गोपाल मित्तल , राजेश अग्रवाल,अमित अग्रवाल मोंटू, अमित मित्तल,मनोज अग्रवाल,दौलत राम शर्मा,महिला मंडल की नीलम जैन,नीतू गर्ग सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# जिले में ऑटोमेटिक फिटनेस केंद्र को भी नहीं मिले संचालक

लखीमपुर खीरी। वाहनों की फिटनेस के लिए ऑटोमेटिक फिटनेस केंद्र( स्वचालित परीक्षण स्टेशन ) की योजना भी जिले में परवान नहीं चढ़ सकी। विभाग को एक भी आवेदक नहीं मिला। फिलहाल परिवहन कार्यालय में वाहन को देखकर ही फिटनेस की रिपोर्ट दी जा रही है। प्रमुख सचिव परिवहन ने अगस्त में वाहनों की फिटनेस जांच के लिए स्वचालित परीक्षण स्टेशन की स्थापना के संबंध में निर्देश जारी किए थे।

आवेदकों से सेंटर संचालन के संबंध में आवेदन मांगे गए थे। लेकिन, जिले में ऑटोमेटिक फिटनेस केंद्र संचालन के लिए एक भी आवेदन नहीं मिला, जबकि जिले में 26 हजार से अधिक कामर्शियल वाहन पंजीकृत हैं। 800 स्कूली वाहन भी शामिल हैं। इनमें 100 से अधिक स्कूली वाहन अनफिट हैं ।गन्ना ढुलाई में लगने वाले वाहनों की फिटनेस भी होनी है।

**यह हैं फिटनेस केंद्र के मानक**

संभागीय निरीक्षक पंकज ने बताया कि ऑटोमेटिक फिटनेस केंद्र के लिए दो एकड़ जमीन होनी चाहिए। जमीन नेशनल हाइवे, राज्य हाइवे या प्रमुख जिला मार्ग पर हो। भूमि के ऊपर से हाईटेंशन लाइन न हो। आवेदन के समय आवेदक को भूमि के स्वामित्व का प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा। फिटनेस केंद्र में वाहनों के प्रवेश और निकास का अलग-अलग रास्ता हो। परीक्षण केंद्र पर सीसीटीवी कैमरे की व्यवस्था की जाएगी और रिकार्डिंग एक माह तक सुरक्षित रखनी होगी।

# संकल्प सप्ताह के तहत बाल मेले का आयोजन

अंबेडकर नगर। संकल्प सप्ताह के पांचवें दिन शिक्षा एक संकल्प नीति आयोग के आकांक्षात्मक विकासखंड भीटी में शैक्षिक सम्मान समारोह एवं बाल मेला का आयोजन जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन की उपस्थिति में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी महोदय द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया ।शिक्षा एक संकल्प के अंतर्गत चार कार्यक्रम कराए गए - प्रथम कार्यक्रम अच्छे अध्यापक ,अच्छे बच्चे चिन्हित करना, उनको पुरस्कृत करना, प्रशस्ति पत्र देना।

दूसरा कार्यक्रम डिजिटल लिटरेसी पर निबंध, पेंटिंग प्रतियोगिता कराना, बच्चों का चयन करना।

तीसरा कार्यक्रम कंपटीशन स्कूल क्लब कंपटीशन

4.चौथा कार्यक्रम बालिका शिक्षा पर वाद विवाद

विभिन्न कार्यक्रम कराए गए। बच्चों द्वारा लगाए गए प्रदर्शनी का अवलोकन जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, उप जिलाधिकारी, जिला विकास अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा किया गया। सभी कार्यक्रमों में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले कुल 30 विद्यार्थियों को जिलाधिकारी अविनाश सिंह द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया तथा बाकी बच्चों जो अन्य स्थान पर आए थे को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया ।चयनित 23 बेस्ट टीचर को जिलाधिकारी महोदय द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान मौके पर उप जिलाधिकारी भीटी, जिला विकास अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, अध्यापक गण तथा छात्र एवं छात्राएं मौके पर उपस्थित रहे।

# पुलिस लाइन्स बहुउद्देशीय हाल में समस्त महिला हेल्पडेस्क कर्मियों के साथ गोष्ठी संपन्न

अंबेडकरनगर। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी भीटी व प्रभारी महिला सहायता प्रकोष्ठ उ0नि0 शिवांगी त्रिपाठी द्वारा जनपद के समस्त थानों पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क पर नियुक्त कर्मियों के साथ महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन व हेल्प डेस्क पर प्राप्त होने वाले शिकयती प्रार्थना पत्र के निस्तारण के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। गोष्ठी के दौरान महिला हेल्प डेस्क कर्मियों की कार्यप्रणाली को बेहतर बनाने हेतु बाल सुरक्षा संगठन के संबंध में सूचना संकलित करने के साथ-साथ परामर्श, प्रार्थना पत्र,अपराध,आर्थिक सहायता संबंधी सूचनाओं को संकलित कर संबंधित प्रकोष्ठ को समय से उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया तथा साइबर फ्रॉड से संबंधित प्रार्थना पत्र पर तत्काल संज्ञान लेकर संबंधित को जांच/आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित करने व आगामी शारदीय नवरात्रि में आयोजित होने वाले पंडालों पर शक्ति दीदी अभियान के तहत किये जाने वाले कार्यक्रम व कार्यवाहियों के संबंध में व शक्ति दीदी अभियान के तहत जनपद के प्रत्येक थाने पर जागरूकता अभियान को सुचारू रूप से चलाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

साथ ही महिला हेल्प डेस्क कर्मियों की समस्याओं को भी सुना गया तथा उनके निराकरण हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया।

# लोकसभा प्रवास योजना की की बैठक संपन्न

( सत्य प्रकाश पांडेय )

अंबेडकर नगर। लोक सभा चुनाव की तैयारी के दृष्टि से बनी लोक सभा प्रवास योजना अकबरपुर के नारी तू नारायणी और समूह दीदी दर्शन कार्यक्रम नगर के लोहिया सभागार में सैकड़ों समूह की महिलाओं की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य डाक्टर हरि ओम पाण्डेय ने मातृ शक्ति को सम्बोधित करते हुए कहा कि महिला सशक्तिकरण के बिना देश वा समाज में नारी को वह सम्मान नहीं मिल सकता है जिसकी वह हकदार हैं ।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा की केंद्र सरकार ने मातृ शक्ति को सम्मान और सशक्त बनाने के लिए देश की संसद में नारी वंदन विधेयक पारित कर ऐतिहासिक सम्मान महिलाओं को दिया है ।भारतीय संस्कृति में महिलाओं को देवी लक्ष्मी का दर्जा दिया है।

गोसाई गंज टाउन एरिया चेयर मैन विजय लक्ष्मी जायसवाल ने मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने लैंगिक समानता का अधिकार देने के लिए महिला सशक्तिकरण की वाहक नारी वंदन विधेयक संसद की दोनों सदनों में पास करा कर मातृ शक्ति को नया आयाम दिया है ।उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को बधाई देते हुए कहा कि आज़ादी के बाद से आज तक महिलाओं को अन्य दलों की सरकारों ने जो सम्मान नहीं दिया वह भाजपा की केंद्र सरकार ने दे कर मातृ शक्ति को सशक्त बनाने की अपनी प्रतिबद्धता पूरा किया है।

अध्यक्षता कर रहे लोक सभा प्रवास योजना प्रभारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह टिल्लू ने उपस्थित मुख्य अतिथि सहित सभी का स्वागत करते हुए कहा कि सभी क्षेत्रों में महिलाओं की उत्थान किए जाने के क्षेत्र में भाजपा की कार्य और कार्यक्रम मील का पत्थर साबित होंगे ।महिलाओं के सशक्त होने से पूरा समाज अपने आप में सशक्त हो जायेगा ।कहा कि भाजपा की केंद्र सरकार के मुखिया नरेंद्र मोदी जी ने 22 जनवरी 2015 में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना, प्रधानमंत्री उज्वला योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, समर्थ योजना, सुरक्षित मातृत्व योजना सहित कई अन्य योजना लागू कर महिलाओं की सम्मान और प्रतिष्ठा को बढ़ाया है।

लोक सभा प्रवास योजना संयोजक अवधेश द्विवेदी ने उपस्थित लोगों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि महलाएं वह आधारशिला हैं जिसके बिना किसी भी मजबूत परिवार ,समाज और देश की परिकल्पना नहीं किया जा सकता है ।महिलाओं ने सभी क्षेत्रों में अपना परचम लहराया है।

कार्यक्रम को बी एन के बी स्नातकोत्तर महाविद्यालय प्राचार्या डाक्टर सुचिता पाण्डेय, विधान सभा प्रवास योजना प्रभारी मनोज मिश्र, प्रधानाचार्या सुमित्रा देवी, जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रिंकल सिंह रघुवंशी , मीरा पाण्डेय ,राजेश पांडेय ने भी सम्बोधित किया। संचालन आदर्श चौधरी ने किया।

कार्यक्रम में शान्ति प्रजापति, प्रमिला यादव ,कमलेश यादव, शारदा पाण्डेय, राहुल देव शर्मा, रमेश यादव, उमाशंकर सिंह, ध्रुव कुमार त्रिपाठी सहित सैकड़ों की संख्या में समूह एक विभिन्न योजनाओं की महिलाएं शामिल रहे।

## थाना क्षेत्र इब्राहिमपुर के धर्मगुरुओ एवं ग्राम प्रधानों के साथ पीस कमेटी की बैठक संपन्न

( सत्य प्रकाश पांडेय )

अंबेडकरनगर। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में आगामी त्यौहार दुर्गा पूजा आदि त्योहारों को सकुशल सम्पन्न कराने के दृष्टिगत उपजिलाधिकारी व क्षेत्राधिकारी टांडा द्वारा थाना इब्राहिमपुर परिसर में थाना क्षेत्र के विभिन्न धर्मों के धर्मगुरुओं/सम्भ्रान्त व्यक्तियों एवं ग्राम प्रधानों के साथ शान्ति समिति/पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गयी ।इस दौरान बैठक में उपस्थित विभिन्न धर्मगुरुओं एवं सम्भ्रान्त व्यक्तियों से वार्ता कर उपरोक्त त्योहारों को सौहार्द एवं शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की गयी साथ ही सभी से अपील की गयी कि अराजक तत्वों के सम्बंध में पुलिस एवं प्रशासन का सहयोग करें । इसके अतिरिक्त बैठक में उपस्थित अधिकारी/कर्मचारीगण को भी थाना क्षेत्र में सतर्क दृष्टि रखते हुए आगामी त्यौहार को सकुशल व शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने हेतु निर्देशित किया गया।

# पीआरवी कर्मियों द्वारा आमजन की मदद से लडकी को सकुशल नदी से बाहर निकाला गया

त्रिगुट संवाददाता

अंबेडकरनगर, पीआरवी को सूचना दी कि एक लड़की तमसा नदी में कूदकर आत्महत्या करने जा रही है। पीआरवी कर्मियों द्वारा अल्प समय में घटना स्थल पर पहुँचकर देखा तो घटना सत्य पायी गई, पीआरवी कर्मियों ने देखा कि एक लड़की आत्महत्या करने के आशय से नदी में कूद गयी है। त्वरित कार्यवाही करते हुए पीआरवी कर्मियों द्वारा आस -पास के लोगों की मदद से लडकी को सकुशल नदी से बाहर निकाला गया। पीआरवी कर्मियों द्वारा काफी देर तक समझाया बुझाया गया व लड़की को नाम पता व आत्महत्या का कारण पूछा गया तो तत्पश्चात् जबाव में लड़की ने बताया कि मेरी माँ की कुछ समय पूर्व मृत्यु हो चुकी है आज अचानक मुझे अपनी माँ की बहुत याद आ रही थी इसलिए मैं आज नदी में आत्महत्या करने के लिये नदी में कूद गयी थी लेकिन अब मुझे नदी में कूदने का पश्चताप हो रहा है। पीआरवी कर्मियों द्वारा तत्काल लड़की के परिजनों से संपर्क कर लड़की के भाई को मौके पर बुलाकर सकुशल सुपुर्द किया गया। पीआरवी कर्मियों द्वारा उक्त घटना के संबंध में थाना प्रभारी महोदय को अवगत कराया गया।

पीआरवी कर्मियों द्वारा अल्प समय में घटना स्थल पर पहुँचकर आत्महत्या का प्रयास कर रही लड़की को समझा-बुझाकर उसके परिजनों को सकुशल सुपुर्द करने, लड़की की जान बचाने तथा किसी अप्रिय घटना को घटित होने से रोकने का सराहनीय कार्य किया गया।

कमाण्डर -आ0 सुमित कुमार, पायलट - हो0चा0 खुशीराम शामिल रहे।

# सक्षम संस्था द्वारा आयोजित जागरूकता शिविर में 52 दिव्यांगजनों को रेलवे पास दिया गया

त्रिगुट संवाददाता

अंबेडकरनगर, राष्ट्रीय संगठन सक्षम अंबेडकर नगर एवं उत्तर रेलवे विभाग के द्वारा जिला पंचायत कार्यालय अकबरपुर अंबेडकर नगर में दिव्यांग जागरूकता एवं रेलवे पास वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें 110 दिव्यांग जनों को रेलवे पास दिया गया इस मौके पर मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष साधू वर्मा दिव्यांगता के क्षेत्र में सक्षम के कार्यों की प्रशंसा करते हुए सक्षम संस्था हमारे जिले में दिव्यांग जनों के लिए अद्भुत कार्य कर रही है और दिव्यांग जनों के सहयोग के लिए मैं हमेशा तैयार रहूंगा, सक्षम संस्था के प्रांत सचिव मानस वर्मा ने हमारी संस्था दिव्यांग जनो के सर्वांगीण विकास हेतु पूरे जिले मे जगरुकता रजिस्ट्रेशन एवं संसाधन वितरित कर उन्हे स्वलंबि बनाने का प्रयास कर रही है हमारे संस्था की योजना है इस वर्ष के अंत तक जिले में दिव्यांग रिहैबिलिटेशन सेंटर खोला जाएगा जहां दिव्यांग जनों की सारी समस्याओं का निवारण किया जाएगा। इस मौके पर होटल रेलवे से अजय सिंह मुख्य वाणिज्य निरीक्षक, उत्तर रेल्वे, अयोध्या कैंट, दिनेश कुमार मुख्य आरक्षण पर्यवेक्षक उत्तर रेल्वे, अकबरपुर बृजेश यादव आरक्षण लिपिक अकबरपुरऔर सक्षम संस्था से संध्या सिंह रजत मौर्य अनिल वर्मा सूरज गुप्ता विकास यादव अमन वर्मा अजय शर्मा आदि उपस्थित रहे ।

# संक्षिप्त समाचार

## छेड़खानी के आरोपी को चार वर्ष का कारावास

महाराजगंज। थाना पनियरा क्षेत्र के एक गांव में वर्ष 2015 में नाबालिक बालिका के साथ छेड़छाड़ करने के आरोपी शैलेंद्र कुमार को चार वर्ष के कारावास की सजा मिली है। छेड़खानी के बाद मारपीट करने के आरोपी शैलेश व पप्पू को एक वर्ष के साधारण कारावास की सजा मिली है। अपर सत्र, विशेष न्यायाधीश पॉक्सो कोर्ट विनय कुमार सिंह ( द्वितीय ) ने यह सजा सुनाई है। विशेष लोक अभियोजक विनोद सिंह ने बताया कि पीड़ित ने 17 अप्रैल 2015 को थाने में तहरीर दिया की बहन घर पर अकेली थी। मौका पाकर मेरे ही पड़ोस के रहने वाले शैलेंद्र कुमार घर में घुसकर में छेड़छाड़ करने लगा। विरोध करने पर उसे मारने पीटने। बाद में पप्पू एवं शैलेश ने भी मारा पीटा। मामले में केस दर्ज होने के बाद न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया गया। न्यायालय द्वारा पत्रावली उपलब्ध साक्ष्य के आधार पर सजा सुनाई गई।

## लोक अदालत में समझौते से निपटेंगे मुकदमे

मैनपुरी। दीवानी परिसर में 9 दिसंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत लगेगी। लोक अदालत में लंबित मामले दोनों पक्षों की आपसी सहमति से निपटाए जाएंगे। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की प्रभारी सचिव /सिविल जज नम्रता सिंह ने लंबित चल रहे मुकदमे सूचीबद्ध करने के लिए विभागाध्यक्षों को पत्र भेजा है। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर राष्ट्रीय लोक अदालत में लंबित चल रहे मामलों को दोनों पक्षों के बीच आपसी समझौते के आधार पर निपटाया जाएगा। लोक अदालत में ऐसे सभी मामलों को निपटाया जाएगा। जिनको समझौते के आधार पर निस्तारित किया जा सकता है। राष्ट्रीय लोक अदालत में मुकदमे सूचीबद्ध करने के लिए प्राधिकरण सचिव ने विभागाध्यक्षों सहित न्यायिक अधिकारियों को पत्र भेजा है। पत्र में कहा है कि ऐसे सभी लंबित मामले सूचीबद्ध करके जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में भेज दिए जाएं। जिनका दोनों पक्षों के बीच आपसी समझौते के आधार पर निस्तारण किया जा सकता है। पत्र में सूची समय से भेजने को कहा है ताकि दोनों पक्षों को समय से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से नोटिस भेजे जा सकें।

## भूमि संबंधी विवादों को लंबित न रखें

मैनपुरी। तहसील घिरोर में शनिवार को डीएम अविनाश कृष्ण सिंह ने संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायतें सुनीं। अधिकारियों से कहा कि भूमि विवाद से संबंधित शिकायतों को किसी भी दशा में लंबित न रखा जाए। तत्काल पुलिस, राजस्व की टीम गठित कर मौके पर भेज कर समस्या का निदान कराया जाए। भूमि की पैमाइश करते समय, अवैध कब्जे हटाते समय जीपीएस से फोटो लिए जाएं। डीएम से 56 लोगों ने शिकायतें कीं। नौ शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। लखई निवासी जयवीर सिंह ने विद्युत बिल को संशोधित कराने, मानिकपुर निवासी ओम प्रकाश यादव, राधेश्याम यादव ने दाखिल खारिज कराने, ढकरई निवासी रामसिंह ने परिवार रजिस्टर में गलत नाम को सही कराने, खेरिया निवासी ऋषिपाल ने जमीन से कब्जे को हटवाने, नगला भजन निवासी रामवीर सिंह ने ग्राम पंचायत समाज से अपात्र को आवास योजना में लाभान्वित कराने, जोगराजपुर निवासी रामकिशन ने चकरोड से कब्जा हटवाने की मांग की। एसपी विनोद कुमार ने पुलिस से संबंधित शिकायतों को सुना। उप जिलाधिकारी घिरोर राजकुमार, डिप्टी कलेक्टर राम नारायण, सैयद सानिया सोनम एजाज, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. आरसी गुप्ता, जिला विकास अधिकारी अजय कुमार, क्षेत्राधिकारी विजयपाल, कार्यक्रम अधिकारी सुप्रिया गुप्ता, कृषि अधिकारी डॉ. सूर्य प्रताप, पूर्ति अधिकारी क्यामुद्दीन अंसारी मौजूद रहे।

## मच्छरों से बचाव के साथ सफाई पर दें विशेष ध्यान

मैनपुरी। विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के अंतर्गत शनिवार को सीएमओ डॉ. आरसी गुप्ता के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग की टीम गांव कुरारी पहुंची। यहां ग्रामीणों को संचारी रोगों से बचाव की जानकारी दी तो वहीं पूर्व माध्यमिक स्कूल में पहुंचकर बच्चों को भी बीमारियों से बचाव की जानकारी दी। बच्चों को बताया गया कि वे मच्छरों से बचाव के साथ अपने आसपास की सफाई पर विशेष ध्यान दें। प्रभारी जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी रविंद्र सिंह गौर ने बताया कि यह माह संचारी रोगों की रोकथाम के लिए विशेष अभियान के तौर पर चलाया जा रहा है। इसमें आप सबके माध्यम से आप अपने गांव में अपने घरों के आसपास साफ सफाई रखें। पानी को जमा ना होने दें। डीएमसी यूनिसेफ संजीव पांडेय ने बताया की सभी अपने घर पर अपने माता-पिता को बताएं कि सभी बच्चों का टीकाकरण जरूर कराएं। गर्भवती माता का टीकाकरण गर्व के समय से और बच्चों का टीकाकरण जन्म से शुरू होकर पांच साल तक किया जाता है और बड़े बच्चों को 10 और 16 साल पर टीडी का टीका भी लगाया जाता है इससे काफी बचाव होता है। टीम ने गांव कुरारी में आम लोगों से मिलकर भी बुखार / संचारी रोगों से बचाव की जानकारी दी। इस अवसर पर राजपाल सिंह प्रधानाध्यापक, सुनील कुमार द्विवेदी, विपिन सिंह मौजूद रहे।

## रिमोट से मीटर कंट्रोल कर हो रही थी बिजली चोरी

मैनपुरी। स्टेशन रोड क्षेत्र में टीपी गार्डन वाली गली में शनिवार को डोर टू डोर चेकिंग की गई। एसडीओ मुन्नीलाल गुप्ता को अक्षय शुक्ला के परिसर पर लोड के अनुसार मीटर धीमा चलता हुआ मिला। उन्होंने मीटर को मौके पर सील कर दिया। मीटर सील करने के बाद एसडीओ मीटर को प्रयोगशाला ले गए। टेक्नीशियन नंदकिशोर द्वारा मीटर की जांच की गई। जांच में मीटर में सर्किट सेट रिमोट से मीटर कंट्रोल कर विद्युत चोरी पाई गई। उपभोक्ता के विरुद्ध कार्रवाई करके राजस्व निर्धारण जारी किया गया। एसडीओ ने बताया कि शहर में मीटर की जांच का अभियान चलाया जा रहा है। एसडीओ और अधिशासी अभियंता द्वारा चेकिंग की जा रही है। टेक्नीशियन ने बताया है कि मीटर को छेड़छाड़ कर रिमोट से कंट्रोल कर लोड पर मीटर को बंद करके सीधी आपूर्ति कर ली जाती है। लोड पर मीटर बंद होने के कारण मीटर कम खपत दर्शाता है।

## आपदा के समय बचाव के तरीकों के बारे में बताया

महाराजगंज। एनडीआरएफ की टीम ने राजकीय इंटर कॉलेज पनियरा के विद्यार्थियों को आपदा से बचाव का प्रशिक्षण दिया। रिजनल रिस्पांस सेंटर ( आरआरसी ) गोरखपुर के उप कमांडेंट संतोष कुमार के नेतृत्व में एनडीआरएफ के निरीक्षक गोपी गुप्ता एवं उनकी टीम ने आपदा के समय बचाव के तरीकों के बारे में बताया। एनडीआरएफ की टीम ने भूकंप से बचाव, आगजनी की घटना होने पर बचाव, बाढ़ से बचाव, स्ट्रेचर बनाना घायलों को प्राथमिक उपचार करना आदि के बारे में बताया। टीम कमांडर निरीक्षक गोपी गुप्ता, उप निरीक्षक जयप्रकाश प्रसाद आदि मौजूद रहे।

## नहर में बहता हुआ हुआ अधेड़ का शव दिखा

महाराजगंज। सिंदुरिया थाना क्षेत्र के ग्राम सभा सिंदुरिया स्थित देवरिया शाखा की नारायणी नहर में मंगलवार को एक अधेड़ पुरुष का नहर में बहता शव दिखा। उसके पैर में लाल रंग का कपड़ा बंधा था। उसका रंग गेहुंआ है। उसका सिर नीचे की तरफ पानी में धंसा था। ऐसा लग रहा था कि उसकी हत्या की गई है। शव मिठौरा की तरफ से बहता जा रहा था। हरिहरपुर फाटक के पास कुछ देर तक शव फंसा रहा। फाटक उपर उठाने पर शव आगे की तरफ बढ़ गया। थाना प्रभारी सिंदुरिया मनीषा सिंह का कहना है कि नहर में बहता शव दिखा, जो आगे की तरफ बढ़ गया।

## धूप, बारिश व नमी से मौसमी बीमारियों का प्रभाव बढ़ा

महराजगंज। धूप, बारिश व नमी से मौसमी बीमारियों का प्रभाव बढ़ने लगा है। सर्दी, जुकाम, खांसी, बुखार के साथ डेंगू के मरीजों की संख्या भी बढ़ रही है। अक्तूबर के सात दिनों में डेंगू के चार मरीज मिल चुके हैं। जिले में डेंगू के मरीजों को संख्या अब तक 25 पहुंच चुकी है। सीएचसी से लेकर जिला अस्पताल प्रशासन डेंगू को लेकर सतर्क है। डेंगू मिलने वाले स्थानों पर दवाओं के छिड़काव के साथ सफाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। शनिवार को जिला अस्पताल में करीब आठ सौ मरीज ओपीडी में पहुंचे। जिनमें करीब दो सौ मरीज मौसमी बीमारी सर्दी, जुकाम, बुखार, खांसी के चपेट से परेशान रहे। चौक क्षेत्र से आए मंजीत ने बताया कि दस दिनों से खांसी की समस्या है। चिकित्सक को दिखाने आया हूं। सिसवा से आए परिखन ने बताया कि बुखार से पीड़ित हूं। पीएचसी पर दवा कराकर थक गया, ठीक नहीं हो रहा था। डॉक्टर से जांच कराने को कहा है। पैथालजी में पहुंचा तो वहां भीड़ के कारण नंबर ही नहीं आया। अब बाहर जाकर जांच कराना पड़ेगा।

मौसम में परिवर्तन से बच्चे भी मौसमी बीमारियों ( खांसी, जुकाम और वायरल बुखार ) की चपेट में आ रहे हैं। जिले में सरकारी, निजी चिकित्सालयों और क्लीनिकों में रोजाना बड़ी संख्या में मौसमी बीमारियों के मरीज आ रहे हैं। जिला अस्पताल के बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. रंजन मिश्रा ने बताया कि स्ट्रीट फूड खाने से परहेज करना चाहिए। प्रोटीन व फाइबर से भरपूर डाइट लेना चाहिए। ज्यादा तेल या वसायुक्त भोजन का सेवन करने से बचना चाहिए। मौसमी बीमारियों से बचने के लिए किचन में ही ऐसी कई चीजें होती हैं, जिनका सेवन करने से इम्यून सिस्टम मजबूत करें।

# औरंगाबाद 33 केवी सब स्टेशन बनाने के लिए नहीं मिल रही जगह

मथुरा। जनपद को निर्बाध आपूर्ति देने के लिए विद्युत निगम लगातार बड़े एवं छोटे सब स्टेशनों की क्षमता वृद्धि करने में जुटा है, लेकिन 132 औरंगाबाद सब स्टेशन के अंदर बने 3311 बिजली घर की क्षमता वृद्धि स्थान के अभाव में रुक गई है। इसके लिए संबंधित अधिशासी अभियंता ने अन्य किसी स्थान पर बिजली घर स्थापित करने का प्रस्ताव भी अधिकारियों के समक्ष पेश किया, लेकिन इसका अभी तक कोई जबाव नहीं मिला है। औरंगाबाद में बने 33 केवी विद्युत सब स्टेशन पर 10-10 एमवीए के दो ट्रांसफार्मर लगे हैं, जबकि यहां लोड अधिक है। इसलिए 10 एमवीए का एक और ट्रांसफार्मर लगाकर क्षमता वृद्धि होनी है। इसके लिए विद्युत वितरण खंड प्रथम के अधिशासी अभियंता सचिन शर्मा ने मुख्य अभियंता ( वितरण ) द्वितीय को बिजिनस प्लान योजना में शामिल करते हुए नवीन बिजली घर की स्थापना के लिए पत्र भेजा। इसे अस्वीकृत कर दिया, साथ ही आरडीएस योजना फेस-2 में शामिल किया जाना प्रस्तावित है, इसमें काफी समय लगना तय है। औरंगाबाद 33 केवी सब स्टेशन पर 400 एम्पीयर लोड का अधिभार है। गर्मियों में नबादा उपकेंद्र और साइड-बी उपकेंद्र से 200-200 एम्पीयर बिजली लेकर औरंगाबाद क्षेत्र के लोगों को आपूर्ति दी गई। आने वाले समय में सब स्टेशन पर 650 एम्पीयर का लोड होने की पूरी संभावना है। चूंकि क्षेत्र नगर निगम की परिधि में है, इसलिए क्षेत्रीय लोगों को 24 घंटे आपूर्ति देने को औरंगाबाद क्षेत्र में ही नए बिजली घर की अति आवश्यकता है। 2024 के ग्रीष्म काल तक यदि क्षमता वृद्धि नहीं हुई तो यहां लगे विद्युत उपकरण खराब होने की भी संभावना है।

एआरटीओ कार्यालय के पास बिजलीघर बनाने का प्रस्ताव खारिज

33 केवी औरंगाबाद सब स्टेशन की स्थापना के लिए निगम के अधिकारियों ने एआरटीओ ऑफिस के पास पड़ी सरकारी जमीन को देखा। सब स्टेशन निर्माण के लिए जमीन पर्याप्त थी, लेकिन जब जिला स्तरीय अधिकारियों के समक्ष उक्त जमीन पर नवीन बिजलीघर बनाने का प्रस्ताव रखा तो उन्होंने उसे खारिज कर दिया।

ट्रांसमिशन विभाग को भी आ रही परेशानी

औरंगाबाद 33 केवी सब स्टेशन के कारण 132 सब स्टेशन की क्षमता वृद्धि में भी परेशानी आ रही है।

# कोई तो बता दो...राधाकृष्ण का पता

राया( मथुरा )। राधाकृष्ण की भक्ति में लीन आठवीं की छात्रा प्रभु की खोज में गाजियाबाद से राया पहुंच गई। यहां थाने के पास स्थित टेंपो स्टैंड पर लोगों से प्रभु के मंदिरों का पता पूछ रही थी। यह देखकर वहां से गुजर रहे एसएसआई काफी मशक्त के बाद उसका पता पूछा। माता पिता के पहुंचने पर राधाकृष्ण के मिलाने के वादे पर वह घर जाने को तैयार हुई। दीपक कुमार निवासी गाजियाबाद वहां प्राइवेट नौकरी करते हैं। उनकी बेटी निधि ( 13 ) कक्षा 8 में पढ़ती है। शनिवार को वह बस से राया कट पर पहुंची। यहां से राया पहुंच गई। दोपहर के समय राया-मथुरा रोड पर टेंपो स्टैंड के पास लोगों से प्रभु के मंदिरों का पता पूछ रही थी। इसी बीच थाना राया में तैनात एसएसआई शिवकुमार शर्मा की नजर उस पड़ी। उनके पूछने पर वह सकपका गई। बार-बार एक ही बात कह रही थी, मुझे राधारानी और श्रीकृष्ण से मिलना है। एसएसआई किशोरी को थाने ले आए। पूछताछ में किशोरी का आध्यात्मिक ज्ञान देख पुलिसकर्मी भी हैरत में पड़ गए। घटना के संबंध में निधि के माता पिता को अवगत कराया तो वह थाना राया पहुंच गए। इसके बाद भी वह साथ जाने को भी तैयार नहीं हुई।

# कुसमरा सौंरिख मार्ग पर प्राइवेट बसों का संचालन बंद

मैनपुरी। कुसमरा सौंरिख मार्ग चलने वाली प्राइवेट बसों का संचालन बस संचालकों ने बंद कर दिया है। बसों का संचालन बंद होने से इस मार्ग पर आने जाने वालों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। डग्गामार वाहनों के संचालक आने जाने वालों से मनमाना किराया वसूल करते हैं। क्षेत्रीय लोगों ने मार्ग पर रोडवेज बस सेवा चालू कराने की मांग की है। कुसमरा से सौंरिख की दूरी 24 किलोमीटर है। कन्नौज बार्डर पर बसे गांवों को मैनपुरी मुख्यालय तक जाने के लिए प्राइवेट बसों का ही सहारा था। इस मार्ग पर 13-14 प्राइवेट बसों का संचालन होता था। अब इस मार्ग पर प्राइवेट बसों का संचालन बंद हो गया है। इस मार्ग पर आने जाने के लिए डग्गामार वाहनों की संख्या बहुत ज्यादा है। डग्गामार वाहन संचालक यात्रियों से मनमाना किराया वसूल करते हैं। इसे लेकर यात्रियों का आए दिन डग्गामार वाहनों के चालकों से विवाद होता है। लोगों का कहना है कि मैनपुरी से कन्नौज जाने के लिए यह मार्ग सुगम है। इस मार्ग से कन्नौज की दूरी भी कम है। कन्नौज तक जाने में समय भी कम लगता है। मैनपुरी से कुसमरा, कुसमरा से सौंरिख, सौंरिख से कन्नौज तक समय से चलने वाली प्राइवेट बसों के आने जाने में परेशानी नहीं होती थी। मार्ग पर रोडवेज बस सुविधा नहीं है। प्राइवेट बसों का संचालन बंद होने से आवागमन में परेशानी हो रही है। क्षेत्रवासी डॉ. उदयभान वर्मा, रमेश चंद्र दुबे, अनूप सिसौदिया, राजवीर यादव, प्रमोद शाक्य, बंटू यादव, अवधेश मिश्रा, शिवाजी चतुर्वेदी, अजब सिंह ने कुसमरा सौंरिख मार्ग पर रोडवेज बस चलवाने की मांग की है। कुसमरा से अब कन्नौज मार्ग पर आने जाने में परेशानी हो रही है। रोडवेज बस सुविधा है नहीं।

प्राइवेट बसों का संचालन बंद हो चुका है। डग्गामार वाहनों का ही सहारा है। वाहन संचालक भी मनमाना किराया वसूलते हैं।

# दो शातिर अभियुक्त गिरफ्तार, 50 हजार रुपये सहित सामान बरामद

मऊ। पुलिस प्रशासन की तरफ से चलाए जा रहे चेकिंग अभियान में हलधरपुर पुलिस ने दो शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। उनके पास से रतनपुरा बाजार स्थित एक मिठाई की दुकान के काउंटर से चोरी हुए 50 हजार रुपया सहित चोरी में प्रयुक्त सामानों को बरामद किया। गत शुक्रवार को रतनपुरा कस्बा में चोरों ने एक मिठाई की दुकान के काउंटर से 50 हजार रुपया सहित अन्य सामानों को उड़ा दिया था।पुलिस प्रशासन के निर्देश पर हलधरपुर पुलिस ने चेकिंग अभियान के तहत शनिवार को रतनपुर कस्बा से राकेश साहनी पुत्र सुरेमन, मोनू साहनी पुत्र सुरेन्द्र साहनी निवासी शांतिकुंज गायघाट को गिरफ्तार कर लिया। उनके कब्जे से रतनपुरा कस्बे में एक मिठाई के दुकान के काउंटर से चोरी हुए 50 हजार रूपया तथा चोरी में प्रयुक्त लोहे का राड सहित अन्य सामान बरामद किया। पूर्व में पंजीकृत मुकदमा की धाराओं में बढोत्तरी कर अभियुक्तों का चालान कर दिया।

# स्काउट गाइड छात्रों को अच्छा नागरिक बनने की सीख देता हैं

महराजगंज। परमेश्वर सिंह मेमोरियल पीजी कॉलेज में भारत स्काउट गाइड के तत्वाधान में तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का समापन शनिवार को हुआ। इसमें छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ अन्य कार्यक्रम प्रस्तुत किए। समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारत स्काउट गाइड जिला कमिश्नर डॉ. ज्योति सिंह रहीं। समापन के दौरान डॉ. ज्योति सिंह ने कहा कि यह प्रशिक्षण छात्रों की जीवन शैली के निर्माण के लिए प्रशिक्षित किया जाता है। प्रशिक्षित युवा जिम्मेदार नागरिक बनकर समाज के लिए कार्य करता है। स्काउट गाइड एक वैश्विक संस्था है, यह जाति धर्म से ऊपर उठकर अच्छा इंसान बनने की सीख देती है। स्काउट गाइड का मुख्य उद्देश्य सेवा भाव है। छात्रों को प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए तैयार किया जाता है। प्राचार्य डॉ. अशोक भारतीय ने कहा कि रोवर्स रेंजर शिविर देश व समाजसेवा की भावना का विकास करता हैं। रेंजर्स राष्ट्रहित एवं सहायता की भावना से हर समय तैयार रहते हैं।

# नौकरी के नाम पर लिया पैसा, मांगने पर जाने से मारने की धमकी

गाजीपुर। सरायलखंसी थाना क्षेत्र के बढ़ुआ गोदाम निवासी एक व्यक्ति ने शुक्रवार की देर शाम पुलिस को तहरीर देकर कांग्रेस नेता और पूर्व विधानसभा प्रत्याशी और उसके तीन पुत्रों समेत पांच के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कराया।

दमड़ी गुप्ता पुत्र स्व. बालकिशन गुप्ता सरायलखंसी थाना क्षेत्र के बढ़ुआगोदाम गांव का निवासी है। दमड़ी ने पुलिस को दिए गए शिकायती प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया कि रानीपुर थाना क्षेत्र के फत्तेहपुर गांव निवासी और कांग्रेस नेता और मोहम्मदाबाद गोहना विधानसभा सीट से पूर्व प्रत्याशी सुरेश पासी से मेरे अच्छे संबंध थे। उनका अक्सर हमारे घर पर आना जाना था। उसने कहा कि मेरा रेलवे में जुगाड़ है। तुम्हारी दोनों लड़कियों का रेलवे ग्रुप डी में भर्ती करा दूंगा। दोनों लडकियों का चार लाख लगेगा। मैंने उनका विश्वास करके 2013 में चार लाख रुपये नगद दे दिए। कुछ साल बीतने के बाद भी जब नौकरी नहीं लगी तो मैं उनसे पैसे मांगने लगा। इस पर वह टालमटोल करने लगे। कुछ दिन पहले उनके घर गया और उनके परिवार से सारी बात बताई।

इसके बाद वह बीते 30 सितंबर को अपने तीन बेटों और कुछ साथियों के साथ मेरे घर आए और घर में घुसकर परिवार के सभी सदस्यों को गंदी गालियां देने लगे। जब मेरी दोनों बेटियों ने इसका विरोध किया तो उनके लड़कों ने मेरी बेटियों के साथ अश्लील हरकत की। उनके कपड़े फाड़ दिए जब मैंने उन्हें रोकने लगा तो सुरेश पासी ने अपनी बंदूक निकालकर मेरी कनपटी पर सटा दिया। इसके बाद हम सभी डर गए। वह लोग जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। थाना प्रभारी सरायलखंसी ने बताया कि दमड़ी गुप्ता की तहरीर पर सुरेश पासी, बबलू पासी, बाल योगेश्वर पासी, भोलू पासी और एक अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है। दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कि जाएगी।

# कागजों में रिकवरी कर रहा वन विभाग, नहीं रुक रही कटान

महराजगंज। सोहगीबरवां वन्यजीव प्रभाग के विभिन्न रेंजों में सामने आ रहे कटान के मामले को रोकने में वनकर्मी विफल हैं। इससे जहां विभाग की सक्रियता पर सवाल उठ रहा है, वहीं वन कर्मियों से रिकवरी का आदेश भी जारी हो रहा है। दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि वनकर्मी न तो रिकवरी की धनराशि जमा कर रहे हैं, और न ही कटान को रोकने के प्रति सक्रियता दिखा रहे हैं। सोहगीबरवां वन्यजीव प्रभाग में स्थित सात रेंज में पकड़ी, उत्तरी चौक, दक्षिणी चौक, मधवलिया, निचलौल, लक्ष्मीपुर व शिवपुर रेंज हैं। पहले रेंजों में वन क्षेत्राधिकारी की कमी की वजह से कटान व अन्य घटनाओं पर अंकुश लगाने में समस्या आ रही थी, अब जबकि सभी जगहों पर वन क्षेत्राधिकारी तैनात हो गए हैं तो भी पेड़ के कटने की घटनाओं पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। बीते 27 अगस्त से लेकर पांच अक्तूबर के बीच में पकड़ी रेंज में दो व निचलौल रेंज में एक मामला हो चुका है। इनमें वन विभाग की ओर से वन कर्मियों को जिम्मेदार मानते हुए उनसे धनराशि की वसूली के निर्देश दिए गए थे

# सेंध लगाकर सर्राफा के दुकान में नकदी सहित लाखों की चोरी

गाजीपुर। दोहरीघाट थाना क्षेत्र के नई बाजार के अंबेडकर चौक में शुक्रवार की देर रात अज्ञात चारों ने सर्राफा की दुकान में सेंध काटकर 60 हजार रुपये नकदी सहित सोने के आभूषण लेकर फरार हो गए। चोरी की जानकारी सर्राफा कारोबारी को शनिवार की सुबह हुई दस बजे जब वह दुकान खोलने गया। पीड़ित का कारोबारी की सूचना पर घोसी क्षेत्राधिकारी और थाना प्रभारी भी पहुंचे। आसपास के लोगों से पूछताछ कर जानकारी में जुटे रहे। पीड़ित दुकानदार ने पुलिस को अज्ञात के खिलाफ तहरीर देकर सामान बरामदगी और गिरफ्तारी की मांग की। गोरखपुर जनपद के बड़हलगंज निवासी भोला वर्मा की दोहरीघाट थाना के नई बाजार में सोने के आभूषण की दुकान है। रोज की भाति सर्राफा कारोबारी शुक्रवार की देर रात को अपनी दुकान बंद कर बड़हलगंज चला गया। रात्रि को चोरों ने दुकान के पिछले हिस्से से सेंधमारी की दुकान में रखे 60 हजार रुपये नकदी और करीब सात लाख रुपये के सोने के आभूषण पर हाथ साफ कर दिया। शनिवार को सर्राफा कारोबारी जब दुकान का शटर खोला तो सभी सामान बिखरा पड़ा था। तिजोरी में रखें आभूषण, पैसा भी गायब था। सूचना पाते मौके पर क्षेत्राधिकारी शीतला प्रसाद पांडेय, थानाध्यक्ष कल्पना मिश्रा पुलिस बल के साथ पहुंचकर छानबीन में जुटी रही। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस द्वारा सभी बिंदुओं पर जांच हो रही है, जल्द ही चोर पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

दुकान पर नहीं लगा था सीसीटीवी कैमरा

कुसुम्हा। थाना क्षेत्र के नई बाजार में जिस स्थान पर चोरों ने पुलिस को चुनौती देते हुए सेंधमारी कर चोरी की घटना को अंजाम दिया, उस दुकान पर सीसीटीवी कैमरा नहीं लगा था। दुकान के पिछले हिस्से जहां खेत था उसी के रास्ते से कटर द्वारा दीवार को काटकर चोरी कर आसानी से चले गए।

# अधिवक्ताओं की मेहनत कभी व्यर्थ नहीं जाएगी- न्यायमूर्ति ज्योत्सना

मऊ। सिविल कोर्ट सेंट्रल बार एसोसिएशन के पुस्तकालय भवन में शनिवार को कार्यक्रम का आयोजन कर इलाहाबाद उच्च न्यायालय कि न्यायमूर्ति ज्योत्सना शर्मा और पूर्व अपर जिला जज उमाशंकर शर्मा का अधिवक्ताओं ने स्वागत किया। इस दौरान बार एसोसिएशन के अध्यक्ष शमसुल हसन, जिला जज रामेश्वर, एडीजे अशोक कुमार, सीजेएम अनिल कुमार और डा. पीएल गुप्ता, महामंत्री हरिद्वार राय ने उन्हें स्मृति चिन्ह और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। न्यायमूर्ति ज्योत्सना शर्मा ने कहा कि 20 वर्ष पूर्व जनपद में मेरी नियुक्ति हुई थी। सिविल जज के रूप में यहां बहुत कुछ सीखा। अधिवक्ता मेहनत कर अपनी बातें कोर्ट के समक्ष रखता है और विधि व्यवस्था देकर अपने तर्क को साबित करता है तो निर्णय अच्छा आता है। यहां जो प्रेम सम्मान यहां मिला उसका शब्दों में बखान करने से उसकी महत्ता कम हो जाएगी। कई जनपदों में नियुक्ति रही और उच्च न्यायालय में न्यायमूर्ति के रूप में कार्यरत हूं। यहां की स्मृतियां,आपका प्यार, स्नेह जो मेरे प्रति है,उसे संजोकर रखी हूं। उन्होंने युवा अधिवक्ताओं को कानून की पुस्तक पढ़ने की सलाह दी। कहा कि युवा अधिवक्ता प्रत्येक दिन एक - दो घंटा पढ़ाई करें। अंत में उन्होंने सभी अधिवक्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। पूर्व अपर जिला जज उमाशंकर शर्मा ने कहा कि सेवा कर्तव्य से ऊपर होता है, जो हमेशा याद रखा जाता है। जो अधिकारी वादकारी की पीड़ा को समझ लेगा, न्यायालय में बैठकर न्याय कर सकेगा। दोषी को दंड देना न्यायिक अधिकारी का कर्तव्य, वही निर्दोष को न्याय देना भी न्यायाधीश का कर्तव्य है। उन्होंने न्यायिक अधिकारियों से युवा अधिवक्ताओं को प्रोत्साहित करने की सलाह दी। जिला जज रामेश्वर ने न्यायमूर्ति का जनपद में आगमन पर आभार व्यक्त किया। इस दौरान एडीजे अशोक कुमार, सीजेएम अनिल कुमार, एसीजेएम कुमार मित्रेश सिंह कुशवाहा, लालजी पांडेय, राजेश राय,उपमन्यू राय आदि ने अपना विचार व्यक्त किया। इस दौरान गायक बृजेश पांडेय ने स्वागत गीत पेश कर लोगों का मनमोह लिया। कार्यक्रम में पूर्व महामंत्री सूर्यनाथ यादव, श्रीप्रकाश यादव, दारोगा सिंह, विनोद कुमार सिंह, जेएन द्विवेदी, राजेंद्र राय, हरिनंदन चौहान, उदय प्रताप राय, इश्तेयाक अहमद, सदानंद राय, फतेहबहादुर सिंह सहित काफी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे। संचालन महामंत्री हरिद्वार राय ने किया।

# आधी आबादी को पूरा हक दिलाने के लिए पार्टी संकल्पित

मऊ। भाजपा के जिला कार्यकारिणी की बैठक शनिवार को एसआर प्लाजा भुजौटी में आयोजित की गई। मुख्य अतिथि प्रदेश कार्यसमिति सदस्य तथा जिला प्रभारी देवेंद्र सिंह ने कहा कि पार्टी अनुसूचित वर्ग और महिलाओं को पूरा अधिकार दिलवाने के लिए दृढ़ संकल्पित है। हर बूथ से महिला कार्यकर्ता निकले सरकार की जनहित योजनाओं से लोगों को अवगत कराए। कहा कि पार्टी ने वोट बैंक की राजनीति को दरकिनार करते हुए लोक कल्याण की राजनीति की है। भाजपा अब बूथ से लेकर जिले तक सक्रिय कार्यकर्ताओं को पार्टी के विभिन्न कार्यक्रमों में तत्पर देखना चाहती है। कहा कि महिला नेत्रियों को टोली बनाकर भाजपा के कार्यकर्ता लोगों के घर जाकर संपर्क कर केंद्र सरकार द्वारा चलाई गई योजनाओं से उन्हें परिचित कराएंगे। जिलाध्यक्ष नूपुर अग्रवाल ने कहा कि अभी पिछले दिनों भाजपा शीर्ष नेतृत्व के निर्देशानुसार कार्यकर्ताओं ने सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों को आम जनमानस के बीच सफलता पूर्वक चलाया। पुनः नेतृत्व के निर्देशानुसार आगे के कार्यक्रमों को भाजपा के कार्यकर्ता आगे बढ़ाएंगे। अनुसूचित मोर्चा के क्षेत्रीय महामंत्री इंद्रदेव प्रसाद ने कहा कि 29 अक्टूबर को गोरखपुर क्षेत्र में एक विशाल अनुसूचित सम्मेलन होगा। प्रांतीय परिषद सदस्य छोटू प्रसाद तथा प्रीतुलता पांडेय ने भी संबोधित किया।

# गैंगस्टर के मामले में माफिया मुख्तार अंसारी का बयान दर्ज, बहस 11 अक्तूबर को

गाजीपुर। जिले की एमपी-एमएलए कोर्ट में शनिवार को मुख्तार अंसारी के गैंगस्टर मामले में आरोपी माफिया मुख्तार अंसारी का बयान दर्ज हुआ। बहस के लिए 11 अक्तूबर की तिथि नियत की गई है। अपर सत्र न्यायाधीश एमपी/एमएलए कोर्ट अरविंद कुमार मिश्र की अदालत में शनिवार को मुख्तार अंसारी के गैंगस्टर मामले में आरोपी माफिया मुख्तार अंसारी का बयान दर्ज हुआ। बहस के लिए 11 अक्तूबर की तिथि नियत की गई है। इस दौरान वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से मुख्तार अंसारी बांदा जेल से पेश हुआ था। वर्ष 2009 में गाजीपुर जिले के करंडा थाना क्षेत्र के सबुआ निवासी कपिलदेव सिंह की हत्या और मुहम्मदाबाद के अमीर हसन की हत्या के प्रयास के मामले को आधार बनाकर मुख्तार अंसारी के विरुद्ध गैंगस्टर के तहत करंडा थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया था। मुख्तार के अधिवक्ता लियाकत अली ने बहस पूरी कर ली। सुनवाई पूरी होने के बाद कोर्ट ने फैसले के लिए 22 अगस्त की तिथि तय कर दी थी, लेकिन सहायक शासकीय अधिवक्ता नीरज श्रीवास्तव ने न्यायालय में प्रार्थना-पत्र दिया कि कुछ साक्षी सबूत उन्हें पेश करना है। इसके लिए उन्हें अवसर दिया जाए और इस आधार पर उनके प्रार्थना- पत्र को स्वीकार करते हुए न्यायालय ने भी मौका दिया। तब से इस मामले की सुनवाई चल रही है।

राम सिंह मौर्या की हत्या और गैंगेस्टर एक्ट मामले में मुख्तार अंसारी की पेशी विशेष न्यायाधीश एमपी/एमएलए दिनेश कुमार चौरसिया ( मऊ ) की अदालत में शनिवार को बांदा जेल में बंद मुख्तार अंसारी की पेशी वीडियो कांफ्रेंसिंग से हुई। रामसिंह मौर्या और सिपाही सतीश की हत्या और गैंगेस्टर एक्ट मामले में सुनवाई हुई। हत्या के मामले में वादी मुकदमा अशोक सिंह की अर्जी पर उच्च न्यायालय ने कार्यवाही पर रोक लगा दी है। कोर्ट ने दोनों मामलों में सुनवाई के लिए 4 नवंबर की तिथि नियत की। इसमें एक मामला दक्षिणटोला थाना क्षेत्र का और दूसरा मामला सरायलखंसी थाना क्षेत्र का है। पहला मामला थाना दक्षिणटोला क्षेत्र का है। अभियोजन के अनुसार, वादी मुकदमा अशोक कुमार सिंह की तहरीर पर पांच नामजद और कुछ अज्ञात हत्यारोपियो के विरुद्ध दक्षिण टोला थाने में रिपोर्ट दर्ज हुई थी। इसमें मुख्तार अंसारी सहित पांच लोगों को नामजद किया गया था। आरोप है कि 19 मार्च 2010 को अजय प्रकाश सिंह उर्फ मुन्ना सिंह की हत्या के मामले के गवाह राम सिंह मौर्य और उनकी सुरक्षा में लगा सिपाही सतीश की तत्कालीन एआरटीओ कार्यालय के पास गोली मारकर हत्या कर दी गई। मामले में दोनों पक्षों की गवाही पूर्ण हो चुकी है। पत्रावली में बहस होना है लेकिन मुख्तार अंसारी की ओर से प्रार्थना पत्र देकर आरक्षी राजेंद्र यादव, संतोष सिंह व राजेंद्र प्रसाद को सफाई साक्ष्य के लिए तलब किए जाने की मांग की गई हैं। मामले में वादी मुकदमा की अर्जी पर उच्च न्यायालय ने कार्यवाही पर रोक लगा दिया है।

जिस पर विशेष न्यायाधीश ने सुनवाई के लिए 4 नवंबर की तिथि नियत की। दूसरा मामला सरायलखंसी थाना क्षेत्र का है। विधायक निधि के मामले मे दर्ज एफआईआर को आधार बनाकर गैंगस्टर एक्ट के तहत मुख्तार अंसारी व अन्य के विरुद्ध एफआईआर दर्ज हुआ था। मामला एमपी/एमएलए कोर्ट में विचाराधीन चल रहा है। विशेष न्यायाधीश में मामले में सुनवाई के लिए चार नवंबर की तिथि नियत की।

# भारतीय रेलवे- त्योहारों में घर आने के लिए ना हों परेशान, इन रूटों चल रहीं पूजा स्पेशल ट्रेनें

गाजीपुर। त्योहारों में भारतीय रेलवे स्टेशनों और ट्रेनों में यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए हर बार स्पेशल ट्रेनें चलाता है। इस बार भी दशहरा, छठ और दिवाली को देखते हुए स्पेशल ट्रेनें चलेंगी। इससे वाराणसी समेत पूर्वांचल के लोगों को राहत मिलेगी। त्योहारी सीजन दशहरा, दिवाली व छठ पूजा पर यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे ने स्पेशल ट्रेनें चलानी शुरू कर दी हैं। नई दिल्ली, मुरादाबाद, मुंबई, अहमदाबाद, पटना, जम्मू जैसे शहरों के बीच ट्रेनों का संचालन होगा। स्पेशल ट्रेनों के संचालन से इन रूट के यात्रियों को काफी राहत मिलेगी। वाराणसी समेत पूर्वांचल के लोगों को फायदा होगा। कई और ट्रेनें अक्तूबर, नवंबर और दिसंबर में चलेंगी। पूर्वोत्तर रेलवे वाराणसी मंडल के जनसंपर्क अधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि त्योहारी सीजन को देखते हुए लंबी दूरी की ट्रेनें स्पेशल के तौर पर चलाई जा रही हैं। छह नवंबर से एक दिसंबर तक वाराणसी-नई दिल्ली रूट पर 04080/04079 स्पेशल ट्रेन का संचालन शुरू होगा।

ट्रेन संख्या 04049 नई दिल्ली-वाराणसी स्पेशल ट्रेन सप्ताह के प्रत्येक सोमवार, गुरुवार और शनिवार को नई दिल्ली से शाम 7.20 बजे खुलेगी और अगले दिन सुबह 9:45 बजे वाराणसी कैंट पहुंचेगी। जबकि 04079 वाराणसी-नई दिल्ली स्पेशल ट्रेन प्रत्येक मंगलवार, शुक्रवार और रविवार को कैंट से शाम 6.35 बजे छूटेगी और अगले दिन सुबह 9 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी। यह ट्रेन गाजियाबाद, मुरादाबाद, लखनऊ व प्रतापगढ़ स्टेशनों पर दोनों दिशाओं में रुकेगी।

ये भी पढ़ें-काशी सांसद खेल प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगी 103 साल की कलावती, लगाएंगी इतने मीटर की दौड़

22 अक्तूबर से वैष्णो देवी के लिए स्पेशल ट्रेन

22 अक्तूबर से 28 नवंबर तक वाराणसी-कटड़ा के बीच 01654/01653 मां वैष्णो देवी कटड़ा - वाराणसी स्पेशल ट्रेन चलेगी। ट्रेन 01654 श्रीमाता वैष्णो देवी कटड़ा-वाराणसी स्पेशल ट्रेन प्रत्येक रविवार को कटड़ा से रात 11.20 बजे खुलेगी और अगले दिन रात 11:55 बजे वाराणसी कैंट पहुंचेगी।

जबकि कैंट स्टेशन से यह ट्रेन संख्या 01653 वाराणसी-श्रीमाता वैष्णो देवी स्पेशल प्रत्येक मंगलवार को सुबह 06.20 बजे खुलेगी और अगले दिन सुबह 11.20 बजे श्रीमाता वैष्णो देवी कटड़ा पहुंचेगी। यह ट्रेन उधमपुर( शहीद कैप्टन तुषार महाजन ), जम्मूतवी, पठानकोट कैंट, जलंधर कैंट, लुधियाना, अंबाला कैंट, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ व सुल्तानपुर स्टेशनों पर दोनों दिशाओं में रुकेगी।

हफ्ते में एक दिन चलेगी मुंबई सेंट्रल

29 नवंबर से एक दिसंबर तक मुंबई-वाराणसी के बीच सप्ताहिक स्पेशल ट्रेन का संचालन होगा। 09183 मुंबई सेंट्रल-बनारस साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन 29 नवंबर को मुंबई सेंट्रल से बुधवार की रात साढ़े दस बजे खुलेगी और 09184 बनारस-मुम्बई सेंट्रल साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन बनारस स्टेशन से हर शुक्रवार को रवाना होगी।

पटना-अहमदाबाद हफ्ते में एक दिन

अहमदाबाद से पटना के बीच 27 नवंबर से अहमदाबाद-पटना साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन का संचालन होगा। 09417 अहमदाबाद-पटना साप्ताहिक ट्रेन और 09418 पटना-अहमदाबाद साप्ताहिक ट्रेन दोनों दिशाओं में कैंट स्टेशन से होकर गुजरेगी। यह ट्रेन छायापुरी, रतलाम, कोटा, मथुरा, कासगंज, कानपुर, लखनऊ और जौनपुर, वाराणसी होते हुए पटना जाएगी।

ओखा से बनारस होकर नाहरलगुन जाएगी स्पेशल ट्रेन

28 नवंबर से लेकर दो दिसंबर के बीच ओखा-नाहरलगुन साप्ताहिक ट्रेन का संचालन हो रहा है। 09525/09526 ओखा-नाहरलगुन साप्ताहिक ट्रेन का संचालन सात फेरों के लिए बढ़ाया गया है। यह ट्रेन ओखा, द्वारिका, राजकोट, अहमदाबाद, गोधरा, उज्जैन, ग्वालियर, इटावा, प्रयागराज, बनारस, कैंट स्टेशन होते हुए बलिया, छपरा, हाजीपुर, कटिहार, न्यू जलपाईगुड़ी, रंगिया होकर नाहरलगुन अप-डाउन करेगी। 29 नवंबर से लेकर दो दिसंबर तक 07651/07651 जलना-छपरा साप्ताहिक ट्रेन का संचालन होगा।

# रोडवेज से वापस नहीं हुए 1610 रुपये, महिला ने कोर्ट से भिजवाया नोटिस

मऊ। सरकार की तरफ से रक्षाबंधन पर्व पर महिलाओं के लिए दो दिनों तक रोडवेज बसों में किराया फ्री होने के बाद भी परिवहन निगम की लापरवाही का मामला उजागर हुआ है। एक महिला का रक्षाबंधन के समय 1610 रुपये का जनरथ का दो टिकट काटने के आरोप में महिला ने कोर्ट से नोटिस भेजकर 25 हजार रुपये हर्जाना मांगा है। महिला का आरोप है कि 30 अगस्त को मऊ से लखनऊ के लिए जनरथ बस का 1610 रुपये का दो ऑनलाइन टिकट बुक कराया। बाद में मऊ एआरएम से शिकायत करने पर धन वापसी का आश्वासन मिला। एक माह बाद भी टिकट का पैसा नहीं मिलने पर कोर्ट से नोटिस भिजवाया है। रक्षाबंधन पर बहनों की सुविधा के लिए प्रदेश सरकार की तरफ से 29 अगस्त की रात 12 बजे से 31 अगस्त की रात 12 बजे तक रोडवेज बसों की यात्रा निशुल्क कर दी गई थी। बावजूद बस कंडक्टर और परिवहन निगम की ऑनलाइन साइट महिलाओं का किराया लिया गया। जो प्रदेश सरकार के बस में निशुल्क यात्रा को हवाहवाई साबित करता है। अक्सर महिलाएं ऐसे मामले को नजरअंदाज कर जाती हैं लेकिन अदरी नगर पंचायत निवासी सुमन देवी ने जागरूकता दिखाते हुए अपनी मांग को परिवहन निगम के सामने रखा है।

कोर्ट से भिजवाए नोटिस में सुमन देवी ने बताया कि बीते 30 अगस्त की शाम उन्होंने अपना और पति के लिए मऊ से लखनऊ तक का जनरथ बस में ऑनलाइन दो टिकट बुक करवाए। निशुल्क होने के बाद भी महिला का टिकट बुक हो गया। बस मऊ डिपो से रात आठ बजे की थी। साढ़े सात बजे सुमन देवी अपने बीमार पति को लेकर बस स्टेशन पहुंची। एक घंटे बाद भी जिस बस का बुक कराया था, वह जनरथ बस नहीं आई। मजबूरन दूसरी बस से किराया देकर लखनऊ जाना पड़ा। किराया रिफंड के लिए टिकट पर दर्ज टोलफ्री नंबर पर फोन करने पर वहां से संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर वापस आकर महिला ने एआरएम मऊ से शिकायत की। एआरएम द्वारा पैसा वापसी का आश्वासन दिया लेकिन एक माह बाद भी किराया का पैसा नहीं मिलने पर महिला ने न्यायालय में शिकायत दर्ज कराते हुए उसे और उसके बीमार पति को परेशान करने का आरोप लगाते हुए 25 हजार रुपये का हर्जाना की मांग की है।

# संक्षिप्त समाचार

## तोरिया का बीज मिनीकिट पाकर किसानों के खिले चेहरे

बहराइच । तहसील पयागपुर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील के ग्राम शम्भू टिकुरी के देवनरायन, कामता प्रसाद व रामकरन, ग्राम गुरचाही के विनित कुमार व बृजेश कुमार, ग्राम वैनी के राज नरायन शुक्ला, उमाशंकर शुक्ला व राम कुमार, ग्राम लालपुर के राम सुहावन व लालजी, ग्राम परसिया आलम बुधई, ग्राम झाला तरहर के योगेन्द्र कुमार मिश्र, प्रहलाद, रीता व श्यामपति को जिलाधिकारी मोनिका रानी ने पुलिस अधीक्षक प्रशान्त वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी राम्या आर व अन्य अधिकारियों के साथ तोरिया बीज मिनीकिट का वितरण किया।

## डीएम ने गर्भवती महिलाओं की कराई गोदभराई व बच्चों का अन्नप्रासन्न

बहराइच । तहसील पयागपुर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये प्रदर्शनी स्टालो के अवलोकन के दौरान आईसीडीएस स्टाल पर जिलाधिकारी मोनिका रानी ने पुलिस अधीक्षक प्रशान्त वर्मा व मुख्य विकास अधिकारी राम्या आर के साथ गर्भवती महिलाओं लक्ष्मी, राधा देवी, रानी, उर्मिला, नीसा, फूलनदेवी व मुस्कान की गोद भराई तथा परिधि, अनवी व आदर्श को अन्नप्रासन कराया।

## छुई नई ऊंचाई- एशियन गेम्स में पश्चिम यूपी का रहा जलवा, 14 खिलाड़ियों ने फहराया परचम

मेरठ । चीन में हुए एशियन गेम्स में पश्चिमी यूपी के 14 खिलाड़ियों ने अपना दमखम दिखाया। खेलों के इस महाकुंभ में मरेठ की तीन बेटियों ने दो गोल्ड, एक रजत, एक कांस्य हासिल किया। बागपत के खिलाड़ियों ने एक गोल्ड, दो रजत और दो कांस्य जीतकर अपना परचम फहराया। सहारनपुर के दो खिलाड़ियों ने दो रजत पदक अपने नाम दर्ज किए। मज्फ्फरनगर और शामली के खिलाड़ियों ने भी पदक हासिल किए। मेरठ के इकलौता गांव निवासी पारुल चौधरी ने दौड़ में एक रजत और अगले 24 घंटे में ही एक गोल्ड हासिल कर जिले का मान बढ़ाया। सरधना के बहादरपुर की बेटी अन्नु रानी ने भाला फेंक कर सोने पर निशाना साधा। पल्लवपुरम के एकता विहार निवासी किरण बालियान ने शॉट पुट में कांस्य पदक जीता।

## गोल्ड मेडलिस्ट अन्नु रानी का भाई हादसे में घायल, एशियाई गोल्ड मेडलिस्ट ने परिजनों के साथ जाकर दी तहरीर

मेरठ। एक तरफ एशियन गेम्स में गोल्ड स्वर्ण पदक जीतकर लौटने पर अन्नू रानी के स्वागत की तैयारी चल रही थी। वहीं अन्नू रानी का भाई सड़क दुर्घटना में घायल हो गया। सरधना थाना क्षेत्र के बहादरपुर गांव निवासी अन्नु रानी ने एशियन गेम्स में भाला फेंक में गोल्ड मेडल जीता है। शनिवार सुबह अन्नु रानी मेरठ पहुंचीं। परिजन व ग्रामीण उनके स्वागत की तैयारी में जुटे थे। जश्न के बीच अन्नु का भाई जितेंद्र दोस्त अंकित के साथ घर का सामान लेने के लिए बाइक से सरधना जा रहा था। दौराला रोड पर नहर के पुल के पास सड़क पर खड़े जौं से लदे ट्रक से बचने के चक्कर में अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनकी हालत गंभीर देखते हुए मेरठ रेफर कर दिया। इसके बाद अन्नु रानी परिजनों के साथ थाने पहुंचीं और अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ तहरीर दी। थाना प्रभारी निरीक्षक रमाकांत पचौरी ने बताया कि जल्द ही आरोपी वाहन चालक की पहचान कर कार्रवाई की जाएगी।

## गिरफ्तारी नहीं होने पर रामलीला मंचन नहीं करने की चेतावनी, रामलीला कमेटी के लोग एसपी देहात से मिले

मेरठ । श्री रामलीला कमेटी के पदाधिकारी एसपी देहात से मिले तथा नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने पर रामलीला का मंचन नहीं करने की चेतावनी देते हुए ज्ञापन दिया। वहीं दूसरे पक्ष ने भी एसपी देहात के समक्ष कमेटी पर कई गंभीर आरोप लगाते हुए जांच की मांग की। गौरतलब है कि श्री रामलीला कमेटी द्वारा दशहरे पर लगने वाले मेले का ठेका छोड़े जाने के विवाद के बाद सात नामजद तथा 20-25 अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इस संबंध में रामलीला कमेटी के पदाधिकारी शनिवार को एसपी देहात कमलेश बहादुर से मिले तथा ज्ञापन देते हुए कहा कि यदि आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई तो रामलीला का मंचन नहीं किया जाएगा। इस दौरान कमेटी अध्यक्ष अखिल कौशिक, प्रबंधक राजेंद्र चौहान, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुभाष चंद्र दीक्षित, कोषाध्यक्ष योगेंद्र कुमार रस्तोगी, संजय शर्मा, महेश आर्य, चंद्रशेखर आजाद मौजूद रहे। वहीं दूसरे पक्ष से रजनीश रोहल, संदीप खटीक, गौरव गुर्जर, राजेश शर्मा, कुलदीप, सतीश ने एसपी देहात को ज्ञापन दिया। इसमें कहा गया कि रामलीला कमेटी मेले के ठेके की प्रक्रिया में पारदर्शिता नहीं बरती जाती जबकि पिछले वर्षों में कमेटी पर वित्तीय अनियमितताओं के आरोप लगते रहे हैं। कमेटी की आय का लेखाजोखा की जांच अपनी देखरेख में कराई जाए। इसमें कहा कि कमेटी सदस्य संदीप खटीक ने अनियमितताओं के बारे में चर्चा की तो कमेटी पदाधिकारी द्वेष रखने लगे। जो आरोप उन पर लगाए हैं, यह उनकी सामाजिक छवि को धूमिल करने की साजिश है। नालंदा कालोनी पार्क में पत्रकार वार्ता में उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि पालिकाध्यक्ष का पुत्र पालिका के वित्तीय अनियमितताओं के आरोपित विधर्मी ठेकेदार के साथ हिंदू तीर्थ स्थल पर गया था। पालिकाध्यक्ष पूर्व पालिका कार्यकाल में विकास कार्यो की लिपाई पुताई कराकर अपना नाम लिखकर श्रेय लूटने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने 16 आरोपों की जांच कराकर कार्रवाई की मांग की है।

## तमंचा लेकर घूमता मिला जिला बदर बदमाश

मुरादाबाद। सिविल लाइंस पुलिस ने जिला बदर आरोपी रिजवान उर्फ रियाज को तमंचे के साथ गिरफ्तार किया है। अगवानपुर के मोहल्ला कुरैशियान निवासी रिजवान उर्फ रियाज के खिलाफ गोकशी में कार्रवाई की थी। इसके बाद गैंगस्टर एक्ट में भी उसके खिलाफ केस दर्ज किया गया था। जिला प्रशासन ने आरोपी रिजवान उर्फ रियाज को 23 अगस्त 2023 को जिला बदर कर दिया था। इस आदेश के अनुसार आरोपी जिले की सीमा के अंदर नहीं रह सकता था। इसके बावजूद आरोपी अपने घर पर ही रह रहा था। शुक्रवार रात पुलिस ने आरोपी रिजवान उर्फ रियाज को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से तमंचा और दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। शनिवार को पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया।

## चार दिनों अलग-अलग क्षेत्र में बाधित रहेगी बिजली आपूर्ति

लखीमपुर खीरी। शहर स्थित विद्युत वितरण खंड प्रथम में विद्युत विभाग से जुड़े कार्यों को पूरा कराने के लिए अलग अलग क्षेत्रों में सप्लाई बाधित रहेगी। एक्सईएन शैलेंद्र कुमार ने बताया कि 33/11 उपकेंद्र गढ़ी व छाउछ में सुबह दस बजे से पांच बजे तक सप्लाई बंद रहेगी। शनिवार को दुर्गापुरवा, बुद्धबिहार कालोनी, नहर रोड, सिंह टीवीएस के सामने कनौजिया कालोनी सहित अजमानी स्कूल के पास का आंशिक क्षेत्र में कटौती की जाएगी। आठ को विद्युत उपकेंद्र कलक्ट्रेट व कोर्ट में सुबह दस से 12 बजे तक सप्लाई बंद रहेगी। नौ को सरदारनगर, सैधरी, शास्त्रीनगर, कपूरथला, हर्षी बंगला, हर्ष राही ढाबा के सामने, गुरुनानक स्कूल के आस पास सप्लाई बाधित होगी। 10 को सरदारनगर, सैधरी, दुर्गापुरवा हर्षराही सहित कामतानगर के आंशिक क्षेत्रों में आपूर्ति बाधित रहेगी। कहा कि सप्लाई बाधित वाले इलाकों के लोग समय पर अपने कार्य पूरे कर लें।

## मोहम्मदी उपकेंद्र के समस्त फीडरों से आपूर्ति नहीं होगी

लखीमपुर खीरी। बिजली विभाग के अधिशाषी अभियंता रामानंद ने बताया कि 132 केवी उपकेंद्र मोहम्मदी के सभी 33केवी फीडरों की आपूर्ति बाधित रहेगी। कहा कि आठ अक्तूबर को सुबह दस बजे से लेकर एक बजे तक मेन बस बार में आवश्यक कार्य कराया जाना है। इसको लेकर आपूर्ति बाधित रहेगी। बिजली आपूर्ति होने से पहले सभी आवश्यक कार्य कर लें।

## दो भारतीय समेत नौ लोग ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार

नेपाल। नेपाल के कैलाली व कंचनपुर जिले में नेपाल पुलिस ने ब्राउन शुगर के साथ दो भारतीय युवकों समेत नौ लोगों को गिरफ्तार किया है। कैलाली पुलिस की तरफ से बताया गया कि भारतीय क्षेत्रों से लाई गई भारी मात्रा में ब्राउन शुगर बरामद की है। इसमें लमकी चूहा नगर पालिका के सोहनपुर गांव से बाइक से आ रहे तिकुनियां लखीमपुर के निवासी कुलदीप सिंह व गुवेंद्र सिंह को गिरफ्तार किया। 10 ग्राम 280 मिलीग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुई। गौरीफंटा की ओर से आ रहे मुकेश कुंवर को त्रिनगर भंसार बैरियर के पास से 710 मिलीग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुई। धनगढ़ी के वार्ड सात में थारू छात्रावास के पास से रंजीत चौधरी को दो ग्राम 30 मिलीग्राम ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया गया।

# पैमाईश के उपरान्त कब्जा न छोड़ने वालों के खिलाफ की जाय कठोर कार्रवाई-डीएम

### डीएम की अध्यक्षता में तहसील पयागपुर में सम्पन्न हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस

त्रिगुट संवाददाता

बहराइच । जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय शनिवार को आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवसों की कड़ी में तहसील पयागपुर में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने पुलिस अधीक्षक प्रशान्त वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी राम्या आर, उप जिलाधिकारी पयागपुर दिनेश कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी आनन्द कुमार राय व अन्य अधिकारियों के साथ आए हुए फरियादियों के समस्याओं की गंभीरता पूर्वक सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को समयबद्धता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण के निर्देश दिए गए। सम्पूर्ण समाधान दिवस प्राप्त 131 प्रार्थना पत्रों में 16 प्रार्थना पत्रों का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष प्रार्थना पत्रों के सम्बंध में जिलाधिकारी द्वारा सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि तीन दिवस में मौके पर जाकर गुणवत्तापरक निस्तारण आख्या के साथ जिओ टैग फोटो भी उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में जनसुनवाई के दौरान डीएम ने निर्देश दिया कि धारा 24 के निस्तारित वादों में भूमि पैमाईश अनिवार्य रूप से करा दी जाए ताकि प्रकरण का पूरी तरह से निस्तारण हो जाए। उन्होने उप जिलाधिकारी को निर्देश दिया कि पैमाईश के उपरान्त कब्जा न छोड़ने वाले के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई अमल में लायी जाय। डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि आईजीआरएस के संदर्भो को प्रतिदिन नियमित रूप से अवलोकन करते हुए समयबद्धत्ता के साथ गुणवत्ता परक निस्तारण सुनिश्चित कराये। आईजीआरएस के संदर्भो का मा. मुख्यमंत्री जी द्वारा स्वयं समीक्षा की जा रही है इसकी गम्भीरता को ध्यान में रखते हुए सभी अधिकारी नियमित रूप से आईजीआरएस संदर्भो का अवलोकन अनिवार्य रूप से करते हुए समय से निस्तारण सुनिश्चित कराये। प्रधानमंत्री आवास योजना में लाभार्थी के आवासीय भूमि से सम्बन्धित प्रकरण के सम्बन्ध में निर्देश दिये गये कि ऐसे मामलों में लेखपाल, पंचायत सचिव व पुलिस की टीम संयुक्त रूप से मौके पर जाकर भूमि से सम्बन्धित समस्या का समाधान कराएं ताकि लाभार्थी को आवास निर्माण में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

डीएम द्वारा खण्ड विकास अधिकारियों को यह भी निर्देश दिये गये कि पयागपुर क्षेत्र के निराश्रित गौवंशो को पकडवाकर सम्बन्धित गौआश्रय स्थलों में संरक्षित कराना सुनिश्चित करें इसकी सूचना डे-बाई-डे सम्बन्धित को भी उपलब्ध कराये। वरासत अभियान के सम्बन्ध में डीएम ने शासन द्वारा दी गई व्यवस्था के अनुसार कार्यवाही का निर्देश देते हुए लेखपालों को हिदायत दी कि आवश्यक जांच पड़ताल के पश्चात मृतक के जायज़ वारिसानों का ही नाम खतौनी में दर्ज किया जाय। उन्होंने सचेत किया कि गलत वरासत दर्ज करने की शिकायतों को अत्यन्त गम्भीरता से लिया जाएगा तथा सम्बन्धित के विरूद्ध कठोर




कार्रवाई भी अमल में लाई जाएगी। डीएम मोनिका रानी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्राप्त शिकायतों का पूरी संवेदनशीलता के साथ निस्तारण करते हुए गरीब व पीड़ित व्यक्तियों को त्वरित न्याय दिलाते हुए उन्हें प्राथमिकता के आधार पर शासकीय योजनाओं से आच्छादित कर मा. मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों को अमलीजामा पहनाया जाय।

उल्लेखनीय है कि तहसील मिहींपुरवा ( मोतीपुर ) में सम्पन्न हुए सम्पूर्ण समाधान दिवस में 30 में 03 महसी में प्राप्त 21 में 02, सदर बहराइच में प्राप्त 68 में 03, कैसरगंज में प्राप्त 109 में 08 व नानपारा में प्राप्त 55 में 06 प्रार्थना पत्रों का मौके पर निस्तारण किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एस.के. सिंह, जिला विकास अधिकारी महेन्द्र कुमार पाण्डेय, पीडी डीआरडीए राज कुमार, उप निदेशक कृषि टी.पी. शाही, सीवीओ डॉ राजेन्द्र प्रसाद, नोडल सरयू नहर खण्ड दिनेश कुमार, लीड बैंक प्रबन्धक जितेन्द्र नाथ श्रीवास्तव, जिला समाज कल्याण अधिकारी रमाशंकर गुप्ता, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी राजन कुमार, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय कुमार सिंह, डीपीआरओ राघवेन्द्र द्विवेदी, जिला कृषि अधिकारी सतीश कुमार पाण्डेय, बीएसए अव्यक्तराम तिवारी, सहायक निदेशक मत्स्य जितेन्द्र कुमार, डीपीओ राज कपूर व अन्य अधिकारी, बीडीओ, बीईओ, सीडीपीओ व थानाध्यक्षगण मौजूद रहे।

## विवेचनाओं में लापरवाही पर चौकी प्रभारी लाइन हाजिर

मुरादाबाद। एसएसपी से कुछ लोगों ने चौकी इंचार्ज की शिकायत की थी। इसके बाद सीओ सिविल लाइंस अर्पित कपूर से जांच करवाई गई। रिपोर्ट आने के बाद एसएसपी ने चौकी इंचार्ज मृदुल कुमार को लाइन हाजिर कर दिया। सिविल लाइंस थाने की अगवानपुर पुलिस चौकी के इंचार्ज मृदुल कुमार को विवेचनाओं में लापरवाही बरतने पर एसएसपी हेमराज मीना ने लाइन हाजिर कर दिया। इसके बाद दरोगा को बिजनौर जनपद ट्रांसफर के लिए कार्यमुक्त कर दिया।

अगवानपुर चौकी क्षेत्र में कई घटनाएं हुई थीं। चोरी की घटना का भी चौकी इंचार्ज खुलासा नहीं करा पाए थे। इसके अलावा शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बरत रहे थे। एसएसपी के पास कुछ लोग चौकी इंचार्ज की शिकायत लेकर पहुंचे थे। एसएसपी ने सीओ सिविल लाइंस अर्पित कपूर से रिपोर्ट मांगी थी। रिपोर्ट आने के बाद एसएसपी ने चौकी इंचार्ज मृदुल कुमार को लाइन हाजिर कर दिया। पिछले दिनों डीआईजी की ओर से दरोगा और इंस्पेक्टर के किए गए ट्रांसफर लिस्ट में भी मृदुल कुमार का नाम था। इस लिए लाइन हाजिर करते हुए उन्हें कार्यमुक्त कर बिजनौर ट्रांसफर कर दिया।

# लापता बच्ची का सुराग नहीं मिला, परिजन परेशान

मेरठ । कंकरखेड़ा के सुंदर नगर में बिहार प्रांत निवासी सलीम अपने परिवार के साथ रहता है। सलीम मजदूरी करता है। गत सप्ताह शुक्रवार दोपहर छह वर्षीय बेटी सबीना घर के बाहर खेल रही थी। जहां से वह अचानक लापता हो गई। थाने पहुंचकर बच्ची की गुमशुदगी की सूचना दी थी। अभी तक पुलिस बालिका का सुराग नहीं लगा पाई है। पीड़ित परिजन शनिवार को उच्च अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाएंगे। सीओ दौराला अभिषेक पटेल कहना है कि बच्ची की तलाश के लिए एक टीम लगातार काम कर रही है। जल्द बच्ची को बरामद कर लिया जाएगा।

### सनातन धर्म को अपमानित करने वाले जाएं पाकिस्तान - शारदा

कंकरखेड़ा में भाजपा नेता विनीत शारदा अग्रवाल सनातन धर्म को अपमानित करने वाले लोगों के खिलाफ जमकर बरसे। उन्होंने ऐसे लोगों को पाकिस्तान जाने की सलाह दी। कंकरखेड़ा के आंबेडकर रोड स्थित द पार्टी पैलेस में शुक्रवार को व्यापारी गोष्ठी हुई। मुख्य अतिथि भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक विनीत शारदा अग्रवाल रहे। उन्होंने सनातन धर्म का अपमान करने वालों पर जमकर निशाना साधा। कहा, भगवान राम व सनातन धर्म का अपमान करने वाले पाकिस्तान जा सकते हैं। उनके लिए भारत में कोई जगह नहीं है। सनातन धर्म का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है।

### *एनएच 119 पर 24 घंटे में दूसरा हादसा, हाइड्रा मशीन ने साइकिल सवार को कुचला*

मेरठ में नेशनल हाईवे-119 ( मवाना रोड ) पर शनिवार दोपहर 1:30 बजे हाईवे के काम में लगी हाइड्रा मशीन ने साइकिल सवार को कुचल दिया। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। वहीं, मशीन चालक मौके से फरार हो गया।

घटना की जानकारी पर थाना पुलिस पहुंची और परिजनों को जानकारी दी । थाना पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। नेशनल हाईवे 119 ( मवाना रोड ) पर इंचौली- मसूरी के बीच में ईंट भट्ठे के पास फ्लाईओवर के निर्माण कार्य में लगी हाइड्रा मशीन ने साइकिल सवार को टक्कर मार दी। मशीन का टायर उसके सिर के ऊपर से उतर गया। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई।

वहीं, चालक 50 मीटर की दूरी पर हाइड्रा मशीन को सड़क किनारे छोड़कर फरार हो गया। घटना की जानकारी पर डायल 112 और इंचौली पुलिस मौके पर पहुंची। जेब में मिले आधार कार्ड, बैंक पासबुक के आधार पर मृतक की पहचान पबला गांव निवासी 50 वर्षीय अमर सिंह के रूप में हुई।

पुलिस को उसकी जेब से समिति की पासबुक, खतौनी, आधार कार्ड की कॉपी मिली। लोगों की माने तो संभवत वह मसूरी समिति से गांव लौट रहा था। पुलिस ने शव सील कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## सौरभ हत्याकांड मामले में दोस्त को जेल भेजा

पानीपत। सौरभ हत्याकांड मामले में सेक्टर 13-17 थाना पुलिस ने एक दिन के पुलिस रिमांड पर चल रहे हत्यारोपी दोस्त रचित को शनिवार को कोर्ट में पेश किया और उसको जेल भेज दिया। पुलिस आरोपी की निशानदेही पर उसको बबैल गांव के पास ड्रेन पर लेकर गई थी, लेकिन पुलिस सौरभ के फोन को बरामद नहीं कर पाई। पुलिस इस मामले में नाबालिग को पहले ही गिरफ्तार कर बाल सुधार गृह भेज सकती है। उधर इस संबंध में रचित के परिजनों ने आरोप लगाया है कि उनके बेटे रचित को झूठे केस में फंसाया जा रहा है। उसने ऐसा कोई अपराध नहीं किया है। उनका बेटा निर्दोष है। परिवार इस संबंध में सेक्टर 13-17 थाना प्रभारी व डीएसपी से मिला है, लेकिन रचित ने इंस्पेक्टर के सामने अपनी वारदात कबूल ली है। उसने बताया कि 15 दिन पहले मोबाइल गेम खेलते वक्त उनका आपस में झगड़ा हो गया था। रचित ने उसके साथ मारपीट की थी। उसका नाम भी बिगाड़ दिया था। जिस वजह से वह मन में रंजिश रखे हुए था। उसने प्लान में नाबालिग को शामिल किया। एक अक्टूबर नाबालिग सौरभ को घर से बुलाकर लेकर आया। वह बबैल गांव के पास खड़ा था। वह दोनों ईख के खेत में गए और वहां भी उनका झगड़ा हुआ। सौरभ ने उसका धक्का दिया, जिससे वह नीचे गिर गया। जिसके बाद उसने गला घोंटकर हत्या कर दी।

पदक की चमक देखकर खिलाड़ी को नहीं बदलनी चाहिए फील्ड, मेरा अगला लक्ष्य पेरिस

पानीपत। युवाओं को दूसरे खिलाड़ियों के पदक की चमक देखकर अपने खेल का फील्ड नहीं बदलना चाहिए। उन्हें अपने खेल में दो या तीन साल जमकर मेहनत करनी चाहिए। वे लक्ष्य निर्धारित करेंगे तो एक दिन खुद इस मुकाम पर पहुंच जाएंगे। मेरे सामने भी शुरुआत में यही दिक्कत थी। माता-पिता केवल दौड़ तक सीमित रखना चाहते थे, लेकिन मैंने जेवलिन में भविष्य देखा और कई साल लगातार मेहनत की। मेरा अगला लक्ष्य 2024 में पेरिस ओलंपिक है। मैं देश की झोली में एक और स्वर्ण पदक डालना चाहता हूं। यहां से जीत की स्वर्ण पारी को दोहराने के लिए मैदान में उतरना है।

यह कहना है गोल्डन बॉय नीरज चोपड़ा का। नीरज चोपड़ा विश्व एथलेटिक्स ओलंपिक और एशियाई खेलों में पदक जीतने के बाद शुक्रवार देर रात अपने पैतृक गांव खंडरा पहुंचे। नीरज ने पहुंचते ही अपने पिता सतीश कुमार, माता सुदेश देवी व चाचा भीम चोपड़ा के पैर छूकर आशीर्वाद लिया।

## सेवामित्र पोर्टल से प्राप्त की जा सकती हैं दैनिक उपयोग की सेवाएं

बहराइच । जिला सेवायोजन अधिकारी संजय कुमार ने बताया कि प्रदेश में सेवा क्षेत्र के आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सेवायोजन विभाग द्वारा सेवामित्र पोर्टल विकसित किया गया है। सेवाप्रदाता ( सर्विस प्रोवाइडर ) और यूजर/कस्टमर/क्लाइन्ट ( उपभोक्ता ) के बीच सेवामित्र पोर्टल की जनजागरूकता हेतु जनपद में 01 से 15 अक्टूबर के मध्य चलाये जा रहे पखवाड़ा अन्तर्गत शैक्षणिक संस्थाओं व अन्य स्थानों पर प्रचार-प्रसार कर लोगों को पोर्टल की उपयोगिता के बारे में जागरूक किया जा रहा है।

जिला सेवायोजन अधिकारी श्री कुमार ने पोर्टल का मुख्य उद्देश्य सेवाप्रदाता ( सर्विस प्रोवाइडर ) और यूजर/कस्टमर/क्लाइन्ट ( उपभोक्ता ) को एक प्लेटफार्म पर लाना है ताकि यूजर/क्लाइन्ट को अपने रोजमर्रा सम्बन्धी कार्यों यथा पेन्टिंग, फिटिंग, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, एसी रिपेयर, टीवी मैकैनिक, पैथालॉजी जैसे 27 प्रकार की पूर्व संचालित सेवाओं के अतिरिक्त प्रोजेक्ट वर्क बेस सेवाएं यथा टैक्सी सर्विसेज, हाउस कान्स्ट्रक्शन, कैटरिंग सर्विसेज, आर्किटेक्ट/इन्टीरियर डिजाइनिंग सर्विसेज और टेन्ट सर्विसेज आदि सेवाएं भी प्रारम्भ की जा रही हैं।

श्री कुमार ने बताया कि जिले के ऐसे सेवाप्रदाता जिनके द्वारा होम डिलीवरी के माध्यम से सेवायें उपलब्ध करायी जा रही हैं, अपने फर्म/सेवा से सम्बन्धित अभिलेख के साथ नानपारा बाईपास पर एआरटीओ कार्यालय के निकट स्थित उनके कार्यालय से सम्पर्क कर सेवामित्र पोर्टल अपना पंजीकरण करा सकते हैं। उन्होंने बताया कि इच्छुक सेवाप्रदाता विभागीय पोर्टल सेवामित्रा डाट यूपी डाट जीओवी डाट इन पर स्वयं भी सेवाप्रदाता/सेवामित्र के रूप में पंजीकरण कर सकते हैं। सेवामित्र पोर्टल पर दैनिक उपयोग की सेवाओं की बुकिंग, पंजीकरण अथवा विभाग द्वारा संचालित योजनाओं एवं सेवाओं के बारे में विस्तृत जानकारी हेतु जिला सेवायोजन कार्यालय अथवा विभागीय टोल फ्री नम्बर 155330 पर भी सम्पर्क किया जा सकता है।

## गंगा में किनारे पर पानी में उतराया मिला युवक का शव

मिर्जापुर। कछवां थाना क्षेत्र के बरैनी भटौली पुल से बृहस्पतिवार की शाम गंगा में कूदे युवक का शव शनिवार को सुबह चुनार कोतवाली क्षेत्र के विठ्ठलपुर के सामने गांव किनारे पानी में उतराया मिला। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने उसकी शिनाख्त की। देहात कोतवाली थाने के लेढ़ूचपउर गांव निवासी आकाश ( 18 ) पुत्र कैलाश सरोज घर से नाराज होकर बृहस्पतिवार को देर शाम घर से निकला था।

बाइक लेकर बरैनी भटौली पुल पर बरैनी घाट की तरफ काफी देर तक खड़ा रहा। बुधवार को शाम करीब सात बजे बाइक पुल पर खड़ी करके उसने अपने घर के सभी सदस्यों को फोन करके पुल पर आने के लिए कहा। जब लोग पुल पर पहुंच गए तो उनको दूर ही रुकने के लिए कहा और उनके सामने ही गंगा में छलांग लगा दी। बृहस्पतिवार को शाम के बाद शुक्रवार को एसडीआरएफ ने खोजबीन की, परंतु युवक का पता नहीं चल सका।

## गवाही नहीं देने पर कोर्ट सख्त, दरोगा के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट, एसएसपी को आदेश- पकड़कर अदालत लाएं

मुरादाबाद। मुरादाबाद की कोर्ट ने दुष्कर्म के मामले में गवाही नहीं देने पर दरोगा के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने को कहा है। कोर्ट ने एसएसपी को आदेश दिया है कि दरोगा को गिरफ्तार कर पेश किया जाए। संभल के बनियाठेर थाने के एक मुकदमे में विवेचना अधिकारी ( दरोगा ) के खिलाफ अदालत ने गिरफ्तारी वारंट जारी किया है।

एसएसपी को आदेश दिया है कि दरोगा को गिरफ्तार कर 9 अक्तूबर को अदालत में हाजिर किया जाए। बनियाठेर थाने में 2015 में पीड़िता के पिता ने मुकदमा दर्ज कराया था। जिसमें बताया था कि आरोपी ओमकार ने उसकी नाबालिग बेटी के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था। मुकदमे की सुनवाई विशेष न्यायाधीश पॉक्सो कोर्ट संख्या तीन चंद्र विजय श्रीनेत की अदालत में की जा रही है। मुकदमे में गवाही देने के लिए अदालत में नहीं आने के कारण दरोगा को गिरफ्तार कर अदालत में पेश होने के आदेश दिए है। मुकदमे में अन्य सभी गवाहों की गवाही पूरी हो चुकी हैं। मात्र विवेचना अधिकारी उप निरीक्षक चंद्र पाल सिंह की गवाही बाकी है। दरोगा वर्तमान में संभल जिले थाना जुनावाई में तैनात हैं। अदालत ने कई बार दरोगा चंद्र पाल सिंह को समन जारी किया। दरोगा समन तामील होने के बाद भी अदालत में हाजिर नहीं हुए। अदालत ने एसएसपी को आदेश जारी किया कि एक विशेष टीम बनाकर उपनिरीक्षक चंद्र पाल सिंह को गिरफ्तार कर 9 अक्तूबर को अदालत में पेश किया जाए।

### *विवेचनाओं में लापरवाही करने पर चौकी प्रभारी लाइन हाजिर*

सिविल लाइंस थाने की अगवानपुर पुलिस चौकी के इंचार्ज मृदुल कुमार को विवेचनाओं में लापरवाही बरतने पर एसएसपी हेमराज मीना ने लाइन हाजिर कर दिया। इसके बाद दरोगा को बिजनौर जनपद ट्रांसफर के लिए कार्यमुक्त कर दिया ।अगवानपुर चौकी क्षेत्र में कई घटनाएं हुई थीं। चोरी की घटना का भी चौकी इंचार्ज खुलासा नहीं करा पाए थे। इसके अलावा शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बरत रहे थे। एसएसपी के पास कुछ लोग चौकी इंचार्ज की शिकायत लेकर पहुंचे थे।

एसएसपी ने सीओ सिविल लाइंस अर्पित कपूर से रिपोर्ट मांगी थी। रिपोर्ट आने के बाद एसएसपी ने चौकी इंचार्ज मृदुल कुमार को लाइन हाजिर कर दिया। पिछले दिनों डीआईजी की ओर से दरोगा और इंस्पेक्टर के किए गए ट्रांसफर लिस्ट में भी मृदुल कुमार का नाम था। इस लिए लाइन हाजिर करते हुए उन्हें कार्यमुक्त कर बिजनौर ट्रांसफर कर दिया।

## प्राथमिक विद्यालय औराही प्रथम के पुनर्निमाण एवं कायाकल्प की प्रेरक कहानी

बहराइच। प्राथमिक विद्यालय औराही प्रथम, महसी के पुनर्निर्माण एवं कायाकल्प की प्रेरक कहानी विधायक महसी सुरेश्वर सिंह के मार्गदर्शन, ग्राम प्रधान औराही के प्रयास, अंतर्विभागीय समन्वय तथा सामुदायिक सहभागिता का अप्रतिम उदाहरण हैं ये कहानी। ये कहानी प्रेरक इसलिए भी है क्योंकि विद्यालय के कायाकल्प हेतु जिस आदर्श माडल की संकल्पना की गई है उसका पूर्ण पालन इस विद्यालय में किया गया। ग्राम पंचायत औराही स्थित प्राथमिक विद्यालय औराही प्रथम का भवन अत्यंत जर्जर हो गया था। बाढ़ के समय पानी विद्यालय के अंदर आ जाता था। बच्चों की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए ग्राम प्रधान श्रीमती ममता देवी द्वारा विद्यालय संचालन की व्यवस्था पंचायत सचिवालय में की गई। छात्र संख्या 300 से 350 के हर शैक्षिक सत्र में रहती है ग्राम प्रधान द्वारा विधायक महसी को समस्या से अवगत कराते हुए अनुरोध किया कि पुराने भवन की जमीन सड़क से बहुत नीचे है इसलिए वे नवीन भवन निर्माण हेतु अपनी पैतृक जमीन दान में देने के लिए तैयार हैं। ग्राम प्रधान के त्याग को देखते हुए विधायल द्वारा नवीन भवन निर्माण व जमीन स्थानान्तरण हेतु खण्ड शिक्षा अधिकारी महसी व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया। ग्राम प्रधान द्वारा निरन्तर विभागीय अधिकारियों से संपर्क कर जमीन का बैनामा स्कूल निर्माण हेतु किया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा नवीन भवन निर्माण हेतु कार्यदायी संस्था यूपी सिडको को धन आवंटित किया। संस्था के खाते में माह मई 2023 में धनराशि प्राप्त हुई।

खण्ड विकास अधिकारी के सहयोग से माह सितंबर 2023 में भवन निर्माण पूर्ण हुआ साथ ही ग्राम प्रधान द्वारा वायरिंग, टाईलीकरण, मल्टीप्ल हैंड वॉश, शौचालय बाउण्ड्री वॉल आदि कायाकल्प पैरामीटर का निर्माण भी करा दिया गया। इस प्रकार सामुदायिक प्रयास से तैयार हुए विद्यायल भवन का 28 सितम्बर 2023 को विधायक महसी सुरेश्वर सिंह ने नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत के बीच मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्वलन के उपरान्त लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान श्रीमती ममता देवी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अव्यक्त राम तिवारी, खण्ड विकास अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# डीएम की अयक्षता में सम्पन्न हुई जिला स्तरीय श्रम बन्धु समिति की बैठक

बहराइच । कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला स्तरीय श्रम बन्धु समिति बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी सहायक श्रमायुक्त सिद्धार्थ मोदियानी को निर्देश दिया कि पंचायत भवनों पर विभाग द्वारा संचालित योजनाओं से सम्बन्धित वाल राईटिंग करायी जाये ताकि योजनाओं की पात्रता रखने वाले ग्रामवासी श्रम विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का अधिकाधिक लाभ प्राप्त कर सकें। डीएम ने यह भी निर्देश दिया कि जिले के श्रमिकों को आवासीय योजनाओं से लाभान्वित कराये जाने हेतु आकांक्षात्मक जनपद बहराइच में आवासीय योजना को पुन: प्रारम्भ करने हेतु डीएम की ओर से शासन को पत्र भेजवाया जाय।

श्रम विभाग द्वारा संचालित पेंशन योजनाओं के लाभार्थियों का सत्यापन कराये जाने के सम्बन्ध में निर्देश दिये गये कि ब्लाकों के माध्यम से सत्यापन कराया जाय। सहायक श्रमायुक्त को निद्रेष दिया गया कि विभिन्न कार्यदायी संस्थाओं में कार्य करने वाले श्रमिकों, मनरेगा जाबकार्ड धारकों, बेसिक शिक्षा विभाग के रसोईयों, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहासिकाओं का भी विभाग में



पंजीकरण कराया जाय ताकि इस श्रेणी के पात्र व्यक्ति श्रम विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें।

निर्माण अधिष्ठान पंजीकरण एवं सेस वसूली की समीक्षा के दौरान सहायक श्रमायुक्त ने बताया कि 01 अप्रैल से 30 सितम्बर 2023 तक 276 अधिष्ठानों का पंजीकरण किया गया है जबकि वित्तीय वर्ष 2023-24 में उपकर वसूली लक्ष्य 08 करोड़ के सापेक्ष रू. 04 करोड 04 लाख 56 हज़ार 926 है। इस सम्बन्ध में डीएम ने निर्देश दिया कि सम्बन्धित विभागों से समन्वय कर अधिक से अधिक वूसली की जाय ताकि समयान्तर्गत लक्ष्य की पूर्ति हो सके। उ.प्र. भवन एवं अन्य सन्निर्माण कल्याण बोर्ड द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा के दौरान बताया गया कि वर्ष 2023-24 हेतु 735 आवेदन पत्र भुगतान हेतु स्वीकृत किये गये हैं।

सहायक श्रमायुक्त ने बताया कि मातृत्व शिशु एवं बालिका मदद योजना के अन्तर्गत 722 तथा कन्या विवाह सहायता योजना के अन्तर्गत 771 आवेदन जांच एवं कार्यवाही हेतु अवशेष हैं जिनके निस्तारण हेतु प्राथमिकता पर कार्यवाही की जा रही है।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी राम्या आर., मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एस.के. सिंह, उपायुक्त मनरेगा के.डी. गोस्वामी, एलआरएलएम के रामेन्द्र कुशवाहा, उप निदेशक कृषि टी.पी. शाही, लीड बैंक प्रबन्धक जितेन्द्र नाथ श्रीवास्तव, ईऋओ. प्रमिता सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी राजकपूर, अधि.अभि. विद्युत शैलेन्द्र कुमार व अन्य सम्बन्धित अधिकारी, बृजमोहन मातनहेलिया, अशोक मातनहेलिया, योगेन्द्र मणि त्रिपाठी व अन्य सदस्य मौजूद रहे।

त्रिगुट
सोमवार 09 अक्टूबर 2023

## स्वतंत्रता के अधिकारों का हनन कर रही है, ईडी

अंग्रेज जब भारत में राज करते थे। उस समय जो आईपीसी बनाई गई थी। उसमें जांच एजेंसी को 90 दिन के अंदर चार्जशीट न्यायालय में पेश करने का नियम था। 90 दिन तक यदि जांच एजेंसी चार्जसीट प्रस्तुत नहीं कर पाती थी। उस समय अंग्रेजों के समय की अदालतें, आरोपियों को जमानत देने का काम करती थी। कोर्ट में कोई भी मामला पेश किया जाता था। मुकदमा चलने के पहले न्यायाधीश के सामने आरोप तय किए जाते थे। उस समय दोनों पक्षों को अपने-अपने दावे प्रस्तुत करना होते थे। अंग्रेज शासन के न्यायाधीश दोनों पक्षों को सुनने के बाद, यदि उन्हें लगता था कि मामला चलने योग्य है। तभी मामले को आगे बढ़ाया जाता था। अन्यथा आरोप तय करते समय जो प्रारंभिक सबूत जांच एजेंसी द्वारा पेश किए जाते थे। यदि वह अपर्याप्त होते थे। न्यायाधीश उस मामले को वहीं खारिज कर देते थे। 1947 में स्वतंत्रता के बाद और 1950 में भारतीय संविधान लागू होने के बाद भारत में जनता सरकार बनाती है। संविधान में आमजन के मौलिक अधिकार सुरक्षित किए गये हैं। मौलिक अधिकारों पर छेड़छाड़ करने की अनुमति संविधान ने ना तो विधायिका को दी है। नाही कार्यपालिका और नाही न्यायपालिका को दी है। न्यायपालिका की सवैधानिक जिम्मेदारी है, कि विधायिका या कार्यपालिका के कोई भी नियम और कानून से, किसी भी नागरिक के मौलिक अधिकारों का हनन होता है, तो उसे संरक्षित करने की संवैधानिक जिम्मेदारी न्यायपालिका को संविधान ने सौंपी है। न्यायपालिका का संवैधानिक कर्तव्य है, नागरिकों के मौलिक अधिकारों की रक्षा करना, यदि नहीं, उन कारणों को दूर करने की जिम्मेदारी भी न्यायपालिका की है।

सरकार और सुप्रीम कोर्ट ने केंद्रीय प्रवर्तन निदेशालय ( ईडी )को मनी लॉड्रिंग के मामलों में विशेष अधिकार दिए हैं। इन विशेष अधिकारों का यदि दुरुपयोग हो रहा है, या जांच एजेंसी अपनी जिम्मेदारी पूर्ण नहीं कर रही है। आरोपियों को लंबे समय तक जेलों में बंद रखा जा रहा है। उन्हें न्यायालयों से जमानत भी नहीं मिल पा रही है। कई महीना और वर्षों तक ईडी जांच के नाम पर आरोपियों को जेल में बंद करके रख रही है। ईडी के अधिकारियों ने पिछले कई महोनों से विपक्षी दलों के नेताओं को अपना निशाना बनाया हुआ है। आरोपों की जांच के नाम पर बुलाया जाता है। उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाता है। उसके बाद ईडी के अधिकारी सबूत खोजने और बनाने का प्रयास करते हैं। आरोप के आधार पर उन्हें भ्रष्टाचारी और अपराधी बता दिया जाता है। यह खेल पिछले कई महीनो से अनवरत चल रहा है। विपक्षी दलों और कई मुख्यमंत्रियों ने इस संबंध में प्रधानमंत्री सहित हाईकोर्ट और सुप्रीमकोर्ट में समय-समय पर ईडी द्वारा की जा रही कार्रवाई से उत्पीड़न की शिकायत कर न्याय की मांग की है। देश के विभिन्न हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में ईडी से संबंधित कई मामले जमानत के लिए पेश हो चुके हैं। इसके बाद भी अभी तक, ऐसा कोई निर्णय न्यायपालिका का सामने नहीं आया है। जिसमें मनी लॉन्ड्रिंग वाले प्रकरणों में जिसमें ईडी को विशेष अधिकार मिला है। ईडी के अधिकारियों ने यदि उसका दुरुपयोग किया है। ऐसी स्थिति में उन पर कोई कार्यवाही न्यायपालिका द्वारा की गई हो। ऐसा कोई मामला अभी तक सामने नहीं आया है। महाराष्ट्र के गृहमंत्री पद पर रहते हुए, अनिल देशमुख को गिरफ्तार किया गया था। नवाब मलिक को मंत्री पद पर रहते हुए गिरफ्तार किया। दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन को कई महीने पहले गिरफ्तार किया गया था। जेल में रहते हुए वह गंभीर रूप से बीमार हो गए। दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया कई महीनो से जेल में बंद हैं। सांसद संजय राऊत को भी ईडी ने गिरफ्तार किया था। मुंबई हाईकोर्ट से उन्हें जमानत तो मिल गई। लेकिन उनके खिलाफ कोई सबूत हाईकोर्ट में ईडी पेश नहीं कर पाई। हाल ही में राज्यसभा के सदस्य संजय सिंह को गिरफ्तार किया गया है। वह 5 दिन की रिमांड में जांच एजेंसी के कब्जे में हैं। न्यायालय ने जब गिरफ्तारी के लिए ईडी से सबूत मांगे, तो वह सबूत नहीं दे पाए। इस तरह के सैकड़ों मामले में सैकड़ों लोग न्यायिक हिरासत में कई महीनों से जेल में बंद है। सुप्रीम कोर्ट में भी सिसोदिया की जमानत याचिका पर गिरफ्तारी के कई महीने बाद भी ईडी सबूत नहीं दे पाई। इन सभी मामले में कई महीनो की जेल के बाद भी मनी लॉन्ड्रिंग साबित करने के लिए जो सबूत चाहिए होते हैं। वह ईडी न्यायालय में पेश नहीं कर पाई. कई महीनो से आरोपी जेल में बंद हैं। सिसोदिया की पत्नी की तबीयत खराब है। उनके भी बाल बच्चे होंगे। भ्रष्टाचार के आरोप में सभी आरोपियों को मीडिया ट्रायल से गुजरना पड़ा। आम जनता के बीच उनकी छवि खराब हुई। इसके साथ-साथ संविधान प्रदत्त मौलिक अधिकार, जिसमें स्वतंत्रता का अधिकार सबसे महत्वपूर्ण है। कानून के नाम पर उनकी स्वतंत्रता को लंबे समय से बाधित है। इसके बाद भी यदि संविधान और लोकतंत्र जीवित है। लंबे समय से आरोपी जेलों में बंद हैं। जांच एजेंसियां कस्टडी में लेने के बाद,सबूत तलाशने की कोशिश करती हैं। बिना सबूत के गिरफ्तारी कर लंबे समय तक जेलों में न्यायिक हिरासत में बंद करकेरखा जाता है। न्यायालय में जमानत के लिए मामले जाते हैं।

# वोकल फॉर लोकल अभियान के चलते भारतीय खिलौना उद्योग की किस्मत चमक गयी है

डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

खिलौना उद्योग में आज 4000 एमएसएमई अपनी भागीदारी निभा रही है। एक सबसे महत्वपूर्ण बात यह भी है कि एमएसएमई उद्योग देश का ग्रोथ इंजन होता है। एमएसएमई उद्योगों से जहां रोजगार के अधिक अवसर विकसित होते हैं वहीं स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध होता है। यदि इच्छाशक्ति हो और कुछ करने की ठान ली जाये तो बहुत कुछ हासिल किया जा सकता है। इसका जीता जागता उदाहरण है देश का खिलौना उद्योग। यह अभी कल की ही बात लगती है जब भारत 20 हजार करोड़ के खिलौने अकेले चीन से आयात करता था। कोरोना के बाद बदली परिस्थितियों से चीन को लेकर दुनिया के देशों का मोह भंग हुआ और उसके बाद हालात यह होने लगे कि दुनिया के देश चीन और उसकी नीतियों को हिकारत की दृष्टि से देखने लगे। सरकार ने भी इसे गंभीरता से लिया और सरकार के एक आह्वान और सकारात्मक नीतियों का परिणाम यह रहा कि देश में खिलौना उद्योग ने रफ्तार पकड़ी। हालात में तेजी से बदलाव का ही परिणाम है कि आज भारत में खिलौना उद्योग तेजी से फलने-फूलने लगा है।

मोबिलिटी स्कूटर 7 विज्ञापन खोजें

देशी बाजार में स्वदेशी खिलौनों की मांग बढ़ी तो विदेशी बाजार में भी भारतीय खिलौनों की तेजी से मांग बढ़ी है। इसमें कोई दो राय नहीं कि इसमें प्रमुख कारण खिलौना उद्योग के लिए प्रोत्साहन नीतियां रहीं। आयात शुल्क बढ़ाने के साथ ही सरकार ने प्रोडक्शन लिंक इंसेंटिव स्कीम लागू की जो उद्योग के विकास में सहभागी बनी। आज 12 प्रतिशत विकास दर के साथ खिलौना उद्योग बढ़ रहा है और वह भी चक्रवृद्धि विकास दर है। इसे भारतीय खिलौना उद्योग के लिए शुभसंकेत ही माना जा सकता है।

देखा जाए तो खिलौना उद्योग पर चीन का एकाधिकार ही रहा है। लगभग 80 प्रतिशत बाजार चीन के पास रहा है। ऐसे में चीन के खिलौना उद्योग को चुनौती देना बड़ी मुश्किल भरा काम रहा है। पर एक आह्वान ने सबकुछ बदल कर रख दिया। केन्द्र व राज्य सरकारों के समन्वित प्रयासों से देश में खिलौना उद्योग ने गति पकड़ ली है। एक समय था जब भारत चीन से 20 हजार करोड़ का खिलौना आयात करता था और आज हालात यह हो गए हैं कि भारत में खिलौनों का घरेलू बाजार 124.73 अरब का हो गया है। भारत से खिलौनों के निर्यात में भी उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है। 2018-19 में 16.81 करोड़ के खिलौने निर्यात होते थे, 2022-23 में यह बढ़कर 27.08 अरब डॉलर हो गया है। माना जा रहा है कि 2028 तक भारत में खिलौना उद्योग 249.47 अरब रुपये को पार कर जाएगा। इसके पीछे एक कारण यह भी है कि जो माहौल बना और बनाया गया उसका परिणाम यह रहा कि बच्चों की पहली पसंद भी भारतीय खिलौने ही हो गए हैं। खिलौना उद्योग में आज 4000 एमएसएमई अपनी भागीदारी निभा रही है। एक सबसे महत्वपूर्ण बात यह भी है कि एमएसएमई उद्योग देश का ग्रोथ इंजन होता है। एमएसएमई उद्योगों से जहां रोजगार के अधिक अवसर विकसित होते हैं वहीं स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध होता है। होता यह है कि बड़े उद्योगों में एक सीमा तक ही रोजगार के अवसर होते हैं क्योंकि वहां तकनीक का अधिक उपयोग होता है तो दूसरी और एमएसएमई उद्योग में रोजगार के अधिक अवसर होने से आर्थिक व्यवस्था को नई दिशा मिलती है। स्थानीय स्तर से लेकर निर्यात तक के अवसर आसानी से उपलब्ध होते हैं। जहां तक खिलौनों का संबंध है, 2600 ईसा पूर्व सुमेरियन सभ्यता के



अवशेषों में मानव और पशु आकृति के अवशेष मिले हैं जिनके बारे में यह माना जाता है कि यह उस जमाने के खिलौनों के ही अवशेष है। 500 ई. पू. अवशेष पूर्व ग्रीक के अवशेषों में खिलौनों के अवशेष देखे गए हैं। जहां तक हमारे देश की बात है तो रामायण-महाभारत व पुराणों में खेल-खिलौनों की बाकायदा चर्चा मिलती है। आज प्लास्टिक का दौर है तो सर्वाधिक खिलौने प्लास्टिक के ही बनने लगे हैं। हमारे यहां मिट्टी, धातु, टेरीकोट्टा, कपड़े, लकड़ी, सींग, रत्नों आदि से निर्मित खिलौने तैयार होते हैं। समय के अनुसार खिलौनों की मांग भी बदलती रही है। एक समय था और आज भी बार्बी की मांग सबसे अधिक देखी जाती है। इसके बाद क्यूबिक की भी मांग सबसे अधिक देखी गई। गेंद, बंदूक, जहाज, कार, ट्रेन, डमडमी, बाजे, सिटी और इसी तरह के खिलौने सामान्य से लेकर ऑटोमेटिक, चाबी से चलने वाले और आज तो सैल व सोलर से चलने वाले खिलौने बाजार में आने लगे हैं। दरअसल खिलौने बच्चों के मन बहलाव के ही साधन ना होकर ज्ञानवर्धक और बच्चों की मानसिकता के विकास में भी सहायक रहे हैं। खेल खेल में सीखने की प्रवृति खिलौनों के माध्यम से रही है। खिलौने मानसिक विकास के भी प्रमुख माध्यम रहे हैं।

दरअसल सरकार के खिलौनों पर आयात शुल्क 20 से बढ़ाकर 70 प्रतिशत कर देने, कच्चे माल की सहज उपलब्धता, ईज ऑफ डूइंग के तहत आसानी से उद्योगों की स्थापना और इसके साथ ही पीएलआई यानी कि प्रोडक्शन लिंक इंसेंटिव से उद्योग को बढ़ावा मिला है। इसके साथ ही सरकार द्वारा निर्यात को आसान और आम उद्यमी की पहुँच में करने से देशी विदेशी बाजार मिलने में आसानी हुई है। देश के हस्तशिल्प निर्यात संवर्द्धन परिषद द्वारा भी आवश्यक सहयोग दिया जा रहा है। इसके साथ ही राज्य सरकारें भी आगे आई हैं और यही कारण है कि बहुत कम समय में देश के खिलौना उद्योग ने देश-विदेश में अपनी पहचान बनाई है।

अंत में एक बात और, विदेशों में प्रतिस्पर्धा में बना रहना है तो गुणवत्ता, मूल्य प्रतिस्पर्धा के साथ ही नवाचार और शोध को बढ़ावा देना होगा। सशक्त आरएण्डडी टीम बनानी होगी और इसके साथ बाजार की मांग को भी समझना होगा। यह भी ध्यान रखना होगा कि खिलौना उद्योग का लक्षित वर्ग बच्चे हैं, ऐसे में बच्चों के लिए हानिकारक ना हो ऐसे कच्चे माल का ही उपयोग करना होगा। बच्चों के स्वास्थ्य का भी ध्यान रखना होगा। सरकार को भी इस दिशा में सहयोगी की भूमिका निभानी होगी और तकनीकी, वित्तीय व मार्गदर्शक की भूमिका निभानी होगी।

# जातीय जनगणना पर आपत्ति क्यों जता रहे हैं कुछ लोग ? भारतीय समाज का ताना-बाना जाति व्यवस्था पर ही आधारित है

बृजनन्दन राजू

वर्तमान में देखा जाये तो जातिवाद का विरोध करने वाले सामाजिक व राजनीतिक संगठन भी जातिवाद से ग्रस्त हैं। भाजपा समेत सभी राजनैतिक दल विधानसभा व लोकसभा चुनाव के समय जातिगत समीकरण को ही आधार बनाकर प्रत्याशी चयन करते हैं। जाति जोड़ती नहीं बल्कि समाज को तोड़ती है। जाति की प्रकृति ही विखंडन और विभाजन करना है। भारत में जाति व्यवस्था प्राचीन काल से विद्यमान है। आज वह अव्यवस्था में तब्दील हो गयी है। वर्तमान में जाति की समस्या विकराल समस्या है। जाति के आधार पर राष्ट्र का उत्थान नहीं हो सकता। जाति प्रथा राष्ट्रीय चेतना को धूमिल कर देती है। फिर भी इससे छुटकारा पाना इतना आसान नहीं है। भारतीय समाज का ताना-बाना जाति व्यवस्था पर आधारित है। जब तक समाज में जाति के आधार पर भेदभाव होता रहेगा तब तक आदर्श समाज का निर्माण नहीं हो सकता। जाति प्रथा अगर गलत है तो उस पर पर्दा नहीं डालना चाहिए। जातीय जनगणना देशभर में होनी चाहिए और सत्य आंकड़े सामने आने चाहिए। भाजपा भी आज नहीं तो कल इसका समर्थन करेगी। समाज में आज भी अस्पृश्यता विद्यमान है। समाज के किसी भी वर्ग के साथ अन्याय एवं अत्याचार नहीं होना चाहिए। अनुसूचित समाज के बंधुओं ने बहुत अत्याचार व कष्ट सहन किये हैं फिर भी उन्होंने अपना धर्म नहीं छोड़ा। उनके साथ समानता का व्यवहार होना चाहिए और उनको आगे बढ़ने का अवसर उपलब्ध कराना चाहिए। वर्तमान में देखा जाए तो पिछड़े और दलित समाज के बंधु किसी की कृपा नहीं चाहते हैं। वह समाज में बराबरी का स्थान और सम्मान चाहते हैं। पिछड़े और अति पिछड़े अभी तक पिछड़े हुए हैं क्योंकि इन्हें सभी प्रकार की सुविधा और अवसर नहीं मिल पाया। सभी व्यक्ति ईश्वर की संतान हैं। सभी में ईश्वर का अंश विद्यमान है फिर उनके प्रति नफरत का भाव नहीं रखना चाहिए। अगर व आर्थिक रूप से पीछे हैं तो इसके लिए जिम्मेदार वह नहीं बल्कि समर्थ समाज है। बिहार में हुई जातीय जनगणना के आंकड़ों ने देश का ध्यान आकृष्ट किया है। जातिगत जनगणना कराने वाला बिहार देश का पहला राज्य बन गया है। बिहार में सर्वाधिक 63 प्रतिशत आबादी पिछड़े वर्ग की है। हिन्दू सवर्ण अपेक्षाकृत कम हुए हैं जबकि पिछड़ा वर्ग व अनुसूचित जाति की संख्या में वृद्धि हुई है। अभी 15.52 प्रतिशत सवर्ण हैं। वहीं अनुसूचित जाति 19.65 प्रतिशत व अनुसूचित जनजाति 01.68 प्रतिशत है। वहीं मुस्लिम 18 प्रतिशत हैं। इससे पहले 1931 में जातिगत जनगणना हुई थी। 1931 की जनगणना के अनुसार हिन्दू जनसंख्या जहां 85 प्रतिशत से घटकर 82 प्रतिशत हो गयी है। वहीं मुस्लिम जनसंख्या 14 प्रतिशत से बढ़कर 17 प्रतिशत हो गयी है। हिन्दू जातियों में देखें तो केवल यादवों की जनसंख्या में दो प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई है। वहीं मल्लाह, मुसहर व चमार में 01 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई है शेष सभी हिन्दू जातियों की जनसंख्या के प्रतिशत में गिरावट आयी है। यह गिरावट चिंताजनक है। सोशल मीडिया पर लोग लिख रहे हैं कि बिहार में हैं अगर आप तो सावधान रहिए, या फिर बिहार छोड़ दीजिए। कम से कम बच्चों को बाहर ही भेज दीजिए। बिहार अब रहने लायक नहीं रहा। ऐसे लोग सामाजिक विघटन को बढ़ावा देना चाहते हैं। बिहार के नौ राज्यों में हिन्दू अल्पसंख्यक हो गए हैं। मुस्लिम जनसंख्या देश में तेजी से बढ़ रही है। उन्हें इसकी चिंता नहीं है। जाति प्रथा को कैसे समाप्त किया जाए इस पर विचार होना चाहिए। इसके लिए जरूरी है कि सबसे पहले उपजातियों को समाप्त किया जाए। क्योंकि इनके बीच आपसी तौर तरीके तथा स्तर में अधिक समानता है। लेकिन राजनीतिक दल जातियों में उप जाति खोज रहे हैं।

वर्तमान में देखा जाये तो जातिवाद का विरोध करने वाले सामाजिक व राजनीतिक संगठन भी जातिवाद से ग्रस्त हैं। भाजपा समेत सभी राजनैतिक दल विधानसभा व लोकसभा चुनाव के समय जातिगत समीकरण को ही आधार बनाकर प्रत्याशी चयन करते हैं। राजनीतिक दल जातियों में उपजातियां खोजते हैं। वोटों के लिए जातीय सम्मेलन करते हैं। पिछड़ों में अति पिछड़ों की तलाश कर रहे हैं। जाति प्रथा किसी भी रूप उचित नहीं है। लेकिन जाति के आधार पर आरक्षण, जाति के आधार पर आयोग का गठन, जाति के आधार पर संवैधानिक संस्थाएं, जातीय संगठनों को मान्यता, जाति के आधार पर राजनीति में भागीदारी, जाति के आधार पर मोर्चा व प्रकोष्ठों का गठन, जाति के आधार पर योजनाओं का निर्माण होता है तो जातीय जनगणना पर आपत्ति नहीं करनी चाहिए।

आज जातीय जनगणना की मांग कांग्रेस भी कर रही है। कांग्रेस पार्टी पिछड़ों की समर्थक कभी नहीं रही। पिछड़ों के उत्थान के लिए कांग्रेस ने काम भी नहीं किया। जब मण्डल कमीशन लागू किया गया था जब भी विपक्ष के नेता के तौर पर राजीव गांधी ने विरोध किया था। कर्नाटक की पिछली कांग्रेस सरकार ने भी जातिगत जनगणना कराई थी लेकिन उसका विवरण जारी नहीं किया। राजस्थान में भी 2011 में तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने जातिगत जनगणना कराई थी लेकिन उसके आंकड़े सार्वजनिक नहीं किये। मनमोहन सिंह के प्रधानमंत्री रहते साल 2011 में जो आखिरी जनगणना हुई थी, उसमें जातिगत आंकड़े भी दर्ज किये गए थे, लेकिन यह डाटा सार्वजनिक नहीं किया गया। बिहार सरकार ने जातिगत आंकड़े जारी किये हैं। अब देखना यह है बिहार सरकार उन जातियों के उत्थान के लिए कोई नीति बनाती है या फिर केवल यह मुद्दा राजनैतिक स्टंट मात्र बनकर रह जायेगा। भाजपा के सहयोगी दल भी जातिगत जनगणना कराये जाने की मांग कर रहे हैं। इससे भाजपा पर दबाव निश्चित तौर पर बढ़ेगा क्योंकि इतनी बड़ी आबादी को नकारा नहीं जा सकता है। सवर्ण हिन्दू हमेशा ही जातिगत जनगणना के विरोधी रहे हैं। जाति व्यवस्था देश की सबसे बड़ी समस्या है। समस्या से ही समाधान निकालना है। यह सच्चाई प्रकट होनी थी। बावजूद उनकी हिस्सेदारी काफी कम है, आज भी उनके साथ भेदभाव हो रहा है। यदि जाति जनगणना के आंकड़े सही होंगे तो उनके कल्याण के लिए संचालित की जाने वाली योजनाओं के क्रियान्वयन में आसानी होगी। इससे उनकी शैक्षणिक, आर्थिक स्थिति कैसी है, भविष्य में उनके लिए किस तरह की नीतियों की आवश्यकता है, इसके बारे में निर्णय लेने में आसानी होगी। देखा जाये तो भारत के अलावा कोई भी ऐसा देश नहीं होगा जिसमें इतनी जाति और उप जाति होंगी। फिर भी सभी जातियों में आपस में एकता थी और आज भी सामाजिक एकता विद्यमान है। वैसे जातीय जनगणना से भाजपा विरोधी पार्टियों को बहुत फायदा होने वाला नहीं है। पिछड़ों, अति पिछड़ों और दलितों में हिन्दुत्व के प्रति स्वाभिमान और मैं भी हिन्दू हूं का बोध विकसित हुआ है। देश में पिछड़े समाज के सबसे ज्यादा सांसद व विधायक भाजपा में हैं। नरेन्द्र मोदी के प्रभावशाली व्यक्तित्व के कारण पिछड़े समुदाय का वोट भाजपा के पास ही सर्वाधिक जाता है। वह जाति-जनगणना होने से भाजपा विरोधी पार्टियों के पास जाने वाला नहीं है। जाति की बात नापसंद करने वाले युवाओं की अब बड़ी संख्या है।

# कौन है नीतिनिष्ठ व्यक्ति ?

सदाचार एक व्यापक और सार्वभौम तत्व है। देशकाल की सीमाएं इसे न तो विभक्त कर सकती हैं और न इसकी मौलिकता को नकार सकती हैं। जिस प्रकार सूर्य का प्रकाश सबके लिए होता है, उसी प्रकार सदाचार के मूलभूत तत्व मानव मात्र के लिए उपयोगी होते हैं। कुछ व्यक्ति अपने राष्ट्र, कुल या परंपरागत आचार को विशेष महत्व देते हैं, किंतु यह अपनेपन का व्यामोह है। जो कुछ मैं कर रहा हूं, वह सदाचार है, इस धारणा की अपेक्षा व्यक्ति को ऐसी धारणा सुदृढ़ करनी चाहिए कि जो सत् आचरण है, वह मेरे लिए करणीय है। सदाचारी व्यक्ति नीतिनिष्ठ होता है। वह किसी भी स्थिति में नीति के अतिक्रमण को अपनी स्वीकृति नहीं दे सकता। नीतिनिष्ठ व्यक्ति को परिभाषित करते हुए कहा गया है- जिस व्यक्ति में अभय, मृदुता, सत्य, सरलता, करुणा, धैर्य, कर्तव्यनिष्ठ और व्यक्तिगत संग्रह का संयम और प्रामाणिकता होती है, वह नीतिमान कहलाता है। जो व्यक्ति सत्य के प्रति समर्पित होता है, अन्याय का प्रतिकार करते समय भयभीत नहीं होता, अपनी भूल ज्ञात होने पर उसे स्वीकार करने में संकोच नहीं करता और कठिनतम परिस्थिति का मुकाबला करने के लिए तैयार रहता है, वह अभय का साधक होता है।

कोमलता का नाम मृदुता है। यह सामूहिक जीवन की सफलता का सूत्र है। इसके द्वारा व्यक्ति के जीवन में सरसता आती है। मृदु स्वभाव में लोच होती है, इस स्वभाव वाला व्यक्ति किसी भी वातावरण को अपने अनुकूल बना लेता है। सत्य का अर्थ है यथार्थता। जो तथ्य जैसा है उसे वैसा ही जानना, मानना, स्वीकार करना और निभाना सत्य है। सत्य की साधना कठिन अवश्य है, पर है आत्मतोष देने वाली। आर्जव सरलता का पर्यायवाची शब्द है।

# अरुण नैथानी कम, उनकी कलम अधिक बोलती है

डॉ श्रीगोपाल नारसन

विक्रमशिला हिंदी विद्यापीठ भागलपुर, बिहार द्वारा हिंदी सेवाओं के लिए विद्या वाचस्पति की मानद उपाधि से विभूषित अरुण नैथानी हिंदी पत्रकारिता में कोई नया नाम नही है।तीन दशकों से भी अधिक समय से उनकी कलम निरंतर चल रही है।कद,काठी और चेहरे से भी पत्रकार नज़र आने वाले अरुण नैथानी ने व्यवसायिक पत्रकारिता के इस दौर में भी मिशनरी पत्रकारिता को जिया है। सीमित संसाधनों और असीमित दायित्व से हमेशा घिरे रहे अरुण को न आगे बढ़कर दिखने की चाह है और न ही अपना आर्थिक पक्ष मजबूत करने की कोई ललक फिर भी गंगा की तरह पत्रकारिता के कंटीले एवं उबड़ खाबड़ मार्ग पर अनवरत बह रहे है और जितना हो सकता है ,पत्रकारिता के मानदंडों की रक्षा भी कर रहे है।देवभूमि उत्तराखंड के इंजीनियर नगर रुड़की में जन्मे अरुण नैथानी अभी भी मां , पैतृक घर व बचपन से जुड़ी यादों के कारण अक्सर रुड़की आ जाते है।यहां आकर उन्हें अपनत्व की एक ऊर्जा का एहसास भी होता है।पिता जी.पी. नैथानी के आदर्शों को अपनाकर जीवन मे आगे बढ़ते रहे अरुण का जन्म 10 जनवरी सन 1966 को हुआ।उन्होंने बीए ऑनर्स ( राजनीति विज्ञान ) एवं शिक्षा स्नातक उत्तीर्ण करने के साथ साथ अर्थशास्त्र, इतिहास, हिंदी, मास कम्युनिकेशन तथा योग में स्नातकोत्तर किया और पीजी डिप्लोमा मॉसकॉम व डिप्लोमा योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा में करके स्वयं को हर शैक्षणिक मोर्चे पर सिद्ध किया।

पुणे फ़िल्म इंस्टिट्यूट से मोबाइल फिल्म मेकिंग का पाठ्यक्रम पूरा करने के साथ ही उन्होंने अपने जीवन के 30 वर्ष से अधिक हिंदी पत्रकारिता को समर्पित किए।वर्तमान में दैनिक ट्रिब्यून के सहायक संपादक पद पर कार्यरत अरुण नैथानी ने दैनिक ट्रिब्यून में संपादकीय से लेकर फीचर एवं साहित्य पृष्ठों का संपादन बखूबी किया है और अभी भी कर रहे है। उनका संपादकीय लेखन सन 2009 से,तो साप्ताहिक फिल्मी पत्रिका 'मनोरंजन' का संपादन 11 वर्ष से,जबकि रविवारीय पत्रिका का संपादन गत 5 वर्षो से निरंतर जारी है। उनके द्वारा आमुख कथा, लेख, फीचर, रिपोर्ताज, न्यूज फीचर, साक्षात्कार, पुस्तक समीक्षा, न्यूज रिपोर्ट सहित दस हज़ार से अधिक रचनाएं लिखी गई जो प्रकाशित भी हुई।उन्होंने अपने पत्रकारिता कैरियर की शुरुआत सन 1986 से दैनिक दून दर्पण, दैनिक सीमांत वार्ता और दैनिक विश्व मानव से जुड़कर की थी,फिर एक लंबा समय दैनिक अमर उजाला के सम्पादकीय विभाग में गुजारा और सन 2000 से दैनिक ट्रिब्यून के होकर रह गए।उन्होंने दैनिक हिन्दुस्तान, साप्ताहिक हिन्दुस्तान, नवभारत टाइम्स, जनसत्ता, राजस्थान पत्रिका, राष्ट्रीय सहारा, चौथी दुनिया, संडे मेल, ब्लिट्ज़, अमर उजाला, दैनिक जागरण, भास्कर, पंजाब केसरी, विश्वमानव, हिमाचल टाइम्स, दूनदर्पण, मुक्ता, सरिता, मनोहर कहानियां ( मित्र प्रकाशन ), विश्वमित्र, वर्तमान भूमिका आदि में नियमित लेखन किया ,वही आकाशवाणी-दूरदर्शन के केंद्रों से विभिन्न विषयों पर वार्ताएं भी की और उनकी बीबीसी से कई टिप्पणियां भी प्रसारित हुई।

छात्र राजनीति में सक्रिय रहकर विभिन्न पदों पर रहे अरुण ने गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार की पत्रिका 'शतपथ' का सन 1992 में संपादन भी किया। साथ ही भारत ज्ञान-विज्ञान जत्थे के माध्यम से जनजागरण व नुक्कड़ नाटक करते रहे।'मानवाधिकार जन-निगरानी समिति' के तहत उत्तर प्रदेश में बाल-श्रम मुक्ति हेतु किये गए कार्य आज भी याद किए जाते है।

वही उन्होंने 'प्रकृति मित्र' के जरिये उत्तराखंड में वन्य-जीव संरक्षण का भी प्रयास किया।

उन्हें देशबंधु गुप्त सम्मान—हरियाणा साहित्य अकादमी द्वारा 2012 में, बालश्रम-मानवाधिकारों पर लेखन हेतु वर्ष 1998 में बनारस ( उ.प्र. ) में ,मानवाधिकार जन-निगरानी सम्मान . बाल-श्रम लेखन पर नोबेल पुरस्कार से सम्मानित कैलाश सत्यार्थी द्वारा 1998 में मेरठ ( उ.प्र. ) में सम्मान प्रांतीय स्तरीय 'शिव कुमार गुप्त स्मारक अवार्ड' सहारनपुर ( उ.प्र. ) में 1995।

व्यंग्य लेखने के लिये शब्द निष्ठा सम्मान 2018,अजमेर, राजस्थान। साहित्यिक पत्रकारिता हेतु पंजाब कला साहित्य अकादमी सम्मान 2018,सृजन साहित्य सम्मान( 2019 )श्रीगंगानगर, राजस्थान , सम्मेलन सम्मान( 2020 ), हिंदी साहित्य सम्मेलन, प्रयाग,उ.प्र. ।

( कविता )

## कश्मीरियत की तलाश

रमेश चंद शर्मा

दुनिया में जिसका मान, साधु संत सूफी पीर फकीरों का स्थान,
कश्मीरियत है जिनकी जान, मैं उसको ढूंढ़ रहा हूं।
जहां रहते हैं इंसान, इंसानियत जिनकी पहचान,
जन्नत जैसी जिसकी शान,मैं उसको ढूंढ़ रहा हूं।
जहां लल्ला जैसी माता, शेख बेटा बन जाता,
कश्मीरियत जिसकी पहचान, मैं उसको ढूंढ़ रहा हूं।
भारत मां का मुकुट, जिसमें रहता मिल कुटुम्ब,
जहां गांधी को दिखाई दी उम्मीद की किरण,मैं उसको ढूंढ़ रहा हूं।
बाबा संत विनोबा भावे, आकर देते रहे दुआएं,
भूदान से होगा शांत जहान,मैं उसको ढूंढ़ रहा हूं।
कोई नहीं गरीब अमीर, हृदय में धर के धीर,
सबका सही सच्चा रहे जमीर,मैं उसको ढूंढ़ रहा हूं।
जहां सजा प्रेम का द्वार, खिदमत को जो तैयार,
जहां दिलों में भरे रहे हरदम प्यार,मैं उसको ढूंढ़ रहा हूं।
लद्दाख जम्मू-कश्मीर, सबकी दूर करे जो पीर,
जिसमें बहे चश्मे शाही का नीर,मैं उसको ढूंढ़ रहा हूं।
जहां सुंदर डल झील, लोगों के बड़े दिल,
जहां डल लेक में डोले शिकारा प्यारा, मैं उसको ढूंढ़ रहा हूं।
हिंदू मुस्लिम सिख ईसाई, जैन पारसी बौद्ध बहाई,
मिलकर रहते सारे बहन भाई,मैं उसको ढूंढ़ रहा हूं।
जहां रहे प्यार के डेरे, सेव अखरोट केसर महक के घेरे,
सब कहते यह है तेरे मेरे,मैं उसको ढूंढ़ रहा हूं।
जहां ढेरों जड़ी-बूटी, जिंदगी कभी न टूटी,
जिसे कहते धरती पर जन्नत, मैं उसको ढूंढ़ रहा हूं।
जहां रहते हैं इंसान, खुले सबके घर मकान,
अतिथि देवो भव को माने शान, मैं उसको ढूंढ़ रहा हूं।
हजरत बल चरार-ए-शरीफ, छठी पातशाही खीर भवानी,
जन जन जाने जिसकी कहानी,मैं उसको ढूंढ़ रहा हूं।
जम्मू की अपनी पहचान, लद्दाख की अपनी शान,
कश्मीर में आएं देश दुनिया से मेहमान,मैं उसको ढूंढ़ रहा हूं।
सूफी संतों के मीठे किस्से, कश्यप शंकर हनुमान के किस्से,
ईशा मौहम्मद के संवाद,मैं उसको ढूंढ़ रहा हूं।
कश्मीरियत को जो पहचाने, रुठों को मना ले,
शांति के लिए अच्छी नहीं है पुलिस फौज, मैं उसको ढूंढ़ रहा हूं।
आओ गलती सुधारें, प्रेम की बांहों में पधारें,
कश्मीरियत को अपनाएं इसी में है प्राण, मैं उसको ढूंढ़ रहा हूं।
गांधी विनोबा जयप्रकाश, जगाई मन में जिन्होंने आश,
दिलो-दिमाग को जोड़ेंगे इनके विचार,मैं उसको ढूंढ़ रहा हूं।

## भजन कुमार के रूप में चमके विकी कौशल, हंसी मजाक में बड़ा संदेश देती है फिल्म




पारिवारिक मनोरंजन करने वालों का साल वापस आ गया है! द ग्रेट इंडियन फ़ैमिली शक्तिशाली संवादों वाली एक प्यारी और छोटी फिल्म है। यह फिल्म मूल रूप से भारत की समृद्ध और विविध संस्कृति को प्रदर्शित करती है। पारिवारिक मनोरंजन करने वालों का साल वापस आ गया है! द ग्रेट इंडियन फ़ैमिली शक्तिशाली संवादों वाली एक प्यारी और छोटी फिल्म है। यह फिल्म मूल रूप से भारत की समृद्ध और विविध संस्कृति को प्रदर्शित करती है। द ग्रेट इंडियन फ़ैमिली एक हिंदू व्यक्ति भजन कुमार के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसमें बाद में उसे एहसास होता है कि वह जन्म से मुस्लिम है।इस संवेदनशील विषय की फिल्म को मासूमियत और ईमानदारी के साथ दर्शकों के सामने परोसा गया, इस खूबसूरत फिल्म को इतने रचनात्मक तरीके से बनाने के बारे में बहुत कम लोगों ने सोचा होगा ?

फिल्म की शुरुआत विक्की कौशल के परिचय के साथ होती है, जो कि बलरामपुर के वेद व्यास त्रिपाठी के रूप में हैं, जो शहर के एक प्रसिद्ध पंडित के बेटे हैं। वेद की पिछली कहानी उसे एक प्रेमी लड़के से लेकर अपने परिवार के लिए पूजा करते समय गायन के प्रति जुनून खोजने तक दिखाती है। फिल्म मानुषी के साथ आगे बढ़ती है जो जसमीत नाम की एक पंजाबी लड़की की भूमिका निभाती है जो वेद और उसके दो दोस्तों से लड़ती है, जिनके बारे में वह गलती से सोचती है कि वे उसका पीछा कर रहे थे। एक दिन, एक पंडित जी एक पत्र देते हैं जिससे पता चलता है कि वेद व्यास वास्तव में जन्म से मुस्लिम हैं, जो उनके जीवन को उलट-पुलट कर देता है। यह उनके हिंदू रूढ़िवादी परिवार के साथ-साथ बलरामपुर के निवासियों के लिए भी एक झटका है। तब से, यह पता चलता है, कि वेद व्यास का संघर्ष पहचान के संकट और परिवारों के बीच अंतर-धार्मिक संबंधों की जटिलता से शुरू होता है। विक्की कौशल इस पारिवारिक मनोरंजन फिल्म में भजन कुमार के रूप में चमके। उनका अभिनय कौशल और सशक्त संवाद प्रभावशाली थे। फिल्म में संवेदनशील विषय यानी हिंदू-मुस्लिम रिश्ते पर बहुत सोच-समझकर फोकस किया गया था। कहानी और अधिक मनोरंजक हो सकती थी। जसमीत के रूप में मानुषी छिल्लर की भूमिका छोटी थी लेकिन प्रभावी थी। कुमुद मिश्रा और मनोज पाहवा ने अपनी भूमिका प्रभावी ढंग से निभाई और बलरामपुर के लोगों की तमाम आपत्तियों के बावजूद वेद के लिए अपना स्टैंड लेने में संकोच नहीं किया। विक्की कौशल के परिचय के लिए गाया गाना %कन्हैया ट्विटर पे आजा% आकर्षक था। विजय कृष्ण आचार्य द्वारा निर्देशित, कुल मिलाकर फिल्म की गति थोड़ी धीमी थी, लेकिन यह भावनाओं, आध्यात्मिक इच्छाओं, अंतरधार्मिक रिश्तों की जटिलता और रोमांस का अच्छा मिश्रण थी। कुल मिलाकर, फिल्म अच्छी है और एक बार देखने लायक है।

## सोच में बदलाव अब कांग्रेस नहीं आप सबसे बड़ी दुश्मन...

ओम प्रकाश मेहता

क्या अब देश पर राज कर रही भारतीय जनता पार्टी के लिए सबसे बड़ा खतरा आप याने आम आदमी पार्टी से है, क्या अब कांग्रेस मुख्य प्रतिपक्षी दल नहीं रहा ? कम से कम दिल्ली राजधानी क्षेत्र के लिए तो अब भाजपा और उसके नेताओं की यही सोच है, तभी तो अब पांच राज्यों के विधानसभा और उसके बाद होने वाले लोकसभा चुनावों से पूर्व केंद्र ने आप व उसके नेताओं के खिलाफ पैंतरेबाजी शुरू की है, दिल्ली सरकार के कथित आबकारी घोटाले की फाइलें फिर से खोली गई और तुरत-फुरत आम आदमी पार्टी के दूसरे नंबर के बड़े नेता सांसद संजय सिंह को अचानक गिरफ्तार कर लिया गया, कोई आश्चर्य नहीं कि अब कुछ ही दिनों में आप के सर्वोच्च नेता और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की भी गिरफ्तारी की खबर सामने आ जाए। उल्लेखनीय है कि इसी कथित आबकारी घोटाले के मामले में सबसे पहले अरविंद के नजदीकी नेता सत्येंद्र जैन की गिरफ्तारी की गई और उसके बाद 7 महीने पहले 26 फरवरी को आप के वरिष्ठ नेता और मंत्री मनीष सिसोदिया को गिरफ्तार कर लिया गया, जिनकी 7 महीने की अवधि बीत जाने के बाद भी अभी तक जमानत नहीं हो पाई है और अब आप के राज्यसभा सांसद संजय सिंह की अचानक गिरफ्तारी की गई और अब दिल्ली के राजनायिक क्षेत्रों में यही कयास लगाए जा रहे हैं कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के हाथों में भी कभी भी हथकड़ी लगाई जा सकती है, इन तीन शीर्ष नेताओं की गिरफ्तारी के बाद भाजपा की सोच यह है कि दिल्ली में आप खत्म हो जाएगी और फिर भाजपा के लिए दिल्ली पर कब्जा करना काफी आसान हो जाएगा, इसके साथ ही केंद्र की सरकार ऐसे प्रयास में है कि किसी भी तरह आप की सत्ता वाले एकमात्र राज्य पंजाब पर भी शिकंजा कसे और वहां येन-केन-प्रकारेण राष्ट्रपति शासन दिल्ली के साथ ही लगा दें, जिससे कि आप का दबदबा खत्म हो जाए और लोकसभा चुनाव तक यह नेतागण जेल से बाहर ना आ पाए और भाजपा वहां अपना एकछत्र राज्य स्थापित कर लें। अब भाजपा नेताओं का यह स्वप्न मुंगेरीलाल का सपना सिद्ध होता है या इन प्रयासों में मोदी एंड कंपनी को कोई सफलता मिलती है ? यह तो भविष्य के गर्भ में है, किंतु केंद्र के मौजूदा प्रयासों और हथकंडों को देखकर तो कुछ ऐसा ही प्रतीत होता है, अब इसमें किस को कितनी सफलता मिलती है यह फिलहाल कहना संभव नहीं है।

वैसे अब यह आभास तो हर देशवासी को हो रहा है कि अब केंद्र सरकार के जनहित के कार्यों के करने की अवधि तो खत्म हो गई, अब जो भी जनहित की गठित घोषणाएं की जाएगी मसलन हाल ही में गैस सिलेंडर की कीमत में की गई कमी आदि सभी भावी चुनावों को दृष्टिगत रखते हुए की जाएगी और चुंकी पांच चुनावी राज्यों व लोकसभा चुनावों में भाजपा को विजयश्री दिलाने का एकमात्र आधार मोदी जी ही है, क्षेत्रीय नेताओं को गौण कर दिया गया है, इसलिए पूरी भाजपा की नजर मोदी जी और उनके प्रथम सहयोगी अमित शाह पर ही है, इसीलिए मोदी और शाह की इन चुनावी राज्यों विशेष कर मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ व राजस्थान में चहल कदमी बढ़ गई है। अब क्योंकि मध्य प्रदेश में भाजपा की ही डेढ़ दशक से सरकार है तथा छत्तीसगढ़ और राजस्थान में कांग्रेस की सरकार हैं

# डॉ. स्वामीनाथन का योगदान हमें निरंतर प्रेरित व मार्गदर्शन प्रदान करता रहेगा

एम एस स्वामीनाथन

प्रोफेसर एम.एस. स्वामीनाथन अब हमारे बीच नहीं हैं। हमारे देश ने एक ऐसे दूरदर्शी व्यक्ति को खोया है, जिन्होंने भारत के कृषि क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन किए। हमने एक ऐसे महान व्यक्ति को खोया है, जिनका भारत के लिए योगदान हमेशा स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जाएगा। प्रोफेसर एम.एस. स्वामीनाथन भारत से प्रेम करते थे और चाहते थे कि हमारा देश और विशेषकर हमारे किसान समृद्धि के साथ जीवन यापन करें। वे अकादमिक रूप से प्रतिभाशाली थे और किसी भी करियर का विकल्प चुन सकते थे, लेकिन 1943 के बंगाल के अकाल से वे इतने द्रवित हुए कि उन्होंने तय कर लिया कि अगर कोई एक चीज, जिसे वे करना चाहेंगे, तो वो है – कृषि क्षेत्र का कायाकल्प।

बहुत छोटी उम्र में, वे डॉ. नॉर्मन बोरलॉग के संपर्क में आए और उनके काम को गहराई से समझा। 1950 के दशक में, अमेरिका ने उन्हें एक फैकल्टी के तौर पर जुड़ने का आग्रह किया, लेकिन उन्होंने इसे अस्वीकार कर दिया, क्योंकि वे भारत में रहकर देश के लिए काम करना चाहते थे। आज हम सभी को दशकों पहले की उन चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बारे में विचार करना चाहिए, जिनका प्रो. स्वामीनाथन ने डटकर सामना किया और हमारे देश को आत्मनिर्भरता और आत्मविश्वास के मार्ग पर आगे ले गए। आजादी के बाद पहले दो दशकों में, हम कई चुनौतियों का सामना कर रहे थे और उनमें से एक थी- खाद्यान्न की कमी। 1960 के दशक की शुरुआत में, भारत अकाल से जूझ रहा था। इसी दौरान, प्रोफेसर स्वामीनाथन की दृढ़ प्रतिबद्धता और दूरदर्शिता ने कृषि सेक्टर के एक नए युग की शुरुआत की। कृषि और गेहूं प्रजनन जैसे विशिष्ट क्षेत्रों में उनके अग्रणी कार्यों से गेहूं उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। ऐसे प्रयासों का ही परिणाम था कि भारत खाद्यान्न की कमी वाले देश से खाद्यान्न में आत्मनिर्भर वाले राष्ट्र के रूप में परिवर्तित हो गया। इस शानदार उपलब्धि की वजह से से उन्हें भारतीय हरित क्रांति के जनक की उपाधि मिली, जो बिल्कुल सही भी है।

हरित क्रांति में भारत की **Can Do** की भावना झलकती है, यानी कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं होता। अगर हमारे सामने करोड़ों चुनौतियां हैं, तो उन चुनौतियों पर विजय प्राप्त करने के लिए इनोवेशन की लौ जलाने वाले करोड़ों प्रतिभाशाली लोग भी हैं। हरित क्रांति शुरू होने के पांच दशक बाद, भारतीय कृषि पहले से अधिक आधुनिक और प्रगतिशील हो गई है। लेकिन, प्रोफेसर स्वामीनाथन द्वारा रखी गई नींव को कभी भुलाया नहीं जा सकता। प्रोफेसर स्वामीनाथन ने आलू की फसलों को प्रभावित करने वाले कीटों से निपटने की दिशा में भी प्रभावी अनुसंधान किया था। उनके शोध ने आलू की फसलों को ठंड के मौसम का सामना करने में भी सक्षम बनाया। आज, दुनिया सुपर फूड के रूप में मिलेट्स या श्रीअन्न के बारे में बात कर रही है, लेकिन प्रोफेसर स्वामीनाथन ने 1990 के दशक से ही मिलेट्स के बारे में चर्चा को प्रोत्साहित किया था। प्रो. स्वामीनाथन के साथ मेरी व्यक्तिगत बातचीत का दायरा बहुत व्यापक था। इसकी शुरुआत 2001 में मेरे गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में कार्यभार संभालने के बाद हुई। उन दिनों, गुजरात आज की तरह अपने कृषि सामर्थ्य के लिए नहीं जाना जाता था। हर कुछ साल पर पड़ने वाले सूखे, तबाही लाने वाले चक्रवात और भूकंप ने राज्य की विकास यात्रा को बुरी तरह प्रभावित किया था। उसी दौर में हमने सॉइल हेल्थ कार्ड की पहल की थी। हमारी कोशिश थी कि हमारे किसानों को मिट्टी को बेहतर ढंग से समझने और समस्या आने पर उसका समाधान करने में मदद मिले। इसी योजना के सिलसिले में मेरी मुलाकात प्रोफेसर स्वामीनाथन से हुई। उन्होंने इस योजना की सराहना की और इसके लिए अपने बहुमूल्य सुझाव भी साझा किये। उनका समर्थन उन लोगों को समझाने के लिए पर्याप्त था, जो इस योजना को लेकर संशय में थे। आखिरकार इस योजना ने गुजरात में कृषि क्षेत्र की सफलता का सूत्रपात कर दिया। मेरे मुख्यमंत्री रहने के दौरान और उसके बाद जब मैंने प्रधानमंत्री का पद संभाला, तब भी हमारी बातचीत चलती रही। मैं उनसे 2016 में इंटरनेशनल एग्रो-बायोडाइवर्सिटी कांग्रेस में मिला और अगले वर्ष 2017 में, मैंने उनके द्वारा लिखित दो-भाग वाली पुस्तक श्रृंखला लॉन्च की। 'कुरल' ग्रंथ के मुताबिक किसान वो धुरी हैं, जिसके चारों तरफ पूरी दुनिया घूमती है। ये किसान ही हैं, जो सब का भरण-पोषण करते हैं। प्रो. स्वामीनाथन इस सिद्धांत को अच्छी तरह समझते थे। बहुत से लोग उन्हें कृषि वैज्ञानिक कहते हैं, यानी कृषि के एक वैज्ञानिक, लेकिन, मेरा हमेशा से ये मानना रहा है कि उनके व्यक्तित्व का विस्तार इससे कहीं ज्यादा था। वे एक सच्चे किसान वैज्ञानिक थे, यानी किसानों के वैज्ञानिक। उनके दिल में एक किसान बसता था। उनके कार्यों की सफलता उनकी अकादमिक उत्कृष्टता तक ही सीमित नहीं है; ये लैब के बाहर, खेतों और मैदानों में स्पष्ट रूप से दिखती है। उनके कार्य ने साइंटिफिक नॉलेज और उसके प्रैक्टिकल उपयोग के बीच के अंतर को कम कर दिया। उन्होंने ह्यूमन एडवांसमेंट और इकोलॉजिकल सस्टेनेबिलिटी के बीच संतुलन पर जोर देते हुए हमेशा सस्टेनेबल एग्रीकल्चर की वकालत की।

यहां मैं विशेष तौर पर ये भी कहूंगा कि प्रो. स्वामीनाथन ने छोटे किसानों के जीवन को बेहतर बनाने और उन तक इनोवेशन का लाभ पहुंचाने पर बहुत जोर दिया। वे विशेष रूप से महिला किसानों के जीवन को बेहतर बनाने के प्रति समर्पित थे।

प्रोफेसर एम.एस. स्वामीनाथन के व्यक्तित्व का एक और पहलू भी है, जो बेहद उल्लेखनीय है। वो इनोवेशन और मेंटोरशिप को बहुत बढ़ावा देते थे। जब उन्हें 1987 में पहला वर्ल्ड फूड प्राइज मिला, तो उन्होंने इसकी पुरस्कार राशि का उपयोग एक गैर-लाभकारी रिसर्च फाउंडेशन की स्थापना में किया। आज भी, यह फाउंडेशन विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक कार्य कर रहा है। उन्होंने अनगिनत प्रतिभाओं को निखारा है और उनमें सीखने और इनोवेशन के प्रति जुनून पैदा किया है। तेजी से बदलती दुनिया में, उनका जीवन हमें ज्ञान, मार्गदर्शन और इनोवेशन की स्थायी शक्ति की याद दिलाता है। प्रोफेसर स्वामीनाथन एक संस्थान निर्माता भी थे। उन्हें कई ऐसे केन्द्रों की स्थापना का श्रेय जाता है, जहां आज वाइब्रेंट रिसर्च हो रही है। उन्होंने कुछ समय तक मनीला स्थित इंटरनेशनल राइस रिसर्च इंस्टीट्यूट में भी अहम जिम्मेदारी निभाई थी। दक्षिण एशिया में इस संस्थान का रीजनल सेंटर 2018 मंत वाराणसी में खोला गया था। मैं प्रो. स्वामीनाथन को श्रद्धांजलि देने के लिए फिर से 'कुरल' ग्रंथ को उद्धृत करूंगा। उसमें लिखा है, 卐यदि योजना बनाने वालों में दृढ़ता हो, तो वे वही परिणाम हासिल करेंगे, जो वे चाहते हैं।卐 प्रो. स्वामीनाथन एक ऐसे दिग्गज व्यक्ति थे, जिन्होंने अपने जीवन की शुरुआत में ही ये तय कर लिया था कि वो कृषि को मजबूत करेंगे और किसानों की सेवा करेंगे। उन्होंने इस संकल्प को बेहद ही रचनात्मक तरीके से और जुनून के साथ निभाया। जैसे-जैसे हम एग्रीकल्चरल इनोवेशन और सस्टेनेबिलिटी के रास्ते पर आगे बढ़ते रहेंगे, डॉ. स्वामीनाथन का योगदान हमें निरंतर प्रेरित व मार्गदर्शन प्रदान करता रहेगा। हमें उन सिद्धांतों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते रहना होगा, जो उन्हें बेहद प्रिय थे।

इन सिद्धातों में किसानों के हितों की वकालत करना, साइंटिफिक इनोवेशन के लाभ को कृषि विस्तार की जड़ों तक पहुंचना और आने वाली पीढ़ियों के लिए विकास, स्थिरता एवं समृद्धि को बढ़ावा देना शामिल है। मैं एक बार फिर प्रोफेसर स्वामीनाथन को अपनी विनम्र श्रद्धांजलि देता हूं।

## केन-बेतवा लिंक परियोजना बुंदेलखंड की युगांतकारी परिवर्तन-वाहिनी

विष्णु दत्त शर्मा

बुंदेलखंड की दो दशक पुरानी आस अब पूरी हो रही है। 18 साल से लंबित केन-बेतवा लिंक परियोजना का शुभारंभ क्षेत्र की प्यास के बुझने के साथ ही जीवन बदलने का ऐतिहासिक पड़ाव भी है। चार दशक से बुंदेलखंड की जनता को जिस दिन का बेसब्री से इंतजार था। वह दिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृढ़संकल्प से आ गया है। जिस सपने को भाजपा सरकार में ही पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल जी ने देखा और देश में 37 नदियों को आपस में जोड़कर जल संकट को दूर करने का बीड़ा उठाया था, जिसमें केन-बेतवा लिंक परियोजना भी थी, उसे अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में मूर्त रूप मिल गया है। यह भारत की पहली नदी जोड़ो परियोजना है। इसको अंतर्राज्यीय नदी हस्तांतरण मिशन के लिये एक मॉडल योजना के रूप में माना जाता है। लेकिन दुर्भाग्य से अटल जी के बाद की यूपीए सरकार ने इसमें रुचि नहीं दिखायी। हालांकि उन्होंने बुन्देलखंड की दुर्दशा पर राजनीतिक रोटियाँ खूब सेकीं। स्मरण रहे कि जब अटल जी ने नदियों को जोड़ने की जो परिकल्पना की थी, उनमें से केन-बेतवा पहला लक्ष्य था। देश में जल के संकट से सर्वाधिक प्रभावित बुन्देलखंड का ही क्षेत्र था, जिसका निदान मानवता की माँग थी। भाजपा सरकार क्षेत्र के इस जीवन-संकट को समझ रही थी।

स्वाधीन भारत में सर्वाधिक राजनितिक रोटियाँ बुंदेलखंड के पिछड़ेपन पर ही सेकी गईं। राजनीतिक पर्यटकों ने इसकी दुर्दशा की तस्वीरों को देश-विदेश में भी खूब प्रचारित किया, लेकिन जिनके हाथों में सात दशक तक इसके तकदीर की चाभी थी, उन्होंने उससे हर बार छल किया और बुंदेलखंड की दशा जस की तस बनी रही। जिस बुंदेलखंड के वीरता की गाथाएँ साहस देती हैं, वही बुंदेलखंड पानी के समर में कई दशकों से मात खाता रहा। उजड़ते गाँव और पलायन बुंदेलखंड की त्रासदी का वृतांत बताते हैं। भयानक सूखे की मार से बेहाल हो चुके बुंदेलखंड को कॉग्रेस सरकारों ने केवल नारे दिये और हर बार चुनाव बाद भुला दिया। बुंदेलखंड की जनता के जीवन में हर दिन अंधकार और अधिक घना होता गया और सपनों के सौदागर उन्हें सब्जबाग दिखाते रहे। कड़वा सच है कि विगत दशकों में बुन्देलखंड से करोड़ों लोग पलायन कर गये। पशुधन को बचाना, कृषि कार्य करना, जीवन के लिए जरूरी पानी जैसी समस्याएँ बुन्देलखंड की नसीब बन गयीं और जन-जीवन में और अँधेरा छाता चला गया। लेकिन जब सच्ची नीयत वाला नेतृत्व मिलता है तो लोकतंत्र में वह दिन आ ही जाता है, जब एक नया सवेरा अँधेरों छांट देता है। बुंदेलखंड के इतिहास में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ऐसा सवेरा लाने वाले सूरज की तरह हैं। मोदी जी के नेतृत्व का ही फल है कि जल, वन-भूमि साझाकरण और अधिग्रहण में आने वाली कठिनाईयों से जूझ रही केन-बेतवा लिंक परियोजना अब शुरू हो रही है। यह अकाट्य तथ्य है कि श्री मोदी जी के प्रयास से ही इस महान परियोजना की अनेक अड़चनें दूर हुईं और विश्व जल दिवस पर 8 मार्च को प्रधानमंत्री की उपस्थिति में यूपी और एमपी सरकारों ने इसके लिए अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए थे। सारी बाधाओं को पार कर अब मोदी सरकार ने 45 हजार करोड़ वाली केन-बेतवा लिंक जैसी बहुप्रतीक्षित परियोजना को जमीन पर उतार कर यहाँ समाज-जीवन की सरलता के सारे मार्ग प्रशस्त कर दिये हैं। इस परियोजना में 90 प्रतिशत राशि केंद्र सरकार देगी और शेष मध्यप्रदेश व उत्तर प्रदेश वहन करेंगे। इसके तहत केन नदी से बेतवा नदी में पानी भेजा जाएगा और 221 किलोमीटर लंबी संपर्क नहर निकाली जाएगी, जो झांसी के निकट बरुआ में बेतवा नदी को जल उपलब्ध कराएगी। केन-बेतवा लिंक प्रोजेक्ट से नॉन मानसून सीजन ( नवंबर से अप्रैल के बीच ) में क्रमशः मध्यप्रदेश को 1834 तथा उत्तर प्रदेश को 750 मिलियन क्यूबिक मीटर पानी मिल सकेगा। इसका लाभ मध्य प्रदेश में बुंदेलखंड के छतरपुर, पन्ना, टीकमगढ़, निवाड़ी, दमोह, सागर और दतिया के साथ-साथ शिवपुरी, विदिशा और रायसेन सहित अन्य जिलों को भी मिलेगा। केन-बेतवा लिंक कार्य के पूरा हो जाने से जहां 8 लाख 11 हजार हेक्टेयर में सिंचाई की सुविधा पहुंचाई जा सकेगी, वहीं 41 लाख लोगों को सहज तौर पर पीने का पानी मिल पाएगा। बुंदेलखंड में आने वाले उत्तर प्रदेश के 2 लाख 52 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई और पेय जल की सुविधा भी इससे मिल सकेगी। बाद में 103 मेगा वाट पनबिजली और 27 मेगावाट सौर ऊर्जा भी पैदा की जा सकेगी। भले ही देश में जल-संकट पर छिटपुट चर्चाएँ होती रहीं हों परन्तु यह एक अटल सत्य है कि 1999 में एनडीए सरकार बनने के बाद तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल जी ने ही पहली बार नदी जोड़ो परियोजना पर काम शुरू किया था। उस समय एक टॉस्क फोर्स का गठन करके आधारभूत कार्य किया गया। इस टॉस्क फोर्स ने देश की नदियों का वर्गीकरण करके एक रूपरेखा रखी कि किन नदियों को जोड़कर देश को पानी की समस्या से मुक्ति दिलाई जा सकती है। हालांकि 2004 में यूपीए सरकार बनते ही यह योजना ठंडे बस्ते में डाल दी गई। यूपीए की सरकार ने 10 साल नदी जोड़ो परियोजना घोर अनदेखी की। यह रवैया कॉंग्रेस के झूठे विकास की बानगी भी है जो इतिहास के पन्नों में सदा दर्ज रहेगी। कॉग्रेस की संवेदनहीनता का परिणाम बुंदेलखंड की जनता को भुगतना पड़ा है। लेकिन अब यहां की जनता का जीवन बदलने का रास्ता खुल गया है।

मोदी सरकार ने सक्रियता से केन-बेतवा लिंक परियोजना के लिए शुरू में ही राष्ट्रीय जल विकास प्राधिकरण को इसकी कमान सौंपी तथा प्राधिकरण की मॉनिटरिंग का जिम्मा केंद्रीय जल संसाधन मंत्री को दिया ताकि यह कार्य तेज गति से पूरा हो सके। इसके लिए अप्रैल 2015 में एक स्वतंत्र कार्यबल भी गठित किया था। आज उसी सक्रियता, सुशासन और कार्य-संस्कृति का परिणाम है कि देश की पहली नदी जोड़ो परियोजना के रूप में केन-बेतवा लिंक प्रारंभ हो रही है और बुंदेलखंड की जनता का यह महान सपना पूरा हो रहा है। मोदी सरकार द्वारा निर्मित बुंदेलखंड की जीवन रेखा केन-बेतवा लिंक परियोजना अब यहां युगांतकारी परिवर्तन लाएगी। जल-संकट खत्म होने के साथ ही महिलाओं के जीवन में बड़ा बदलाव आएगा। उन्हें मीलों सिर पर पानी ढोने से निजात मिलेगी। पानी की उपलब्धता से स्वच्छता बढ़ेगी और उनका स्वास्थ्य भी ठीक रहेगा। इस परियोजना से बुंदेलखंड में सामाजिक-सांस्कृतिक-आर्थिक स्तर ऊँचा होगा। नहरों का विकास होगा, पनबिजली से सस्ती बिजली मिलेगी तथा वनीकरण भी बढ़ेगा। आर्थिक समृद्धि आने से जीवन बदलेगा और बुंदेलखंड की सांस्कृतिक धरोहरों के प्रति रुझान बढ़ेगा तो पर्यटन उद्योग भी निखरेगा। खाद्य सम्पन्नता और रोजगार के अवसर मिलेंगे तो पलायन पर विराम लगेगा।आज जिसबुंदेलखंड की पहचान अकाल और सूखा की है, वह बुंदेलखंड भविष्य में हरियाली से पहचाना जाएगा। जो बुंदेलखंड गरीबी से जाना जाता है,वह समृद्ध बुंदेलखंड बनेगा और भविष्य में अपने गौरवशाली अस्मिता के साथ सारी दुनिया को आकर्षित करेगा।

## कारोबार से मोटी कमाई कर रहे बॉलीवुड सितारे

बॉलीवुड सितारे काफी महंगी और रॉयल लाइफ जीते हैं। इन स्टार्स का ये खर्चा सिर्फ फिल्मों से नहीं निकलता। बॉलीवुड में बहुत से सितारे ऐसे भी हैं जो अतिरिक्त आय के लिए कारोबार भी करते हैं। फिल्मों से ज्यादा ये सितारे अपने कारोबार से करोड़ों रुपए कमा लेते हैं। कुछ ऐसे ही सितारे हैं।

शाहरुख खान

शाहरुख खान अभिनेता होने के साथ कारोबारी भी हैं। शाहरुख खान रेड चिल्लीज प्राइवेट लिमिटेड नाम का एक प्रोडक्शन हाउस चलाते हैं। यहां बड़ी-बड़ी फिल्मों का वीएफएक्स वर्क होता है। साथ ही वो आईपीएल टीम कोलकाता नाइट राइडर्स के मालिक भी हैं। किंग खान ने हाल ही में किडजीनिया की इंडियन फ्रेंचाइजी में 26 प्रतिशत का शेयर खरीदा है।

सुनील शेट्टी

बॉलीवुड के अन्ना सुनील शेट्टी भी कारोबारी है। सुनील शेट्टी ने भले ही फिल्मों से दूरी बना ली हो लेकिन वो अपने बिजनेस के चलते देशभर में मशहूर हैं। सुनील शेट्टी के पूरे देश में जिम हैं। इसके साथ उनका प्रोडक्शन हाउस भी बॉलीवुड में कई सारी फिल्में रिलीज कर चुका है। इसके अलावा अन्ना ने रियल इस्टेट में भी अपना पैसा लगा रखा है।

सलमान खान

सलमान खान फिल्मों के अलावा कारोबार में भी हाथ आजमा रहे हैं। सलमान खान की बीइंग ह्यूमन नाम से एक कंपनी है जो कपड़े से लेकर साइकिल तक बनाती है। इसके अलावा सलमान के प्रोडक्शन हाउस में टीवी शोज का निर्माण होता है। हाल ही में सलमान ने द कपिल शर्मा शो पर भी पैसे लगाए हैं ।

शिल्पा शेट्टी

शिल्पा शेट्टी ने बॉलीवुड करियर से ब्रेक लेने के बाद कारोबार की ओर रुख किया। शिल्पा ने अपनी योगा सीडी लांच की है। इसके साथ शिल्पा अपने पति राज कुंद्रा के साथ राजस्थान रॉयल्स नाम की एक आईपीएल टीम की भी मालकिन हैं।

जॉन अब्राहम

बॉलीवुड एक्टर जॉन अब्राहम भी फिल्मों के अलावा अपने व्यवसाय पर ध्यान देते हैं।

## स्ट्रीट लाइब्रेरी

विजय गर्ग

एक स्ट्रीट लाइब्रेरी, जिसे थोड़ी निःशुल्क लाइब्रेरी या पुस्तक विनिमय के रूप में भी जाना जाता है, एक छोटी संरचना है जो आमतौर पर सड़क के कोने पर या सार्वजनिक स्थान पर स्थित होती है जहां लोग दूसरों के आनंद के लिए किताबें ले या छोड़ सकते हैं। ये पुस्तकालय अक्सर एक छोटे घर या कैबिनेट के आकार में बनाए जाते हैं और अक्सर राहगीरों का ध्यान आकर्षित करने के लिए सजाए जाते हैं। सड़क पुस्तकालयों की अवधारणा 2009 में शुरू हुई जब हडसन, विस्कॉन्सिन के टॉड बोल ने अपनी मां, एक पूर्व स्कूल शिक्षक और पुस्तक प्रेमी के सम्मान में एक कमरे के स्कूलहाउस की एक छोटी प्रतिकृति बनाई। उन्होंने संरचना को किताबों से भर दिया और इसे अपने सामने के आँगन में एक चौकी पर रख दिया, जिससे पड़ोसियों को स्वतंत्र रूप से किताबें लेने या छोड़ने की अनुमति मिल गई। यह विचार तेजी से फैल गया, और अब दुनिया भर में हजारों छोटे निःशुल्क पुस्तकालय हैं।

स्ट्रीट लाइब्रेरी साक्षरता, सामुदायिक जुड़ाव और पुस्तकों के प्रति प्रेम को बढ़ावा देती हैं। इन्हें अक्सर स्वयंसेवकों द्वारा चलाया और रखरखाव किया जाता है, जो पुस्तकों को व्यवस्थित करने का ध्यान रखते हैं, यह सुनिश्चित करते हुए कि विभिन्न प्रकार की शैलियाँ और आयु सीमाएँ उपलब्ध हैं। कुछ सड़क पुस्तकालय समुदाय की भावना को और अधिक बढ़ावा देने के लिए पुस्तक क्लब या कहानी कहने के सत्र जैसे कार्यक्रम भी आयोजित करते हैं।

ये पुस्तकालय एक सरल सिद्धांत पर काम करते हैं- एक किताब लो, एक किताब छोड़ दो। कोई भी व्यक्ति सड़क पुस्तकालय से किताब उधार ले सकता है और पढ़ने के बाद उसे वापस कर सकता है। लोगों को ऐसी किताबें दान करने के लिए भी प्रोत्साहित किया जाता है जिनकी उन्हें अब आवश्यकता नहीं है या वे नहीं चाहते हैं, जिससे सभी के आनंद के लिए पठन सामग्री का निरंतर चक्र सुनिश्चित हो सके। स्ट्रीट लाइब्रेरी शहरी क्षेत्रों, उपनगरीय इलाकों और यहां तक कि ग्रामीण कस्बों में भी पाई जा सकती हैं, जो सभी के लिए पुस्तकों तक पहुंच प्रदान करती हैं। वे साझा करने की भावना और सामुदायिक भावना को बढ़ावा देते हैं, क्योंकि लोग नई पुस्तकों की खोज करने और साहित्यिक सामूहिकता में योगदान करने में आनंद लेते हैं।

## क्या है जीवन का सार

दुख एक मानसिक कल्पना है। कोई पदार्थ, व्यक्ति या क्रिया दुख नहीं है। संसार के सब नाम-रूप गधा-हाथी, स्त्री-पुरुष, पशु-पक्षी, वृक्ष-लता आदि खिलौने हैं। हम अपने को खिलौना मानेंगे तो गधा या हाथी होने का सुख-दुख होगा, अपने को स्वर्ण, मूल्यधातु देखेंगे तो यह मनुष्य देह नहीं रहेंगे। हम विराट् हैं, साक्षात् ब्रह्म है। जो मनुष्य इस जगत प्रपंच को सत्य देखता है, उसे माया ने ठग लिया है। जो पहले भी नहीं थे, आगे भी नहीं रहेंगे, बीच में थोड़ी देर को दिखाई दे रहे हैं, उन्हीं को सब कुछ समझ कर माया मोहित मनुष्य व्यवहार कर रहा है। तत्वज्ञान शिक्षा देता है कि जो कुछ दिखाई दे, उसे दिखाई देने दो, जो बदलता है, उसे बदलने दो, जो आता-जाता है, उसे आने जाने दो। यह सब जादू का खेल है।

ये हि संस्पर्शजा भोगा दुःखयोनय एव ते। आद्यन्तवन्तः कौन्तेय न तेषु रमते बुधः।

पुराणों में एक कथा आती है- महाराज जनक के जीवन में कोई भूल हो गई थी। मरने पर उन्हें यमलोक जाना पड़ा। वहां उससे कहा गया- नरक चलो। महाराज जनक तो ब्रह्मज्ञानी थे। उन्हें क्या स्वर्ग, क्या नरक। वे प्रसन्नतापूर्वक चले गए। नरक में पहुंचे तो चारों ओर से पुकार आने लगी- महाराज जनक जी! तनिक यहीं ठहर जाइए।

महाराज जनक ने पूछा- यह कैसा शब्द है ?

यमदूतों ने कहा-नरक के प्राणी चिल्ला रहे हैं।

जनक ने पूछा-क्या कह रहे हैं ये ?

यमदूत बाले-ये आपको रोकना चाहते हैं।

जनक ने आश्चर्य से पूछा-ये मुझे यहां क्यों रोकना चाहते हैं ?

यमदूत बोले- ये पापी प्राणी अपने-अपने पापों के अनुसार यहां दारुण यातना भोग रहे हैं। इन्हें बहुत पीड़ा थी। अब आपके शरीर को स्पर्श करके पुण्य वायु इन तक पहुंची तो इनकी पीड़ा दूर हो गई। इन्हें इससे बड़ी शांति मिली।

जनक जी बोले-हमारे यहां रहने से इन सबको शांति मिलती है, इनका कष्ट घटता है तो हम यहीं रहेंगे।

तात्पर्य यह है कि भला मनुष्य नरक में पहुंचेगा तो नरक भी स्वर्ग हो जाएगा और बुरा मनुष्य स्वर्ग में पहुंच जाए तो स्वर्ग को भी नरक बना डालेगा। अतः देखना चाहिए कि हम अपने चित्त में नरक भरकर चलते हैं या स्वर्ग लेकर। जब हमें लगता है कि समस्त विश्व मेरी आत्मा में है, तब रोग-द्वेष, संघर्ष-हिंसा के लिए स्थान कहां रह जाता है ?

# संक्षिप्त समाचार

### सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

महाराजगंज। थाना क्षेत्र के निचलौल ठूठीबारी मार्ग पर नौवाबारी गांव के पास शनिवार शाम करीब 7 बजे हुई सड़क हादसे में बाइक सवार एक युवक घायल हो गया। जिसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निचलौल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं हादसे की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे परिजनों में कोहराम मच गया। परसा मलिक थाना क्षेत्र के मिश्रवलिया निवासी हिमांशु मिश्रा (20) किसी कार्य से बाइक से निचलौल आए थे। देर शाम लौट रहे थे। अभी वह निचलौल ठूठीबारी मार्ग स्थित नौवाबारी गांव के पास पहुंचे थे। इसी बीच एक तेज रफ्तार वाहन ने उन्हें चपेट में ले लिया। जिस दौरान घायल हिमांशु मिश्रा की मौत हो गई। कोतवाली ठूठीबारी थाना प्रभारी निरीक्षक उमेश कुमार ने कहा कि शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### मनचले ने स्कूल से लौट रही छात्रा का हाथ पकड़ कर खींचा, जमीन पर गिरी

मैनपुरी। मैनपुरी में मनचले ने स्कूल से लौट रही छात्रा का हाथ पकड़ कर खींच लिया। इससे वह जमीन पर गिर गई और उसे चोट लग गई। इससे पीड़िता व परिवार दहशत में हैं। उत्तर प्रदेश के मैनपुरी में स्कूल से घर लौट रही अनुसूचित जाति की छात्रा से मनचले ने छेड़छाड़ की। आरोपी ने छात्रा को रोक कर अभद्रता की। उसका हाथ पकड़ कर खींचा। इसके चलते छात्रा जमीन पर गिर गई। लोगों को आता देख आरोपी धमकी देकर भाग गया। तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। दन्नाहार थाना क्षेत्र के गांव निवासी छात्रा पांच अक्तूबर को स्कूल गई थी। शाम के समय वह स्कूल से घर वापस लौट रही थी। तभी आरोपी ब्रजेश चौहान अचानक सामने आ गया। छात्रा से छेड़छाड़ करते हुए उसका हाथ पकड़ लिया और खींचने लगा। अचानक हुई घटना से छात्रा बुरी तरह से सहम गई। आरोपी के हाथ पकड़कर खींचने से छात्रा जमीन पर गिर गई। इस दौरान पीछे से स्कूल की अन्य छात्राओं को आता देख आरोपी वहां से भाग गया। डरी सहमी छात्रा घर पहुंची और परिजन को घटना की जानकारी दी। परिजन छात्रा को लेकर थाने पहुंचे। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी ब्रजेश चौहान के खिलाफ छेड़छाड़, एससीएसटी सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

### ट्रक लूट के मामले में आरोपी की 34 लाख की संपत्ति कुर्क

मथुरा। फ्रिज से भरे ट्रक को लूटने के मामले में पुलिस ने फरार आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की। शनिवार को एसडीएम व सीओ ने पुलिस फोर्स के साथ गांव नगला उटावड़ पहुंचकर आरोपी की 34 लाख रुपये की संपत्ति कुर्क कर ली। प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार ने मुनादी कराई। इसके साथ ही कब्जे में लिए गए मकान, पुश्तैनी जमीन की खरीद फरोख्त पर भी रोक लगा दी। आरोपी जुबैर पुत्र अली मोहम्मद निवासी नगला उटावड़ की अवैध रूप से अर्जित की गई संपत्ति को एसडीएम श्वेता सिंह, सीओ गौरव कुमार त्रिपाठी ने पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचकर कब्जे में ले लिया। डीएम ने संपत्ति का रिसीवर छाता एसडीएम को नियुक्त किया है। सीओ गौरव त्रिपाठी ने बताया कि जुबैर ट्रक छोड़कर फरार है। एसडीएम श्वेता सिंह ने बताया कि ग्रामीणों के बीच पहुंचकर इस संबंध में मुनादी करा दी गई है।

क्या था मामला

गौतमबुद्ध नगर के थाना जहांगीर क्षेत्र के टंकी वाला मोहल्ला निवासी चालक कैलाश 9 नवंबर 2022 को अपने सह-चालक राजू निवासी दुकड़िया मोहल्ला हुड्डा सेक्टर-2 पलवल के साथ लाजिस्टक ट्रांसपोर्ट फरीदाबाद के ट्रक में फरीदाबाद से एक कंपनी के फ्रिज लेकर ग्वालियर जा रहा था। राजमार्ग पर गांव अजीजपुर के पास बदमाशों ने ओवरटेक कर हथियारों के बल पर रोकने के बाद चालक, क्लीनर को बंधक बना लिया और ट्रक लूट ले गए। बदमाश ने खैरीट के पास चालक को फेंक दिया और ट्रक को मेवात की ओर ले गए। पुलिस ने ट्रक को मेवात क्षेत्र से बरामद कर लिया। प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार ने बताया कि शातिर जुबैर फ्रिज से भरे ट्रक लूट के मामले में शामिल था।

### सीनियर वर्ग में 1500 मीटर दौड़ में आंचल और जूनियर में अंशिका अव्वल

विंध्याचल। श्रीमती देवकली इंटर कॉलेज के खेल मैदान में शनिवार को स्कूली क्षेत्रीय बालिका एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें 100 मीटर सीनियर वर्ग दौड़ में जमालपुर की अंकिता यादव, जूनियर वर्ग में भुड़ली की सुप्रिया, सब जूनियर में जमालपुर की स्नेहा के अलावा 200 मीटर दौड़ सीनियर वर्ग में खजुरौल की उजाला पटेल, जूनियर में भुड़ली की सुप्रिया एवं सब जूनियर में भुड़ली की काजल प्रथम स्थान पर रहीं। इसी तरह 800 मीटर दौड़ में सब जूनियर वर्ग में जमालपुर की आशा मौर्या, 400 मीटर दौड़ सीनियर वर्ग में जमालपुर की आंचल पाल, जूनियर वर्ग में मनउर की साक्षी यादव, 1500 मीटर सीनियर वर्ग दौड़ में जमालपुर की आंचल पटेल एवं जूनियर वर्ग में अंशिका यादव प्रथम स्थान पर रहीं। गोला प्रक्षेप में सीनियर वर्ग में जमालपुर की अनामिका, जूनियर वर्ग में जमालपुर की अंजनी यादव, सब जूनियर वर्ग में अदलहाट की मीनाक्षी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। ऊंची कूद सीनियर वर्ग में जमालपुर की आंचल, जूनियर में जमालपुर की सपना, सब जूनियर में जमालपुर की स्नेहा, लंबी कूद सीनियर वर्ग में जमालपुर की अंकिता यादव, जूनियर में जमालपुर की गरिमा एवं सब जूनियर में जमालपुर की स्नेहा प्रथम स्थान पर रहीं। निर्णायक केशव सिंह, राहुल सिंह एवं सतीश सिंह रहे।

### छात्र ने गोल्ड मेडल पर जमाया कब्जा

विंध्याचल। जनता इंटर कॉलेज बरगावं के छात्र संदीप यादव ने उत्तर प्रदेश के लिए गोल्ड मेडल जीता है। मध्य प्रदेश के विदिशा में नेशनल गेम्स ऑफ स्कूल द्वारा आयोजित राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश की तरफ से प्रतिभाग करते हुए जनता इंटर कॉलेज कूबा बरगावं के छात्र संदीप कुमार यादव ने हरियाणा के पहलवान को 7-0 से मात देकर गोल्ड मेडल पर कब्जा जमाया। प्रांतीय खेल में गोरखपुर को हराकर स्वर्ण पदक जीतने वाले संदीप 15 दिन का प्रशिक्षण लेने के बाद राष्ट्रीय खेल में भाग लेने के लिए इन दिनों मध्य प्रदेश के विदिशा जिले में राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर रहे हैं। जिसमें उन्होंने बृहस्पतिवार की शाम हरियाणा के पहलवान पक्वित्तर सिंह को 62 किलोग्राम भार वर्ग में 7-0 से हराकर गोल्ड मेडल पर कब्जा किया। गोल्ड मेडल जीतने पर संयुक्त शिक्षा निदेशक कामता राम पाल, जिला विद्यालय शिक्षक अमरनाथ सिंह पटेल आदि ने खुशी जताई।

### नशीला पदार्थ पिलाकर युवती से दुष्कर्म

मुरादाबाद। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती को कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर पिला दिया और उसके साथ दुष्कर्म। इस दौरान आरोपी ने मोबाइल से वीडियो बना ली। पुलिस ने इस मामले में तीन नामजद और एक अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। युवती के पिता ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि जून में आरोपियों में से एक के साथ उसने अपनी बेटी का रिश्ता तय किया था। जिसके बाद से आरोपी उसके घर आता जाता था और परिजनों के न रहने पर वह उसकी बेटी को बाइक पर घुमाने ले जाता था। आरोप है कि कुछ दिन पहले वह उसकी बेटी को बाइक से लेकर मुरादाबाद स्थित एक होटल में पहुंचा और उसे कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलकर पिला दिया। जिससे उसकी बेटी बेहोश हो गई। इस दौरान आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया। इस दौरान उसका बहनोई व दो अन्य व्यक्ति भी मौजूद रहे। आरोपियों ने उसकी बेटी की वीडियो भी बना ली। इसके बाद आरोपी रिश्ता तोड़ने की बात कहता रहा। जब उसने व उसके परिजनों ने आरोपी के पिता से बात की तो उन्होंने रिश्ता तोड़ दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रईस अहमद, उसके बहनोई, सब्बीर अहमद व एक अन्य के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### मेयर और नगर आयुक्त को धमकी से नहीं डरेंगे शिवसैनिक

मुरादाबाद। शिव सेना (शिंदे गुट) की शनिवार को जिला कार्यालय में बैठक हुई, जिसमें शिवसैनिकों के खिलाफ नगर निगम की ओर से दिए गए तहरीर पर चर्चा की गई। कहा गया कि शिव सैनिक धमकी से न डरे हैं और न ही डरेंगे। धमकी का कड़ा विरोध किया जाएगा। शिवसैनिक गड्ढा मुक्त सड़कों के लिए आंदोलन और तेज करेंगे। मंडल प्रमुख डॉ. रामेश्वर दयाल तुरैहा ने कहा कि महानगर की सड़कों पर गड्ढे ही गड्ढे हैं। अवैध ढंग से साप्ताहिक बाजार लगवा रहे हैं। काशीपुर व बाजपुर प्राइवेट बस अड्डा संचालित करा रहे हैं। इन समस्याओं को लेकर शिवसैनिकों ने पांच अक्तूबर को डीएम को ज्ञापन दिया था।

इससे बौखलाए नगर आयुक्त व मेयर ने शिव सैनिकों को डराने के लिए थाने में तहरीर दी है। रविवार को बैठक कर आंदोलन की आगे की रणनीति तय की जाएगी। इस दौरान जिला प्रमुख गुड्डू सैनी, ठाकुर मंजू राठौर, मनोज ठाकुर, अंकित ठाकुर, राकेश प्रजापति, विजय सेठ, कुशल सिंह, लखवीर सिंह, ओमप्रकाश आदि मौजूद रहे।

## भारत-नेपाल की 84 किमी सीमा पर कड़ी नजर, पेट्रोलिंग बढ़ाने पर जोर

महराजगंज। भारत-नेपाल सीमा पर एसएसबी ने जहां जवानों की संख्या बढ़ा दी है। वहीं दूसरी तरफ सरहद की पगडंडियों पर भारत और नेपाल देशों की पुलिस के साथ संयुक्त पेट्रोलिंग की जा रही है। महराजगंज का 84 किलोमीटर बॉर्डर नेपाल से जुड़ा है। जनपद की अंतरराष्ट्रीय सीमा खुली है। कहीं से कोई भी नोमेंस लैंड पार कर एक-दूसरे देश में प्रवेश कर सकता है। महराजगंज जनपद में कोल्हुई से लेकर पथलहवा बॉर्डर तक एसएसबी के 17 बीओपी हैं, जहां से बॉर्डर की निगरानी की जा रही है। भारत-नेपाल सीमा पर करीब 104 पगडंडियां है, जिसमें कुछ स्थानों पर पैदल के अतिरिक्त पहुंचने का कोई साधन नहीं है। रात के अंधेरे में पेट्रोलिंग कड़ी चुनौती है। जिलाधिकारी अनुनय झा और पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने भारत-नेपाल की सोनौली सीमा का दौरा किया और दोनों अधिकारियों ने सीमा की सुरक्षा को लेकर बारीकी से सुरक्षाबलों सहित अन्य एजेंसियों से जानकारी ली।

जिलाधिकारी ने पुलिस चौकी और एसएसबी चेक पोस्ट के अधिकारियों से सवाल किया कि जिस रास्ते से रोजाना हजारों लोगों की आवाजाही होती है, आप लोगों के पास सुरक्षा के क्या प्रबंध हैं।

एसएसबी जवानों ने बताया कि सीसीटीवी कैमरा से हर आने-जाने वाले यात्रियों की निगरानी की जाती है। साथ ही आने-जाने वालों की आईडी चेक, खुफिया तंत्र मजबूत आदि सीमा पर मुस्तैद है।

## छत से गिरकर युवक की मौत

विंध्याचल। थाना क्षेत्र के भारतीय स्टेट बैंक चौराहे के पास स्थित सोनकर बस्ती में एक युवक छत से गिर गया। परिजन उसे मंडलीय चिकित्सालय ले गए। जहां डॉक्टरो ने उसे मृत घोषित कर दिया। क्षेत्र के सोनकर बस्ती निवासी गोविंद सोनकर (27) पुत्र विज्जल सोनकर रात में खाना खाने के बाद छत पर सोने चला गया। शनिवार को सुबह शौच के लिए उठकर छत के किनारे आया ही था कि अनियंत्रित होकर नीचे गिर गया। परिजन उसे मंडलीय चिकित्सालय ले गए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत से परिवार में कोहराम मच गया। गोविंद से दो बच्चे हैं। वे बावली चौराहे पर सब्जी की दुकान लगाया करते थे। कोतवाल अरविंद मिश्रा ने बताया कि छत से गिरकर युवक की मौत हो गई।

## मालगाड़ी के डिब्बे पटरी पर लाकर शुरू किया ट्रेनों का आवागमन

विंध्याचल। जंक्शन के यार्ड स्थित लाइन नंबर छह पर शुक्रवार की शाम पटरी से उतरे मालगाड़ी के डिब्बों को शनिवार को भोर में तीन बजे दुर्घटना राहत टीम ने पटरी पर चढ़ाया। पटरी से डिब्बे उतरने के कारण लाइन नंबर छह के साथ ही लाइन नंबर पांच पर भी आवागमन प्रभावित हो गया था।

इससे चुनार चोपन के बीच रेल संचालन बाधित रहा। शनिवार को डिब्बों को पटरी पर चढ़ाने के बाद सुबह पांच बजे अप त्रिवेणी एक्सप्रेस चुनार जंक्शन पहुंची। इसके बाद वह आगे के लिए रवाना हुई। शुक्रवार की शाम चुनार-चोपन ब्रांच लाइन पर मालगाड़ी के तीन डिब्बे पटरी से उतर गए थे। इससे ब्रांच लाइन पर ट्रेनों का परिचालन बाधित हो गया था। पटरी से डिब्बों के उतरने की जानकारी होने के बाद प्रयागराज मंडल की दुर्घटना राहत टीम के अलावा उप मंडल प्रबंधक अजय कुमार राय सहित कई अधिकारी पहुंचे और परिचालन शुरू कराने की कोशिशें शुरू की। काफी मशक्कत के बाद शनिवार को भोर में तीन बजे डिब्बों को पटरी पर चढ़ाया गया। उसके बाद ट्रेनों का परिचालन शुरू हुआ। दुर्घटना किस कारण हुई, इस बारे में अधिकारी कुछ भी बताने से बचते रहे। स्टेशन अधीक्षक मेजर सिन्हा ने बताया कि अप लाइन से त्रिवेणी एक्सप्रेस को रवाना करने के कुछ देर बाद डाउन लाइन से भी परिचालन शुरू हो गया।

हादसे की जांच के लिए कमेटी गठित

मिर्जापुर। चुनार में मालगाड़ी के तीन डिब्बो के पटरी से उतर जाने के मामले में जांच टीम गठित हो गई है। जांच टीम मामले की जांच करेगी कि हादसा कैसे हुआ। यह हादसा मालगाड़ी के साथ हुआ था। संयोग रहा कि पैसेंजर ट्रेन के साथ हादसा नहीं हुआ।

नहीं तो बड़ी घटना हो जाती है। मालगाड़ी की तीन बोगी रेलवे लाइन से उतरी है तो जांच जरुरी है। इसके लिए टीम को गठन किया गया है। रेलवे पीआरओर अमित सिंह ने बताया कि सुबह तीन बजे के करीब तीन डिब्बो को पटरी पर चढ़ा दिया गया। ट्रेन का आवागमन शुरु हो गया। रेलवे की सुरक्ष टीम, आरपीएफ आदि की टीम गठित की गई है। जो मामले की जांच कर रिपोर्ट सौपेंगी। जांच में दुघटनाो कारण का पता लगाया जाएगा।

## पत्नी ने घर में बुलाए थे भाई और उसके दोस्त, ड्यूटी से आते ही पति ने दरवाजा खोला तो जमकर हुई पिटाई

मुरादाबाद। सीओ सिविल लाइंस अर्पित कपूर ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी पत्नी समेत अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। उनकी गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

मुरादाबाद के मझोला थाना क्षेत्र में रहने वाले बैंक कैशियर ने अपनी पत्नी और उसके भाइयों के खिलाफ केस दर्ज कराया है। जिसमें कैशियर ने बताया कि पत्नी ने अपने भाइयों को बुलाकर उस पर हमला कराया है। जालौन जनपद इंद्रा नगर ऊरई निवासी देवेंद्र कुमार केनरा बैंक की केनरा बैंक की सिरसखेड़ा शाखा में कैशियर के पद पर तैनात हैं। देवेंद्र कुमार अपनी पत्नी सपना वर्मा और पांच वर्षीय बेटी के साथ मझोला के लाइन पार चाऊ की बस्ती में रहते हैं। देवेंद्र ने बताया कि शुक्रवार सुबह करीब पांच बजे पत्नी ने अपने भाई सुनील वर्मा को बुला रखा था। घर का दरवाजा खोलते ही जालौन के ऊरई निवासी सुनील वर्मा, उसका दोस्त पंकज पांचाल और दो अज्ञात लोग घर में घुस आए। आरोपियों ने हॉकी और लात घूंसों से उन्हें बुरी तरह पीटा। आरोप है कि धारदार हथियार से भी हमला किया गया। देवेंद्र के शोर मचाने पर आसपास के लोग आ गए। इसके बाद आरोपी धमकी देते हुए मौके से भाग निकले। सीओ सिविल लाइंस अर्पित कपूर ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी पत्नी सपना वर्मा, साले सुनील वर्मा, पत्नी के दोस्त पंकज पांचाल और दो अज्ञात के खिलाफ मारपीट, धमकी देने और एसपी एसटी एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है।

तमंचा लेकर घूमता मिला जिला बदर बदमाश

सिविल लाइंस पुलिस ने जिला बदर आरोपी रिजवान उर्फ रियाज को तमंचे के साथ गिरफ्तार किया है। अगवानपुर के मोहल्ला कुरैशियान निवासी रिजवान उर्फ रियाज के खिलाफ गोकशी में कार्रवाई की थी। इसके बाद गैंगस्टर एक्ट में भी उसके खिलाफ केस दर्ज किया गया था।

जिला प्रशासन ने आरोपी रिजवान उर्फ रियाज को 23 अगस्त 2023 को जिला बदर कर दिया था। इस आदेश के अनुसार आरोपी जिले की सीमा के अंदर नहीं रह सकता था।

इसके बावजूद आरोपी अपने घर पर ही रह रहा था। शुक्रवार रात पुलिस ने आरोपी रिजवान उर्फ रियाज को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से तमंचा और दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। शनिवार को पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया।

## गैस सिलिंडर लीक होने से लगी आग पूरे घर में फैली

पानीपत। किशनपुरा में एक मकान में गैस रिसाव के कारण एलपीजी गैस सिलिंडर में आग लग गई। देखते ही देखते ही आग पूरे घर में फैल गई। परिवार के सदस्य दौड़कर मकान से बाहर निकले और डायल 112 पर सूचना दी। किशनपुरा चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और आग बुझाने में जुट गई। उसके बाद दमकल की टीम मौके पर पहुंची और करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। किशनपुरा चौकी प्रभारी एएसआई प्रमोद ने बताया कि उनके पास डायल 112 के माध्यम से सूचना आई थी कि किशनपुरा पीपल वाली गली में एक मकान में आग लगी है। सूचना मिलते ही वह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और आसपास के मकानों को पहले खाली कराया और लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। उसके बाद पुलिस कर्मियों के साथ बाल्टियों से आग बुझाने में जुट गए। काफी देर की मेहनत के बाद आग कुछ काबू हुई तो उन्होंने दमकल को सूचना दी।

## विंध्य कॉरिडोर में होंगी विश्व स्तरीय सुविधायें -जितिन प्रसाद

विंध्याचल। विंध्य कॉरिडोर में विश्व स्तरीय सुविधायें उपलब्ध होंगी। भव्यता ऐसी होगी की समूचे विश्व की निगाहें यहां आकर टिक जाएंगी। यहह जानकारी मां विंध्य वासनी का दर्शन-पूजन करने के बाद शनिवार को प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहीं। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोगों से कुछ सुझाव व शिकायतें मिली हैं। जिस पर हम लोग समीक्षा बैठक करेंगे। मंत्री ने कहा कि लोक निर्माण विभाग की तरफ से बहुत सारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इसी क्रम में मां विंध्यवासिनी के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तरफ से भव्य विंध्य कॉरिडोर का निर्माण कराया जा रहा है। श्री काशी विश्वनाथ कॉरिडोर की तर्ज पर यहां भी कॉरिडोर का निर्माण कार्य प्रगति पर है। उन्होंने कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल, नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुंदर केसरी, भाजपा जिलाध्यक्ष बृजभूषण सिंह के साथ निर्माणाधीन विंध्य कॉरिडोर का निरीक्षण भी किया। इसके पूर्व लोक निर्माण मंत्री ने मां विंध्यवासिनी के दर्शन के पश्चात कार्यदायी संस्था के परियोजना प्रबंधक वीरेन्द्र कुमार से परियोजना व उसकी डिजाइन के बारे में जानकारी ली। इस दौरान कुछ लोगों ने पक्काघाट मार्ग की चौड़ाई डिजाइन के कारण सकरा किए जाने तथा विद्युत निगम द्वारा बड़े-बड़े पैनल बॉक्स लगाए जाने से होने वाली परेशानी के संबंध में मंत्री से शिकायत की। इस पर मंत्री ने पक्काघाट, कोतवाली मार्ग तथा परिपथ का निरीक्षण किया। इसके पूर्व जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने पुष्प गुच्छ भेंटकर उनका स्वागत किया। भाजपा के नगर अध्यक्ष पश्चिमी भावेश शर्मा ने अंगवस्त्र प्रदान कर मंत्री का अभिनंदन किया।

## नमाज पढ़कर लौटे युवक की गर्दन काटकर हत्या

### *फंदे पर शव लटकाया, हालत देख दंग रह गए परिजन*

मेरठ। मेरठ के लोहियानगर थाने में रविवार को एक बड़ी वारदात को अंजाम दिया गया। यहां एक युवक की गर्दन काटकर बेरहमी से हत्या कर दी गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल में जुटी है। मेरठ के लोहियानगर थानाक्षेत्र में रविवार सुबह एक युवक की बेरहमी से हत्या कर दी गई। घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। बताया गया कि युवक आज सुबह नमाज पढ़कर लौटा था। इसके बाद जब सुबह परिवार के अन्य सदस्य उठे तो युवक को चाय पीने के लिए आवाज लगाई। काफी देर तक उत्तर नहीं देने पर परिजनों ने कमरे में झांककर देखा तो उसका शव कमरे में फंदे पर लटका मिला। युवक का शव देख परिजनों की चीख निकल गई। तुरंत वारदात की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल में जुट गई है। सूचना पर लोहिया नगर इंस्पेक्टर केपी सिंह पुलिस फोर्स के साथ पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फॉरेंसिक टीम मामले की जांच के लिए बुलाया गया है। मृतक अपने परिवार और पत्नी से भी विवाद चल रहा था। पुलिस ने छोटे भाई को हिरासत में लिया है। पुलिस के मुताबिक घटना आशियाना कॉलोनी गली नंबर-18 की है। मृतक की शिनाख्त शहजाद (26) के तौर पर हुई है। शहजाद के घर के अगले हिस्से में पॉवरलूम की मशीन लगी है, जबकि पूरा घर पीछे की ओर रहता है। वारदात के वक्त घर के लोग अंदर ही थे। पुलिस पूछताछ में मृतक की मां ने बताया के रोजाना की तरह रविवार सुबह सुबह 6 बजे शहजाद घर से नमाज पढ़ने मस्जिद गया था। वापस आया और फिर अपने कमरे में चला गया। 8 बजे तक भी वह कमरे से बाहर नहीं निकला। हम लोग घर के दूसरे कामों में लग गए। जब उसे चाय के लिए बुलाने कमरे में गए तो दरवाजा अंदर से बंद था। खिड़की से देखा तो वह फांसी पर लटका हुआ था। शोर मचाकर पड़ोसियों को बुलाया। पड़ोसियों के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को पंखे से उतारा। देखा कि शव की गर्दन कटी हुईहै इसके बाद शव लटकाया है। शहजाद के पिता की मौत हो चुकी है। वह मां, छोटी बहन गुलशन, छोटा भाई अकरम के साथ रहता है। घरवालों ने बताया कि 4 साल पहले ही शहजाद का निकाह हुआ है। शहजाद के साथ उसकी पत्नी, बच्चे पूरा परिवार इसी घर में रहता है। सीओ कोतवाली अमित कुमार राय का कहना है कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतक की गर्दन पर धारदार हथियार से वार के निशान मिले हैं।

## जल्द होगा कान्हा गोशाला का निर्माण, शासन ने जारी किया बजट

मथुरा। नगर में बनने वाली कान्हा गोशाला को शासन ने 82 लाख रुपये का बजट जारी कर दिया है। गोशाला को मंजूरी पूर्व में मिल गई थी। बजट मिलने के बाद जल्द ही निर्माण कार्य शुरू होने की उम्मीद है। जिलाधिकारी के निर्देश पर नगर पालिका प्रशासन कान्हा गोशाला को जमीन पर उतारने को तत्पर है। इसके लिए चेयरमैन धर्मवीर अग्रवाल ने ऊर्जा एवं नगर विकास मंत्री अरविंद शर्मा से मुलाकात कर गोशाला के लिए धन आवंटित किए जाने की मांग की। नगर में बेसहारा पशुओं की बड़ी समस्या है। हालांकि इसके लिए जिम्मेदार पशुपालक ही हैं। काम निकल जाने पर पशुपालक ही गोवंश को भटकने के लिए छोड़ देते हैं। इसका खामियाजा नगरवासियों को भुगतना पड़ता है। इस समस्या से निपटने को शासन ने कान्हा गोशाला का निर्माण कराने का फैसला लिया था।

नगर पालिका ईओ निहाल सिंह ने बताया कि गोशाला में बाउंड्रीवॉल, गेट, सबमर्सिबल पंप, बोरिग, चिकित्सक रूम, स्टोर रूम, नाद, चारा रखने व पशुओं के रहने के लिए टिनशेड का निर्माण कराया जाएगा। रोशनी के लिए सौर ऊर्जा पावर प्लांट लगेगा। 500 गोवंश रखने की व्यवस्था होगी।

500 पशुओं की क्षमता वाली कान्हा गोशाला का निर्माण मिल गली में होगा। इसमें करीब एक करोड़ 65 लाख रुपये की लागत आएगी।

## सड़क की गुणवत्ता खराब मिलने पर मंत्री नाराज

मिर्जापुर। प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद ने अष्टभुजा डाक बंगले में प्राविधिक शिक्षा एवं उपभोक्ता मामले के मंत्री आशीष पटेल व विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर निर्माण कार्य में हुई प्रगति की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उन्होंने अहरौरा-मड़िहान-लालगंज मार्ग की गुणवत्ता पर असंतोष व्यक्त किया। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन से उन्होंने कहा कि सड़क की गुणवत्ता की जांच के लिए टीम गठित कर नमूने लेकर किसी अच्छे संस्थान के लैब में जांच कराएं। जांच में गुणवत्ता खराब मिलने पर संबंधित सहायक व अवर अभियंता के खिलाफ कार्रवाई की संस्तुति करने का निर्देश दिया। उन्होंने लोक निर्माण विभाग द्वारा जिले में कराये जाने वाले सड़क निर्माण, मरम्मत व पैचवर्क के कार्य में तेजी लाकर निर्माण कार्य समय से पूरा कराने का निर्देश दिया।

उन्होंने लोक निर्माण विभाग के निर्माण खंड के अधिशासी अभियंता से संतुष्टिपरक जवाब नहीं देने पर कड़ी नाराजगी जताई। साथ ही संबंधित ठेकेदार पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने यह भी कहा कि जब तक गुणवत्ता की जांच रिपोर्ट प्राप्त न हो जाये, तब तक संबंधित ठेकेदार का भुगतान न करें। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के सभी अधिशासी अभियंताओं को कार्य स्वीकृति के तीन माह के अंदर बांड भरवाने से सहित अन्य प्रक्रिया पूरी कराने का निर्देश दिया। उन्होंने चुनार विधानसभा क्षेत्र में मिर्जापुर से पचेंगढ़ा के पास कलकलिया नदी पर अक्टूबर 2021 में सड़क निर्माण स्वीकृत होने के 14 माह के बाद बांड भडे जाने पर निर्माण खंड के अधिशासी अभियंता से कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने उक्त सड़क को दीपावली से पूर्व हर हाल में पूरा कराकर फोटोग्राफ सहित रिपोर्ट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी सड़कों पर पैचवर्क व मरम्मत कार्य एक माह के अंदर पूरे कराने का निर्देश दिया। नगर विधानसभा क्षेत्र के चील्ह से धोबहा मार्ग पर डेढ़ किमी सड़क का कार्य शुरू नहीं होने पर नाराजगी जताई और 10 दिन के अंदर निर्माण कार्य पूरा कराने का निर्देश दिया। उन्होंने मझवां विधानसभा क्षेत्र के पुतरहिया सम्पर्क मार्ग, कछवां से कटिका मार्ग, कनौरा मेन गढ़हिया नाला तथा विधानसभा नगर के मझिगवा से लंका पहाड़ी सम्पर्क मार्ग, महुवारी कला महुआडाढ़ सम्पर्क मार्ग, अकोढ़ी बबुरा जोपा मार्ग, दामोदार सम्पर्क मार्ग, चकसारी सम्पर्क मार्ग के निर्माण में हुई प्रगति की भी समीक्षा की। छानबे विधानसभा क्षेत्र के बहुतीमय चकचैरा सम्पर्क मार्ग, एनएच से पतुलिकी सम्पर्क मार्ग, लालगंज विजयपुर के किलोमीटर चार से रानीबारी से समुदायिक केन्द्र तक, विजयपुर भटेवरा भारतगंज मार्ग तथा लहंगपुर दुबार पचेरख हलिया मार्ग के नवीनीकरण एवं निर्माण एवं पैचवर्क कार्य की भी समीक्षा की। उन्होंने मड़िहान विधानसभा के कलवारी रैकरा मार्ग, राजगढ़ विकास खंड के ग्राम लहौरा पहिती मार्ग, लालगंज कलवारी हल्दी मिश्र मार्ग का निर्माण कार्य अविलंब शुरू कराने का निर्देश दिया। कहा कि 40 लाख की लागत वाली स्वीकृत सड़कों को चिह्नित कर तत्काल कार्य शुरू कराएं।

उधर, प्रदेश के प्राविधिक शिक्षा एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्री आशीष पटेल ने बताया कि केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुप्रिया पटेल द्वारा सड़कों के पैच वर्क व मरम्मत के लिये सूची उपलब्ध कराई गई थी। सूची पर अब तक क्या कदम उठाए गए, उस बारे में केंद्रीय मंत्री को अभी तक कोई जानकारी नहीं उपलब्ध कराई गई है। इस पर लोक निर्माण मंत्री ने अधिशासी अभियंताओं को हिदायत दी कि केंद्रीय मंत्री उपलब्ध कराई गई सूची पर कृत कार्यवाही से तत्काल अवगत कराएं। साथ ही जिन सड़कों के पुनर्निर्माण व मरम्मत आदि के लिये सूची प्रस्तावित की जाय, उसके पूर्व जनप्रतिनिधियों से सम्पर्क कर उनका प्रस्ताव भी अवश्य प्राप्त कर लें।

प्राविधिक शिक्षा एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्री ने मतवार-हलिया सम्पर्क मार्ग तथा गैपुरा एवं शिवपुर रेलवे ओवरब्रिज की प्रगति के बारे में भी जानकारी ली। बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष बृजभूषण सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुंदर केसरी, मुख्य विकास अधिकारी श्रीलक्ष्मी वीएस आदि मौजूद रहे।

## एशियन गेम्स-हरियाणा के खिलाड़ियों की धूम, 33 प्रतियोगिताओं में जीते पदक

सोनीपत। एशियाड में भारत के कुल 655 खिलाड़ियों ने भाग लिया था। इनमें 86 खिलाड़ी हरियाणा के थे। इनमें से 38 खिलाड़ी पदक लाने में कामयाब रहे। एशियाई खेलों में भारत ने अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर नया रिकॉर्ड बनाया है। पहली बार 107 मेडल खिलाड़ियों ने अपने नाम किए। इनमें से 33 खेल प्रतियोगिताओं में हरियाणा के खिलाड़ियों ने व्यक्तिगत व टीम स्पर्धा में मेडल हासिल किए हैं। हरियाणा के खिलाड़ियों ने 10 स्वर्ण, 6 रजत और 17 कांस्य पदक जीते। 17 खिलाड़ियों ने व्यक्तिगत स्पर्धा में मेडल जीता जबकि 16 खिलाड़ी टीम इवेंट में मेडल लेकर आए। हरियाणा के चार खिलाड़ियों नीरज चोपड़ा, पलक गुलिया व मनु भाकर-रिदम सांगवान की जोड़ी ने स्वर्ण पदक हासिल किया है। सबसे अधिक मेडल निशानेबाजी व कुश्ती में जीते।

सीएम भी गदगद, गोल्ड लाने वाले को तीन करोड़ मिलेंगे

खिलाड़ियों के प्रदर्शन से मुख्यमंत्री मनोहर लाल भी गदगद हैं। उन्होंने खिलाड़ियों के लिए करोड़ों रुपये की राशि का एलान किया है। स्वर्ण पदक जीतने वाले खिलाड़ी को 3 करोड़, रजत पदक विजेता को 1.5 करोड़, कांस्य पदक विजेता को 75 लाख और प्रतिभागी खिलाड़ी को 7.5 लाख रुपये इनामी राशि के रूप में दी जाएगी।

हॉकी में बेटियों को कांस्य, टीम का प्रतिनिधित्व कर रही थीं सोनीपत जिले की तीन बेटियां

चीन के हांगझोऊ में आयोजित एशियन गेम्स में कांस्य पदक के लिए हुए मुकाबले में भारतीय महिला हॉकी टीम ने जापान को 2-1 से हराकर जीत दर्ज की। मुकाबले में सोनीपत की बेटी नेहा गोयल ने दूसरा गोल करने में साथी खिलाड़ी का सहयोग किया। वहीं मोनिका मलिक व निशा वारसी ने भी बेहतर खेल का प्रदर्शन किया।

कांस्य पदक के लिए खेले गए फाइनल मुकाबले में भारतीय महिला हॉकी टीम के सामने जापान की टीम थी। टीम ने कांटे के मुकाबले में 2-1 से जीत दर्ज की। देश का प्रतिनिधित्व कर रही सोनीपत के आर्यनगर की नेहा गोयल की मदद से उनकी साथी खिलाड़ी सुशीला चानू ने 50वें मिनट में गोल दागकर देश को कांस्य दिला दिया। प्रतियोगिता में खेल रही सोनीपत के गांव गामड़ी की बेटी मोनिका व वेस्ट नगर निवासी निशा वारसी ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए देश को पदक जीतने में भूमिका निभाई।

नेहा गोयल के परिजनों ने भारतीय टीम की जीत के बाद सभी का मुंह मीठा कराया। नेहा की मां सावित्री ने बताया कि बेटियों ने बेहतर खेल दिखाया। बेटियों ने कांस्य पदक जीता है। ओलंपिक में इसका रंग बदलकर सोना जीतेंगी। निशा वारसी के पिता सोहराब ने बताया कि बेटी ने विपरीत परिस्थिति में भी देश के खेलकर कांस्य पदक दिलाया है। उनकी पत्नी मेहरून की तबीयत कई माह पहले बिगड़ गई थी। तब बेटी राष्ट्रीय कैंप में थी। बेटी कैंप से वापस आई तो उनकी पत्नी की तबीयत फिर से खराब हो गई। उसके बाद 2 जुलाई को उनकी पत्नी का निधन हो गया था। उसके कुछ दिन बाद ही बेटी राष्ट्रीय कैंप में चली गई। वहां से चीन के हांगझोऊ में जाना पड़ा। विपरीत स्थिति के बावजूद बेटी ने देश के लिए खेलकर मान बढ़ाया। उनकी टीम ने कांस्य पदक जीता है। अब ओलंपिक में भारतीय महिला हॉकी टीम सोना जीतकर लौटेगी।

एशियाई के बाद अब राष्ट्रीय खेलों में दम दिखाएंगे हरियाणवी खिलाड़ी

एशियाई खेलों के बाद अब प्रदेश के 800 खिलाड़ी राष्ट्रीय खेलों में अपना दमखम दिखाएंगे। 25 अक्तूबर से गोवा में शुरू होने वाले 37वें राष्ट्रीय खेलों की तैयारी को लेकर हरियाणा ने तैयारियां मुकम्मल करनी शुरू कर दी हैं। शनिवार को इस संबंध में पंचकूला स्थित हरियाणा ओलंपिक भवन के कार्यालय में प्रदेश स्तरीय बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय खेलों के हरियाणा इंचार्ज और ओलंपिक एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष, पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर ने की। प्रदेशभर से आए खेल संघ के पदाधिकारियों के साथ बैठक करते हुए खिलाड़ियों की ट्रायल, कैंप और अन्य सुविधाओं को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

ग्रोवर ने कहा कि गोवा में 25 अक्तूबर से लेकर नौ नवंबर तक 37वें राष्ट्रीय खेल होंगे। 26 अक्तूबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राष्ट्रीय खेलों का उद्घाटन करेंगे। करीब 800 खिलाड़ियों का दल हरियाणा का प्रतिनिधित्व करेगा। 43 खेलों में हरियाणा के खिलाड़ी भाग लेंगे। बैठक में आगामी दिनों में खिलाड़ियों के ट्रायल और कैंप को लेकर खेल संघ के पदाधिकारियों के साथ योजना बनाई गई। सभी खिलाड़ियों को स्पोर्ट्स किट उपलब्ध करवाई जाएगी। ग्रोवर ने कहा कि विभिन्न कमेटियों का गठन किया गया है, जो खेल संघ के पदाधिकारियों और खिलाड़ियों के साथ एक बेहतर तालमेल रखेंगी।

2022 में गुजरात में हुए 36वें राष्ट्रीय खेलों में हरियाणा ने देशभर में तृतीय स्थान हासिल किया था। छारा गांव के दीपक ने कुश्ती में दिलाया रजत बहादुरगढ़। चीन में जारी एशियन गेम्स में गांव छारा के पहलवान दीपक पुनिया ने कुश्ती में सिल्वर पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया है। विजेता पहलवान की उपलब्धि से उनकी गांव में खुशी का माहौल है तथा ग्रामीणों ने ढोल की थाप पर नाचकर दीपक की उपलब्धि की खुशी मनाई। दीपक पहलवान की उपलब्धि पर उनके गांव में बधाई देने वालों का तांता लगा है। आम आदमी पार्टी के प्रदेश सह सचिव एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य अश्विनी दुल्हेड़ा पहुंचे तथा उन्होंने दीपक के परिजनों को मिठाई खिलाते हुए बधाई दी। ग्रामीणों ने कहा कि उन्हें अपने गांव के बेटे पर नाज है। दीपक के लौटने पर गांव में उनका भव्य स्वगत किया जाएगा।

## हाईकोर्ट बेंच की मांग

### वकीलों के निर्णय से टेंशन में आएंगे सांसद-विधायक, बैठक में पास हुआ ये बड़ा प्रस्ताव

मेरठ। वकीलों ने हाईकोर्ट बेंच की मांग को लेकर एक बड़ा निर्णय लिया है। अब वकीलों के इस निर्णय से सांसदों और विधायकों की टेंशन बढ़ जाएगी। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट बेंच की स्थापना की मांग को लेकर केंद्रीय संघर्ष समिति की बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया कि प्रत्येक माह के प्रथम शनिवार को सभी जिलों के अधिवक्ता अपने-अपने जनपद व तहसील के सांसद और विधायक का घेराव कर बेंच की मांग करेंगे। आगामी चुनाव में बेंच नहीं तो वोट नहीं के स्लोगन का स्टीकर द्वारा प्रचार किया जाएगा। शनिवार को जिला बार एसोसिएशन के महात्मा गांधी सभागार में हुई, जिसमें पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सभी जिलों के बार पदाधिकारी ने भाग लिया। अध्यक्षता संघर्ष समिति के चेयरमैन कुंवरपाल शर्मा और संचालन संयोजक विनोद चौधरी ने किया।

बैठक में निर्णय लिया गया कि 11 अक्तूबर को पश्चिम उत्तर प्रदेश के समस्त जिलों एवं तहसील के बार संगठन के अधिवक्ता हड़ताल पर रहेंगे और अपने-अपने जनपदों के मुख्य चौराहे पर 12 से दो बजे तक जाम करते हुए धरना प्रदर्शन करेंगे। वहीं, 21 अक्तूबर को भी पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अधिवक्ता हड़ताल पर रहेंगे और अपने अपने जिले के जिलाधिकारी कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन करेंगे। 25 अक्तूबर को पश्चिम उत्तर प्रदेश के सभी जिलों एवं तहसील के बार पदाधिकारी बेंच की स्थापना के लिए प्रचार प्रसार के लिए प्रेस वार्ता आयोजित करेंगे। यह भी निर्णय लिया गया कि समिति की अगली बैठक 28 अक्तूबर को जिला बार एसोसिएशन गाजियाबाद के सभागार में होगी, जिसमें खंडपीठ की स्थापना के लिए पैदल मार्च की तिथि पर विचार विमर्श किया जाएगा।

सभा में जिला बार बिजनौर के अध्यक्ष एसके बबली महामंत्री संजय कुमार, बार एसोसिएशन गाजियाबाद के अध्यक्ष राकेश त्यागी महामंत्री स्नेह त्यागी, नजीबाबाद के अध्यक्ष धीरेंद्र सिंह सचिव जितेंद्र कुमार, मुजफ्फरनगर के महामंत्री विजेंद्र मलिक, नोएडा बार एसोसिएशन के महामंत्री नीरज सिंह तंवर, हापुड़ बार के अध्यक्ष हाजी एनुल हक, महामंत्री नरेंद्र शर्मा मोदीनगर से संजय मुद्गल, सरधना बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मलखान सिंह सैनी महामंत्री अरविंद प्रताप सिंह, जिला बार शामली के अध्यक्ष विजेंद्र कुमार महामंत्री सतेंद्र शर्मा मुरादाबाद संगठन के अध्यक्ष अशोक कुमार सक्सेना महामंत्री अभय सिंह सहित अनिल कुमार तोमर, आनंद कश्यप, अनिल जंगला, आनंद सिंह, मिसबाहुद्दीन सिद्दीकी, गजेश मालिक, प्रदीप कुमार, राहुल देव, आबिद अली, सतेंद्र जांघिड़, मुकेश त्यागी, रजत पालीवाल, अनुज तोमर, सुमित शर्मा, आशीष कौशिक आदि ने विचार रखे।

# संक्षिप्त समाचार

## मंच पर सीएम के आने का रास्ता बदलेगा

मथुरा। 11 अक्तूबर से आयोजित होने वाले चार दिवसीय पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति महोत्सव मेले की तैयारियों का जायजा लेने के लिए शनिवार को कमिश्नर और आईजी ने दीनदयाल धाम का निरीक्षण किया। हेलीपैड, स्मारक स्थल, मंच का जायजा लेने के बाद महोत्सव समिति के सदस्यों को आवश्यक निर्देश भी दिए। तय हुआ कि पूर्व में तय सीएम के स्मारक स्थल से सभा के मंच तक आने के मार्ग को बदला जाएगा। दरअसल, मेले का उद्घाटन सीएम योगी आदित्यनाथ के द्वारा किया जाना प्रस्तावित है। इसे देखते हुए मंडलायुक्त ऋतु माहेश्वरी, आईजी दीपक कुमार, डीएम शैलेंद्र सिंह, एसएसपी शैलेश पांडेय ने निरीक्षण के क्रम में मेला आयोजकों के साथ बैठकर व्यवस्थाएं और सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। पं. दीनदयाल उपाध्याय के स्मारक पर पहुंचकर दीप जलाकर पंडितजी को नमन किया। मुख्यमंत्री के डी ब्लॉक, आगमन व प्रस्थान करने वाले मार्गो का निरीक्षण किया। अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देश दिए कि सुरक्षा के मानकों का ध्यान रखते हुए सभी कार्यों को समय से पूर्ण कराएं। इस मौके पर मेला समिति के अध्यक्ष सोहनलाल शर्मा, मंत्री मनीष अग्रवाल, कोषाध्यक्ष नरेंद्र पाठक, समिति सदस्य वीरेंद्र मौर्य, स्मारक के निदेशक सोनपाल आदि मौजूद रहे।

## दुकानों के बाहर से तीन ट्रॉली सामान जब्त, 9 हजार रुपये का जुर्माना वसूला

वृंदावन। मथुरा-वृंदावन नगर निगम ने शनिवार को सौ फुटा रोड से पापड़ी चौराहा और वैष्णोदेवी मंदिर तक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। इस दौरान दुकानों के आगे रखे सामान को जब्त कर तीन ट्रैक्टर-ट्रॉली में रखवाया गया और 9 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया। अपर नगर आयुक्त क्रांतिशेखर सिंह के निर्देशन में नगर निगम की टीम ने शनिवार सुबह करीब 11 बजे से सौ फुटा रोड से अतिक्रमण हटाओ अभियान की शुरुआत की। टीम ने दुकानों के आगे रखीं कुर्सियां, टेबल, तख्त, पट्टे, साइन बोर्ड जब्त किए। रोड पर खड़े ठेली वालों के चालान काटे और उन्हें हिदायत दी है कि वह मार्ग पर दोबारा खड़े न हों। फुटपाथ के अंदर ही खड़े होकर सामान बेचें। ठेलों से 9 हजार रुपये जुर्माना वसूल किया। सौ फुटा से पर्यटन सुविधा केंद्र और उसके आसपास के क्षेत्र में भी टीम ने रेहड़ी पटरी और ठेलों वालों को हटाया। इसके बाद नगर निगम की टीम रमणरेती मार्ग से लेकर वैष्णो देवी मंदिर तक पहुंची। मंदिर के सामने गलत तरीके से खड़ी ठेलों और रेहड़ियों को व्यवस्थित तरीके से कतारबद्ध खड़ा कराया। टीम में नगर निगम कार्यालय प्रभारी श्रीगोपाल वशिष्ठ, सफाई निरीक्षक सुभाष चंद्र, गोपाल शर्मा, रॉबिन एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## जल संरक्षण के लिए हर दिन 5-10 किमी पैदल सफर

मथुरा। मां को तीन किलोमीटर दूर जाकर पानी लाने की पीड़ा देखकर मन में ऐसा प्रण किया कि पेयजल को न तो व्यर्थ होने दूंगा और गांव-गांव जाकर जल संरक्षण के प्रति जागरूक करूंगा। यही प्रण पूरा करने के लिए मानगढ़ी गांव निवासी सुभाष नौहवार हर दिन पैदल ही 5-10 किलोमीटर दूरी कर लोगों को जागरूक कर रहे हैं। सुभाष शनिवार को मथुरा पहुंचे। उन्होंने बताए कि वह जल संरक्षण के लिए हर दिन हाथ में बैनर लिए पांच से दस किलोमीटर का सफर अकेले ही तय करते हैं। बैनर पर लिखा था, गली-गली में जाना होगा पानी को बचाना होगा। सुभाष ने बताया उनके गांव में पेयजल की भारी किल्लत है। बचपन में वो मां को तीन किलोमीटर दूर से पानी भरकर लाते हुए देखते थे। तभी उन्होंने ठान लिया कि वो जब तक जिएंगे, लोगों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करते रहेंगे। वह यूपी के कई जिलों के अलावा दक्षिण भारत तक का सफर तय कर चुके हैं। उन्होंने बताया कि खुर्जा से निकलने वाली उतासानी माइनर का पानी तिलकगढ़ी गांव के टेल तक पहुंचता था। गांव तक पानी पहुंचाने के लिए उन्होंने खुद फावड़ा लेकर डेढ़ किलोमीटर तक नाली बनाई। अधिकारियों से मुलाकात कर गांव तक पानी पहुंचाया। अब किसानों को फसल की सिंचाई में परेशानी नहीं होती।

## पूर्व प्रधान के खिलाफ वित्तीय अनियमितताओं की जांच पूरी

मथुरा। कचनऊ गांव के पूर्व प्रधान के खिलाफ चल रही जांच पूरी हो गई है। जिला कार्यक्रम अधिकारी अब जांच रिपोर्ट जिलाधिकारी को सौंपेंगीं। ग्रामीणों ने पूर्व ग्राम प्रधान के खिलाफ वित्तीय अनियमितताओं की शिकायत की थी। बलदेव ग्राम पंचायत के गांव कचनऊ के पूर्व प्रधान अनिल सिंह के खिलाफ जिला कार्यक्रम अधिकारी अधिकारी बुद्धि मिश्रा ने जांच कर रिपोर्ट तैयार कर ली है। उन्होंने बताया कि गांव निवासी होशियार सिंह और अन्य ग्रामीणों ने पूर्व प्रधान के खिलाफ विकास कार्यों में गड़बड़ी करने और वित्तीय अनियमितता के आरोप लगाए थे। मौके पर जाकर विकास कार्यों का सत्यापन करवाया गया। ग्रामीणों के बयान भी दर्ज किए गए। जांच पूरी हो गई है, अब इसे डीएम को सौंपी जाएगी।

## मदन गोपाल के सिर सजा बार संघ अध्यक्ष का ताज

मथुरा। अधिवक्ताओं की प्रतिष्ठित संस्था दि मथुरा बार एसोसिएशन के अध्यक्ष पद का ताज मदन गोपाल के सिर सजा। शनिवार देर रात परिणाम जारी होते ही उनके समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। हालांकि पहले चरण से उनकी जीत तय थी। वे अंत तक अपने सभी प्रतिद्वंद्वियों पर बढ़त बनाए रहे। उन्होंने निकटतम प्रतिद्वंद्वी प्रदीप शर्मा को 358 मतों के अंतर से हराया। सचिव पद पर गोपाल गौतम ने जीत हासिल की। देर रात विजेताओं का ढोल नगाड़ों के साथ मिष्ठान वितरण कर अभिनंदन किया गया। बोहरे कन्हैया लाल हॉल में मथुरा बार एसोसिएशन के प्रतिष्ठापूर्ण चुनाव को लेकर शनिवार सुबह 9 बजे मतगणना की प्रक्रिया शुरू हुई। कुल छह पदों के लिए 33 उम्मीदवारों में कड़ी प्रतिस्पर्धा रही। उपाध्यक्ष पद पर सुरेंद्र कुमार चतुर्वेदी ने भानु प्रकाश गौतम को 145 वोटो से शिकस्त दी। वहीं, सचिव पद पर गोपाल गौतम आई ने शिवकुमार लवानिया को 85 वोटों के अंतर से हराया। संयुक्त सचिव पद पर सुनील शर्मा, ऑडिटर पद पर मधु भार्गव और कोषाध्यक्ष पद पर बृजेश गौतम की जीत हुई। इससे पहले शुक्रवार को हुए मतदान में 2903 में से 2793 मत पड़े थे।

## बकाया वसूली कर रोकी जाए बिजली चोरी

मैनपुरी। अधीक्षण अभियंता विद्युत ने अधिशासी अभियंताओं के साथ शनिवार को पावर हाउस में बैठक करके बकाया वसूली और बिजली चोरी की समीक्षा की। बिजली चोरी रोककर बकाया बिल वसूली के लिए बड़े स्तर पर अभियान चलाने के निर्देश दिए। पावर हाउस स्थित अधीक्षण अभियंता कार्यालय में अधीक्षण अभियंता विद्युत रविप्रताप सिंह ने बिजली चोरी अभियान के संबंध में चलाए जा रहे अभियान की समीक्षा की। अधीक्षण अभियंता ने कहा बिजली चोरी किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं होगी। अगर कोई बिजली चोरी कराने में शामिल होगा तो उसके खिलाफ कार्रवाई होगी। बकाया बिल वसूली के लिए बड़े बकाएदारों की सूची बनाई जाए। उन्होंने कहा कि बिजली कटौती के समय जेई और एसडीओ कॉल रिसीव करके उपभोक्ताओं को कटौती के संबंध में सही जानकारी दें। मीटर रीडर और लाइनमैन पारदर्शिता के साथ काम करें। शिकायत मिलने पर जांच के बाद कार्रवाई होगी। बिजली चोरी और बकाया जमा कराने की नियमित रूप से समीक्षा की जा रही है। अधिशासी अभियंता मागेंद्र अग्रवाल, दीपक मिश्रा, आशीष गुप्ता मौजूद रहे।

## सनातन धर्म के लिए जागरूक हों

मैनपुरी। शौर्य यात्रा की सफलता के लिए तैयारियों की एक बैठक शनिवार को खरपरी रोड स्थित विश्व हिंदू परिषद के शिविर कार्यालय पर हुई। विहिप जिलाध्यक्ष सुमित चौहान ने कहा कि 9 अक्तूबर को शिव पैलेस पर विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल द्वारा निकाली जा रही शौर्य यात्रा आ रही है। यात्रा घिरोर होते हुए मैनपुरी पहुंचेगी। उन्होंने कहा कि मैनपुरी शहर में भी यात्रा निकाली जाएगी। इसको लेकर क्षेत्र में प्रचार वाहन के माध्यम से लोगों से कार्यक्रम में पहुंचने की अपील की जा रही है। सभी सनातनी हिंदू इस शौर्य यात्रा में शामिल हों।

एकजुटता का परिचय दें। 9 अक्तूबर को अपनी ताकत का अहसास कराएं। यात्रा की सफलता के लिए पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। बैठक में सिद्धनाथ पांडेय, अजय पांडेय, संदीप पचौरी मौजूद रहे। किशनी में शौर्य जागरण यात्रा के लिए हिंदूवादी नेताओं ने शनिवार को किशनी सहित देहात में संपर्क किया। लोगों को बताया कि शौर्य यात्रा 9 अक्तूबर को मैनपुरी पहुंचेगी। हिंदूवादी लोग मैनपुरी में शौर्य यात्रा में जरूर शामिल हों।

## नौ व दस को होगा विश्वकर्मा योजना के आवेदकों का चयन

महाराजगंज। विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत छह ट्रेडों के आवेदकों का चयन नौ व दस अक्तूबर को होगा। दोनों दिन तीन-तीन ट्रेड के आवेदक अपने शैक्षिक व अन्य प्रमाणपत्रों के साथ चयन प्रकिया में हिस्सा लें। विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत जिले में इस बार दर्जी, बढ़ई, नाई, मोची, टोकरी बुनकर, लोहार व राजमिस्त्री ट्रेड में कुल 925 ओवदकों को लाभान्वित करना है। दर्जी छोड़कर अन्य किसी भी ट्रेड में मानक के मुताबिक आवेदक नहीं मिले हैं। ऐसे में विभाग को तिथि बढ़ाते हुए आवेदन लेना पड़ा।

## डेंगू और बुखार से 11 लोगों की मौत, गांवों की स्थिति चिंताजनक, स्वास्थ्य विभाग के राहत के दावे फेल

मुरादाबाद। स्वास्थ्व अधिकारियों का कहना है कि गांवों में लगातार शिविर लगाए जा रहे हैं। मौत के बारे में पता लगाया जा रहा है। उधर, बुखार से ग्रामीण लगातार तप रहे हैं। मुरादाबाद जिले में शुक्रवार को डेंगू और बुखार से 11 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में किशोर से लेकर बुजुर्ग तक शामिल हैं। जिले में अब तक साठ से अधिक लोगों की डेंगू और बुखार से मौत हो चुकी है। जिले में बुखार से सबसे अधिक ठाकुरद्वारा तहसील क्षेत्र में पांच लोगों ने दम तोड़ा है। मरने वाले गोपीवाला, शरीफ नगर और भायपुर गांव के रहने वाले थे। वहीं, कुंदरकी के गांव मोहनपुर में डेंगू पीड़ित किशोरी ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। ग्राम नूरपुर में 27 वर्षीय युवक की भी डेंगू से मौत हो गई। जांच में दोनों में डेंगू की पुष्टि हुई थी। वहीं, पाकबड़ा के रतनपुर कलां में बुखार से दो लोगों की मौत हो गई। जान गंवाने वालों में महिला और युवक शामिल हैं। दोनों तीन-चार दिनों से बुखार की शिकायत थी। इसके अलावा इसके अलावा बिलारी के बीरमपुर गांव में छात्रा, अगवानपुर में 14 वर्षीय किशोर ने भी दम तोड़ दिया।जिले में शुक्रवार को डेंगू के 70 नए मरीज मिले हैं। यह अब तक एक दिन में पॉजीटिव मिले मरीजों की सर्वाधिक संख्या है। इस तरह अब तक डेंगू के कुल 781 मरीज मिल चुके हैं। जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ. प्रवीण श्रीवास्तव ने बताया कि बृहस्पतिवार को बिलारी, डिलारी, मूंढापांडे, ठाकुरद्वारा, भोजपुर, कुंदरकी और मुरादाबाद शहर में 1400 से ज्यादा लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। यदि किसी को डेंगू या मलेरिया के लक्षण हैं, तो हेल्पलाइन नंबर 0591-2411224 पर सूचना दे सकता है। मौत के हर मामले का ऑडिट कराया जाएगा। हमारी टीम गांवों में जाकर स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगा रही है। संचारी रोग नियंत्रण अभियान शुरू हो गया है। सीएचसी में बेड बढ़ाए जा रहे हैं।

# अन्नू रानी अपने गांव बहादरपुर पहुंची, मां ने उतारी आरती

मेरठ। देश भर के 233 शहरों में मेरठ सबसे प्रदूषित शहरों की श्रेणी में शामिल हुआ है। वहीं एशियन गेम्स में स्वर्ण पदक जीतने वाला अन्नू रानी आज अपने गांव बहादरपुर पहुंची। उनके स्वागत के लिए शहरवाशी जोर शोर से तैयारी में जुटे थे। देश के 223 शहरों की सूची में शुक्रवार को मेरठ सबसे प्रदूषित शहरों में नंबर एक पर रहा। यहां का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 262 दर्ज किया गया। दूसरे नंबर पर मुजफ्फरनगर और तीसरे पर शामली रहा। अभी आने वाले दिनों में एक्यूआई और भी बढ़ेगा। एशियन गेम्स में स्वर्ण पदक विजेता जेवलिन थ्रोवर खिलाड़ी अन्नु रानी का का गांव वापसी पर आज को जोरदार स्वागत किया गया। उनके स्वागत की ग्रामीणों ने सुबह से ही तैयारी शुरू कर दी। गांव का नाम रोशन करने पर क्षेत्र के लोग अन्नु रानी का स्वागत करने के लिए बेताब नजर आए। वह सबसे पहले परतापुर के काशी टोल प्लाजा पर पहुंची, जहां पर उनका जोरदार स्वागत हुआ। इसके बाद ग्रामीण व शहरवासी उनके साथ गाड़ियों में रवाना हुए और ढोल नगाड़ों के साथ कंकरखेड़ा के लिए लेकर रवाना हुए।

चीन के हांगझोऊ में चल रहे एशियाई खेलों में भारत का नेतृत्व करते हुए बहादरपुर गांव निवासी किसान अमरपाल की बेटी अन्नु रानी ने स्वर्ण पदक पर कब्जा किया है। इसके बाद से परिजन, ग्रामीण व आसपास के लोग बेटी अन्नु रानी के स्वागत के इंतजार में पलकें बिछाए हुए हैं। आज अन्नु रानी अपनी मातृभूमि लौटी हैं। वहीं जश्न के दौरान अन्नू रानी के भाई जितेंद्र कुमार का सरधना जाते समय एक्सीडेंट हो गया। वह हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया गया कि जितेंद्र को कैलाशी हॉस्पिटल के आईसीयू में भर्ती कराया गया है। कंकरखेड़ा में पायल फर्नीचर पर व्यापार मंडल के अध्यक्ष नीरज मित्तल ने अन्नू रानी को चांदी का मुकुट पहनाकर स्वागत किया। गांव दबथुवा में पूर्व विधायक जितेंद्र स्तवाई ने अन्नू रानी का पगड़ी पहनाकर किया स्वागत। इस दौरान अन्नू रानी ने युवाओं को संघर्ष और चुनौतियों का सामना करने का संदेश दिया।

गुर्जर समाज के लोग जंतर मंतर पर कल करेंगे प्रदर्शन

मध्य प्रदेश के ग्वालियर में गुर्जर समाज के लोगों पर लाठीचार्ज की मेरठ समेत पश्चिमी उत्तर प्रदेश में भी उबाल है। इस मामले में आठ अक्तूबर रविवार को जंतर मंतर पर प्रदर्शन है, जिसमें पश्चिमी यूपी के जिलों से दिल्ली कूच करने की तैयारी है। इसके अलावा 12 अक्तूबर को जेल भरो आंदोलन की भी तैयारी है।

सपा विधायक अतुल प्रधान ने बताया कि पश्चिमी यूपी के तमाम जिलों से दिल्ली कूच करेंगे। सुबह 10 से एक बजे तक जंतर मंतर पर प्रदर्शन करेंगे। गुर्जर, मध्य प्रदेश, राजस्थान और 2024 के लोकसभा चुनाव को लेकर बड़े आंदोलन की तैयारी में हैं। सैकड़ों गाड़ियों से दिल्ली पहुचेंगे। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश में षडयंत्र के तहत एनएसए लगाया जा जा रहा है, गलत तरीके से गुर्जरों को फंसाया जा रहा है। जनता सब देख रही है, गुर्जरों का उत्पीड़न और पैसे की वसूली के जा रही है। 12 अक्तूबर को जेल भरो आंदोलन भी करने को तैयारी कर रहे हैं।

गुर्जर समाज की मांग है कि गुर्जर समाज पर अत्याचार तुरंत बंद किया जाए। ग्वालियर जिला प्रशासन द्वारा घटना से पूर्व और घटना के बाद दर्ज सभी मुकदमों को वापस लिया जाए और गुर्जर सम्राट मिहिर भोज की प्रतिमा का अनावरण किया जाए। दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए।

# फाइनेंस कंपनी व डॉक्टर की धमकियों से तंग आकर युवक ने फंदा लगाकर दी जान

पानीपत। मुखीजा कॉलोनी में एक युवक ने एक फाइनेंस कंपनी के कर्मचारियों और एक डॉक्टर की धमकियों से परेशान होकर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पिता के अनुसार बेटे ने फाइनेंस कंपनी से लोन लेकर पैसे डॉक्टर को दिए थे। डॉक्टर ने बाद में लोन नहीं चुकाया। बेटा पैसे लेने जाता तो डॉक्टर उसके साथ मारपीट करता और उसे जान से मारने की धमकी देता था।

उधर फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी भी बेटे को लोन न भरने पर जान से मारने की धमकी दे रहे थे। इससे तंग आकर बेटे ने अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। पिता की शिकायत पर पुलिस ने फाइनेंस कंपनी और डॉक्टर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। शनिवार को शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। उत्तर प्रदेश के बदायूं जिले के पीपला गांव निवासी संतोष कुमार ने बताया कि उसके दो बेटे हैं। दोनों पानीपत में मुखीजा कॉलोनी में रहते हैं। छोटा बेटा सुधीर महराणा स्थित एक कंपनी में नौकरी करता था। उसके बेटे सुधीर ने सेक्टर 13-17 स्थित एक फाइनेंस कंपनी से लोन लेकर पैसे डॉ. सोनू को दिए थे। सोनू का पीपल वाली गली में क्लीनिक है। जब भी सुधीर डॉ. सोनू से पैसे मांगने जाता तो वह मारपीट कर भगा देता था। अंत में डॉ. सोनू ने पैसे देने से मना कर दिया। इससे सुधीर लोन नहीं चुका पाया। एक माह बाद बजाज फाइनेंस कंपनी में काम करने वाले चार से पांच कर्मचारी आए और लोन न चुकाने पर उसे जान से मारने की धमकी। उसके साथ मारपीट भी की। डॉ. सोनू, फाइनेंस कंपनी के मैनेजर व कर्मचारियों की धमकी से परेशान होकर उसके बेटे ने शुक्रवार देर शाम फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। उस समय घर पर कोई नहीं था। बड़ा बेटा अजीत ड्यूटी से घर लौटा तो देखा कि सुधीर छत के पंखे पर चुन्नी के फंदे से लटका था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सामान्य अस्पताल के शवगृह में रखवाया।

पिता ने बताया कि लोन न चुकाने की वजह से फाइनेंस कंपनी के कर्मचारियों ने बेटे सुधीर के साथ मारपीट की थी और उसके बाद फोन छीनने की कोशिश की थी। उनके पास सीसीटीवी कैमरे की फुटेज भी है, जिसमें पूरी वारदात कैद है। बेटे ने इस मामले की शिकायत मॉडल टाउन थाने में देकर खुद की जान को खतरा बताया था। इसके बाद बजाज फाइनेंस कंपनी के मैनेजर ने उसे शिकायत वापस लेने के लिए कहा। न लेने पर जान से मारने की धमकी दी। बेटे ने दबाव में आकर उनसे समझौता कर लिया था। इसके बावजूद वे लगातार धमकियां दे रहे थे। पिता की शिकायत पर डॉक्टर, फाइनेंस कंपनी और कर्मचारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है। मामले की छानबीन की जा रही है।

## सब्सिडी रोकने से निर्यात होगा प्रभावित

मुरादाबाद। नोएडा में आयोजित यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो सफल रहा लेकिन एक जिला एक उत्पाद को प्रोत्साहन देने के लिए मिलने वाली सब्सिडी सरकार ने नहीं दी। सब्सिडी रोकने से परेशान मुरादाबाद हैंडीक्राफ्ट्स एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन ने शासन को पत्र भेजकर सब्सिडी की मांग की है। निर्यातकों का कहना है कि सब्सिडी रोकने से निर्यात के साथ लाखों कारीगर भी परेशान होंगे। मुरादाबाद हैंडीक्राफ्ट्स एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन के महासचिव अवधेश अग्रवाल ने अपर मुख्य सचिव अमित मोहन को पत्र भेजकर बताया कि यूपी इंटरनेशनल प्रथम ट्रेड शो अत्यंत सफल रहा। ऐसे कार्य से प्रदेश के हस्तशिल्प निर्यात को एमएसएमई के माध्यम से काफी सफलता मिलेगी। अभी 12 से 16 अक्तूबर तक आईएमएल ग्रेटर नोएडा मार्ट में फेयर लगेगा। यहां हर वर्ष विदेशी बायर्स के लिए बहुत बड़ी फेयर लगाई जाती है। इसमें बड़ी संख्या में विदेशी ग्राहक आते हैं। इसका लाभ पूरे देश को होता है। प्रदेश सरकार निर्यातकों को इस मेले में भाग लेने पर ओडीओपी के तहत प्रोत्साहन राशि के रूप में सब्सिडी दी जाती थी। जिससे छोटे-छोटे निर्यातक इस मेले में भाग लेकर निर्यात को ऊंचाइयों तक पहुंचाते हैं। पता चला है कि अक्टूबर और नवंबर में होने वाले फेयर के लिए सरकार के पास पैसा न होने के कारण इन मेलों के लिए सब्सिडी नहीं दी जाएगी। सरकार को भी पता होना चाहिए कि इस सब्सिडी से निर्यातक अपनी स्टाल लगाते हैं। बड़ी मात्रा में विदेशी मुद्रा का अर्जन कर देश की प्रगति में अपना योगदान देते हैं। मुरादाबाद, फिरोजाबाद, सहारनपुर, आगरा आदि के हस्तशिल्प निर्यात के माध्यम से आर्टिजंस को बहुत बड़े पैमाने पर रोजगार उपलब्ध कराते हैं। प्रधानमंत्री की भी यह प्राथमिकता है। यदि सब्सिडी मिलेगी तो निर्यात पांच ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचेगा। इस मामले में निर्यातकों ने शासन से सब्सिडी दिलाने की मांग की है।

## गोल्डन गर्ल ने बताया- कैसे सामाजिक चुनौतियों को हराकर पाया मुकाम

मेरठ। अन्नु रानी ने अमर उजाला से खास बातचीत में बताया कि रात में ही तीन बजे उठकर अभ्यास करने चली जाती थी और सुबह होने से पहले ही घर आकर सो जाती थी। जिससे परिवार को सामाजिक व गांव वालों की बातें सुनने को ना मिले। चीन में एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतकर घर लौटी अन्नु रानी ने युवाओं को संदेश देते हुए कहा कि लक्ष्य को पूरा करने में संघर्ष और चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि उसके सामने सामाजिक चुनौती आई, एक लड़की होकर लोवर टीशर्ट पहनने को लेकर गांव में असमंजसता की स्थिति भी बनी। जिसके चलते परिवार के लोग भी खिलाड़ी बनने में सहयोग करने से पीछे हट गए। वे सब सामाजिक व्यवस्थाओं को चुनौती नहीं दे सकते थे। ऐसे में मैने अपनी दिनचर्या में बदलाव करते हुए रात में ही तीन बजे उठकर अभ्यास करने जाने लगी और सुबह होने से पहले ही घर आकर सो जाती थी। जिससे परिवार को सामाजिक व गांव वालों की बातें सुनने को ना मिले। इन सब विपरीत परिस्थितियों के बाद आज सफतला का मुकाम हासिल करना गांव की दूसरी बेटियों के लिए भी प्रेरणाश्रोत बन गया है। अन्नु रानी ने कहा कि उन्होंने बांस की जैवलिन से अभ्यास किया। प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए ट्रेन में सीट नहीं मिलने पर नीचे लेटकर जाना पड़ता था। कभी-कभी खेल छोड़ने के विचार भी आने लगते हैं, लेकिन ऐसे ही समय में यदि दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ा जाए तो सफलता एक दिन जरूर मिलती है।

बताया कि 15 साल पहले मेरे खेल के प्रति समाज के नजरिए को देखते हुए पिता भी नहीं चाहते थे कि वह खेल में जाए। जिसके बाद प्रभात आश्रम के स्वामी विवेकानंद ने परिवार को भरोसा दिलाया। कई बार आसपास कोई उम्मीद नहीं होने के बाद भी वह लक्ष्य से पीछे नहीं हटी। दिन रात मेहनत का नतीजा है कि आज सभी के आशीर्वाद से इस मुकाम पर पहुंची हूं।

अन्नु ने कहा कि युवाओं को किसी भी चुनौतियों का सामने क्यों ना करना पड़े लेकिन अपने परिश्रम में कमी नहीं छोड़नी चाहिए। पिता अमरपाल कहते हैं मुझे तो पहले यह डर सताता था कि बेटी को खेलने के लिए दूर-दूर शहरों में जाना पड़ेगा। लेकिन आज अन्नू की मेहनत और संघर्ष ने गांव से लेकर देश विदेश की दूरी को घटा दिया है। क्षेत्र के हर कोई ग्रामीण अन्नु रानी को अपनी बेटी मानकर गर्व महसूस कर रहे हैं। उन्हें इससे बड़ी और क्या सोहरत चाहिए।

मां से बोली अन्नू, तुम्हारी दुआओं की बदौलत दी कमजोरी को मात तो मिला ये मुकाम

अन्नु गांव पहुंची तो मां घर की दहलीज पर आरती की थाली लेकर खड़ी थीं। बेटी को देखते ही खुशी से आंखें छलक आईं। आरती उतारकर बेटी को गले लगा लिया। अन्नु ने गले लगकर कहा कि मां, तुम्हारी दुआओं की बदौलत ही मैने कमजोरी को हराकर ये मुकाम हासिल किया है।

## सीताकुंड पर उमड़ीं महिला श्रद्धालु, पितरों को किया तर्पण

मिर्जापुर। मातृ नवमी पर अष्टभुजा पहाड़ी स्थित सीता कुंड पर शनिवार को महिलाओं की भीड़ उमड़ पड़ी। सीताकुंड के जल से स्नान के बाद दूर-दराज से आई महिलाओं ने पितृगणों को तर्पण किया। शनिवार को सुबह से ही सीता कुंड में स्नान करने का सिलसिला शुरू हो गया। दोपहर होते-होते मिर्जापुर-प्रयागराज मुख्य मार्ग से सीताकुंड तक महिलाओं की भीड़ उमड़ी पड़ी। इसके अलावा पहाड़ पर अष्टभुजा मंदिर सीताकुंड के लिए आने-जाने वाली महिलाओं की भीड़ रही। स्नान के बाद महिलाओं ने पितरों को तर्पण किया। तर्पण के बाद महिलाओं ने सौभाग्य सामग्री का दान की। मातृ नवमी के दिन सीता कुंड पर सौभाग्य सामग्री का दान, स्नान एवं पिंडदान का विशेष महत्व बताया गया है। मान्यता है कि सीता कुंड पर श्राद्ध करने से सुहागिन स्त्रियों का सौभाग्य बढ़ता है तथा पितृ गण भी प्रसन्न होते है। बताया जाता है कि वन गमन के दौरान माता सीता ने अष्टभुजा पहाड़ी पर स्नान किया था। स्नान के पश्चात पितृ पक्ष की नवमी तिथि पर माता सीता ने पितरों को तर्पण किया था। सीताकुंड के पुजारी राजेश दुबे ने बताया कि वन गमन के दौरान भगवान राम, लक्ष्मण और सीता इसी रास्ते से गुजरे थे। अष्टभुजा पहाड़ पर भगवान राम, लक्ष्मण माता सीता को छोड़कर गंगा की ओर स्नान के लिए निकल गए। इसी बीच माता सीता ने पूर्वजों को याद किया।

## संभल मार्ग एक माह के लिए बंद, ट्रैफिक पुलिस ने लगाई बैरिकेडिंग, अब वैकल्पिक मार्गों से ही आवाजाही

मुरादाबाद। एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर प्रवीण जिंदल ने बताया कि टीम ने काम करना शुरू कर दिया है। मार्ग बंद होने के कारण संभल से मुरादाबाद शहर में आने जाने के लिए लोगों को बिलारी और पाकबड़ा के वैकल्पिक मार्गो का इस्तेमाल करना पड़ेगा। एनएचएआई की टीम ने संभल अंडर पास के रोड की मरम्मत करना शुरू कर दिया है। शुक्रवार को सड़क से सरिया और क्रंकीट को निकालना शुरू कर दिया है। संभल मार्ग बंद होते ही लोगों की दुश्वारियां शुरू हो गई हैं। अब उन्हें 16 किलोमीटर घूमकर आना पड़ रहा है। पुलिस ने संभल मार्ग का यातायात बैरिकेडिंग लगाकर एक माह के लिए बंद कर दिया। वाहन मालिकों को अब पुलिस ने वैकल्पिक मार्गों से चलने का सुझाव दिया है। एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर प्रवीण जिंदल ने बताया कि अभियंता अतुलेश सिन्हा के नेतृत्व में शुक्रवार की दोपहर टीम ने काम करना शुरू कर दिया है। अभी सीमेंट युक्त सड़क की सरिया और कंक्रीट को जेसीबी और अन्य उपकरणों से निकालने के बाद निर्माण का कार्य शुरू होगा। अभी चार दिन तक रोड की सफाई करने में लग जाएंगे। मार्ग बंद होने के कारण संभल से मुरादाबाद शहर में आने जाने के लिए लोगों को बिलारी और पाकबड़ा के वैकल्पिक मार्गों का इस्तेमाल करना पड़ेगा।

चार नवंबर तक यह मार्ग दोनों तरफ से बंद रहेगा। पुलिस ने वाहनों को दूसरी तरफ मोड़ने के लिए जगह जगह वैरीकेडिंग लगा दी है। यातायात निरीक्षक अनुराधा सिंघल के नेतृत्व में शुक्रवार की सुबह 12 बजे से संभल जाने वाले वाहनों के लिए यातायात बंद कर दिया गया।

ये हैं वैकल्पिक मार्ग

संभल मार्ग बंद होने पर अब सिरसी तिराहा से बिलारी होते हुए मुरादाबाद आना होगा। बिलारी से रामपुर अलीगढ़ की तरह जाने के लिए वैकल्पिक मार्ग है। दूसरा वैकल्पिक मार्ग ईसागढ़ तिराहा महमूदपुर माफी से है। इस मार्ग से पाकबड़ा होते हुए लोग मुरादाबाद शहर में आएंगे। इस मार्ग से वाहन चालक दिल्ली की तरफ भी जा सकेंगे। तीसरा वैकल्पिक मार्ग डींगरपुर चौकी से है। यहां से बिलारी, रामपुर, मुरादाबाद, चंदौसी और कुंदरकी की तरफ लोग जा सकेंगे। चौथा वैकल्पिक मार्ग डींगरपुर मार्केट से गाजियाबाद, दिल्ली, पाकबड़ा, हरिद्वार व मुरादाबाद की तरफ जाने के लिए है। बाईपास तिराहा मुरादाबाद से बिलारी, कुंदरकी, संभल व रामपुर दिशा की तरफ वाहनों का आवागमन रहेगा। गांगन तिराहा मुरादाबाद शहर से बिलारी, कुंदरकी, संभल व रामपुर दिशा की तरफ वाहनों का आवागमन रहेगा लेकिन संभल मार्ग सीधे नहीं जा सकेंगे।

किसी ने पैदल तय की दूरी तो कोई 16 किलोमीटर घूमकर आया

मुरादाबाद संभल मार्ग पर गांगन तिराहा और फरीदपुर के बीच बने अंडर पास के बंद होने से लोगों की दुश्वारियां बढ़ गई हैं। शुक्रवार को टेंपो, ऑटो और अन्य वाहन से मुरादाबाद से संभल जाने या आने वाले लोगों को चालकों ने अंडर पास के पास ही उतार दिया। यहां अधिकांश लोग फ्लाईओवर पर चढ़े और पैदल ही दूसरी साइड में पहुंचे। इसके बाद वह दूसरे वाहनों में सवार होकर आगे की दूरी तय कर सके। इनके अलावा दोपहिया और चौपहिया वाहनों को यातायात पुलिस ने गांगन तिराहे पर रोक लिया। इसके बाद उन्हें वैकल्पिक मार्ग से गुजारा गया। इसके लिए उन्हें 16 किलोमीटर की अधिक दूरी तय करनी पड़ी।

आस पड़ोस के गांवों से वाहन निकल रहे लोग

संभल मार्ग पर अंडर पास बंद करने के लिए पुलिस ने जो वैकल्पिक मार्ग बनाया है। इसके अलावा भी लोग गांवों के संपर्क मार्गों के जरिए चंदौसी रोड से संभल रोड पर पहुंच रहे हैं। गांगन तिराहे से चंदौसी रोड पर पड़ने वाले नूरपुर गांव से होकर लोग दोपहिया वाहनों से संभल रोड पर पहुंच रहे हैं। इसके लिए उन्हें 2 से 3 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ रही है। इसके अलावा संभल से मुरादाबाद की ओर आने वाले लोग अंडर पास से पहले ही फरीदपुर से उमरी सब्जीपुर में पहुंच कर पाकबड़ा दलपतपुर बाईपास पर पहुंचकर दूसरी साइड में नीचे उतर कर मुरादाबाद पहुंच रहे है। हालांकि इस मार्गो से हादसों का खतरा अधिक है।

# विदेश में रहकर अंग्रेजी बोलना सीख गया हूं, लेकिन मुझे हरियाणवी बोलना ज्यादा पसंद

पानीपत। गोल्डन बॉय नीरज चोपड़ा का पैतृक गांव खंडरा पहुंचने पर गर्मजोशी से स्वागत हुआ। चीन में भाषा के चलते कई बार दिक्कत आई, लेकिन निशाना स्वर्ण पदक पर रहा। नीरज बोले कि पदक की चमक देख खिलाड़ी को फील्ड नहीं बदलनी चाहिए, मेरा अगला लक्ष्य पेरिस ओलंपिक है। युवाओं को दूसरे खिलाड़ियों के पदक की चमक देखकर अपने खेल का फील्ड नहीं बदलना चाहिए। उन्हें अपने खेल में दो या तीन साल जमकर मेहनत करनी चाहिए। वे लक्ष्य निर्धारित करेंगे तो एक दिन खुद इस मुकाम पर पहुंच जाएंगे। मेरे सामने भी शुरुआत में यही दिक्कत थी। माता-पिता केवल दौड़ तक सीमित रखना चाहते थे, लेकिन मैंने जेवलिन में भविष्य देखा और कई साल लगातार मेहनत की। मेरा अगला लक्ष्य 2024 में पेरिस ओलंपिक है। मैं देश की झोली में एक और स्वर्ण पदक डालना चाहता हूं। यहां से जीत की स्वर्ण पारी को दोहराने के लिए मैदान में उतरना है। यह कहना है गोल्डन बॉय नीरज चोपड़ा का। नीरज चोपड़ा विश्व एथलेटिक्स ओलंपिक और एशियाई खेलों में पदक जीतने के बाद शुक्रवार देर रात अपने पैतृक गांव खंडरा पहुंचे। नीरज ने पहुंचते ही अपने पिता सतीश कुमार, माता सुदेश देवी व चाचा भीम चोपड़ा के पैर छूकर आशीर्वाद लिया। मां ने बेटे को गले लगाकर शुभकामनाएं दी। पानीपत शहर विधायक प्रमोद विज, उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया और पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत खंडरा गांव स्थित उनके घर पहुंचकर उन्हें बधाई दी।

नीरज चोपड़ा से सात सवाल और उनके जवाब

प्रश्न = क्या एशियाई खेलों में आपको किसी प्रकार की परेशानी आई। पहले के थ्रो में तकनीकी विषय उलझन बना था।

उत्तर = एशियाई खेलों में कोई बड़ी परेशानी नहीं आई, लेकिन भाषा के चलते कुछ दिक्कत जरूर रही।

प्रश्न = आप ठेठ हरियाणवी बोलते हैं, क्या यह भी कारण रहा है ?

उत्तर = ऐसा नहीं है। मैं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अंग्रेजी का प्रयोग करता हूं। हरियाणवी बोलना मुझे अच्छा लगता है और मैं इसे अपनाकर रखना चाहता हूं।

प्रश्न = एशियाई खेलों में किशोर जेना ने रजत पदक जीता है। उनका थ्रो भी आपकी तरह है। इस बारे में क्या कहेंगे ?

उत्तर = किशोर जेना का थ्रो अच्छा रहा है। वे लगातार मेहनत कर रहे हैं, लेकिन थ्रो करने की मेरी तकनीक अलग है। हर खिलाड़ी की अपनी तकनीक होती है। वह सामान्य रूप से नजर नहीं आती।

प्रश्न = पाकिस्तान के अरशद नदीम चोट के चलते एशियाई खेलों में नहीं खेल पाए। आपका क्या कहना है ?

उत्तर = अरशद नदीम चोट के चलते एशियाई खेलों में नहीं खेल पाए। यह एक खिलाड़ी के लिए बड़ी चुनौती होती है। मैं खुद कॉमनवेल्थ गेम्स में चोट लगने के कारण नहीं खेल पाया था।

प्रश्न = आपका अगला लक्ष्य क्या है ?

उत्तर = मेरा अगजा लक्ष्य पेरिस ओलंपिक-2024 में देश को एक और स्वर्ण पदक दिलाना है। मैं अब जीत दोहराना चाहता हूं।

प्रश्न = विश्व चैंपियनशिप और एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने के साथ युवाओं की पहली पसंद बन गए हैं। काफी युवा दूसरे खेल छोड़कर जेवलिन में आ रहे हैं। इस पर आपका क्या कहना है?

उत्तर = प्रत्येक खिलाड़ी का अपना लक्ष्य और फील्ड होता है। उसे अपने खेल में ही मेहनत करनी चाहिए। वह पदक के लिए फील्ड बदलेगा तो लक्ष्य पाना मुश्किल हो जाएगा।

प्रश्न = पहले कहावत थी कि पढ़ोगे लिखोगे तो बनोगे नवाब और खेलों और कूदोगे तो बनोगे खराब। इस पर क्या कहना है ?

उत्तर = समय के साथ सब कुछ बदलता है। आज खेलों में भविष्य है और युवा पीढ़ी इसमें आगे आ रही है। यह नए दौर की कहानी को दर्शाता है।

प्रश्न = युवा पीढ़ी और नौकरीपेशा लोगों को क्या संदेश देंगे ?

उत्तर = युवाओं को पढ़ाई-लिखाई के साथ खेलों में भी आगे आना चाहिए। उन्हें हर रोज एक से दो घंटे खेल को देना चाहिए। इससे उनकी फिटनेस भी बनी रहेगी।

## दो सेक्टरों में 60 मीटर चौड़ा रोड बनाएगा एचएसवीपी

पानीपत। हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) सेक्टर 38 और 39 में टीडीआई सिटी के पास 60 मीटर चौड़ा रोड बनाएगा। इस पर करीब आठ करोड़ रुपये की लागत आएगी। यह धनराशि ईडीसी यानी एक्टर्नल डेवलपमेंट कंस्ट्रक्शन बजट से खर्च होगी। इससे सेक्टरवासियों, टीडीआई, पार्श्वनाथ सिटी समेत फरीदपुर, रतिपुर, बोहली और गढ़ी सिकंदरपुर के लोगों को जीटी रोड से सीधा जुड़ाव हो सकेगा। टीडीआई पुल और टोल प्लाजा के पार रेलवे लाइन की ओर जाने वाले रास्ते पर करीब ढाई किलोमीटर लंबा रोड आसपास के हजारों लोगों के लिए फायदेमंद साबित होगा। इसके अलावा एचएसवीपी ईडीसी के बजट से ही सेक्टर सात और आठ में एक भव्य सामुदायिक केंद्र का भी निर्माण करने जा रहा है। इस निर्माण पर करीब साढ़े छह करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसमें सेक्टरवासियों के लिए आधुनिक स्तर की सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी। इसमें आधुनिक सुविधाओं से युक्त हॉल, लाइटिंग सिस्टम, बहु उद्देश्यीय कार्यक्रमों के प्रबंध के लिए कमरे और इमारतें बनाई जाएंगी, जिसका फायदा इन दोनों सेक्टरों के लोगों को होगा।

इस बारे में एचएसवीपी के एक्सईएन धर्मवीर सिंह ने कहा कि एचएसवीपी की ओर से इन दोनों प्रोजेक्ट के टेंडर लगाए गए हैं। ये दोनों प्रोजेक्ट शहर के लोगों के लिए सबसे ज्यादा फायदेमंद होंगे। सामुदायिक केंद्र के निर्माण और इसके रखरखाव के लिए पांच साल तक की जिम्मेदारी संबंधित एजेंसी की होगी।

# सीईटीपी प्लांट के सामने फिर टूटी निगम की भूमिगत सीवर लाइन

पानीपत। सेक्टर 29 पार्ट-2 स्थित सीईटीपी प्लांट के सामने शनिवार को दोपहर फिर जमीन धंस गई। इससे यहां करीब 25 फीट गहरा और 20 फीट चौड़ा गड्ढा हो गया। इसकी मरम्मत के लिए निगम की टीम जुट गई है। यह जमीन निगम की खस्ताहाल सीवरेज लाइन के लीक होने से धंसी है। अब से ठीक साढ़े तीन माह पहले यानी 26 जून को भी ऐसे ही पाइपलाइन लीक होने से जमीन धंस चुकी है। इससे करीब 50 फुट चौड़ा और 20 फुट गहरा गड्ढा बन गया था। इस बार भी पहले वाले गड्ढे से महज 200 मीटर की दूरी पर पाइपलाइन लीक हुई है। निगम अधिकारी सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे। पोकलेन मशीन से आसपास की मिट्टी हटाई गई। जमीन में करीब 25 फीट नीचे सीवरेज की पाइपलाइन टूटी मिली, जिसे पहली बार की तरह फिर निगम अधिकारी लीपापोती कर मरम्मत करवाने में जुट गए। जमीन धंसने से आसपास के लोगों में डर का माहौल बन गया है। गनीमत रही कि जिस समय जमीन धंसी, उस समय इसके आसपास कोई जानवर या इंसान नहीं था। वरना बड़ा हादसा हो सकता था। नगर निगम की पाइपलाइन खस्ताहाल है। इससे आधे शहर की सीवरेज निकासी जुड़ी है। जनस्वास्थ्य विभाग ने 1965 में यह लाइन संजय चौक से लेकर बबैल नाके तक करीब डेढ़ किमी. लंबी बिछाई थी, जो 58 साल पुरानी हो चुकी है। वहीं, विभाग ने 1996 में बबैल नाके से लेकर एसटीपी तक करीब 10 किलोमीटर लंबी लाइन बिछाई थी, जो अब 27 साल पुरानी हो चुकी है। इसी लाइन के जरिए शहर की सीवरेज की निकासी वर्षों से होती आ रही है। इसी लाइन में कई डाई हाउसों ने केमिकल का पानी छोड़ा था, जिससे लाइन ध्वस्त होनी शुरू हो चुकी है। पाइपलाइन से होकर सीवर का पानी एसटीपी तक जाता है, जिसे शोधित किया जाता है। अधिकारियों का कहना है कि शहर की पूरी निकासी इसी पाइपलाइन से होकर निगम के सिवाह स्थित 25 और 35 एमएलडी एसटीपी पर जाती है। यह लाइन करीब छह फीट चौड़ी है, जो कंक्रीट से बनी। यह लाइन जमीन के 25 फुट नीचे बिछाई गई है। इससे हर घंटे लाखों लीटर पानी को पांच बड़ी मोटरों से लिफ्ट कराया जा रहा है। हालांकि यह काफी पुरानी है। पहले भी इस लाइन को बदलवाने के लिए पीपीआई तकनीक से करोड़ों रुपये का बजट बनाया था, जिसकी अनुमति और प्रक्रिया आज भी निगम कार्यालय के दफ्तरों में धूल फांक रही है। लाइन को मरम्मत कराने का काम चल रहा है। अनुमान है कि रविवार तक काम हो जाएगा। खस्ताहाल लाइन के एक हिस्से को बदलवाने के लिए सरकार को करीब पौने पांच करोड़ का बजट बनाकर भेजा गया है। अनुमति मिलने के बाद इस हिस्से को बदलवा दिया जाएगा।

- अर्पित कुमार, एसडीओ, नगर निगम

# किसान भाई फसलों के अवशेष को जलाने के बजाय बनाए खाद -डॉ संजय कुमार त्रिपाठी

## पराली को जलाने से होगा प्रदूषण बनाये कंपोस्ट खाद

त्रिगुट संवाददाता

अयोध्या। उप कृषि निदेशक डॉ संजय कुमार त्रिपाठी ने किसान भाईयो को धान की पराली को खेतों में न जलाने का आवाहन किया है द्य जिसको लेकर शासन ने फसल अवशेष को जलाने के लिए पत्र जारी किया है और कारवाही करने के लिए कठोर कदम उठाने का निर्णय लिया है जिसके क्रम में मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश के शासनादेश संख्या 04/2023/1363551/12-2099/85/2021/1226/2023 कृषि अनुभाग 2 लखनऊ दिनांक 16 अगस्त 2023 के द्वारा फसलों के अवशेष जलाये जाने से उत्पन्न होने वाले प्रदूषण की रोकथाम हेतु दिशा निर्देश निर्गत किये गये हैं द्य जनपद में धान की खेती प्रमुखता से की जाती है ।20 अक्टूबर से धान की फसल कटाई प्रारंभ हो जायेगी द्य किसान भाई कंबाइन मशीन से फसल कटवाकर पराली खेत में जला देते है जिससे पर्यावरण पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ रहा है द्य जिससे मानव स्वास्थ्य से संबंधित विभिन्न प्रकार की बिमारियाँ उत्पन्न हो रही है ।तथा मिट्टी को उसर बना सकती उसका असर भी पड़ रहा है उप कृषि



निदेशक डॉ संजय कुमार त्रिपाठी द्वारा बताया गया कि पराली और फसल अवशेष की आधुनिक कृषि यंत्र जैसे सुपर सीडर , हैप्पी सीडर , एम0वी0 प्लाऊ , रोटरी स्लेसर , आदि यत्रों द्वारा खेतों में मिलाकर द्य खेतों की उर्वरा शक्ति बढ़ाई जा सकती है ।जिसकी रोकथाम के लिए सरकार ने सैटेलाइट से निगरानी करने की व्यवस्था बनाई गई है द्य जिन किसान भाईयों द्वारा फसलों के अवशेष को जलाया जायेगा उसको सरकार के द्वारा निर्धारित जुर्माना भरना पड़ेगा। किसान भाई पराली न जलायें फसलों के अवशेष को गलाकर मिट्टी में खाद बनाएं जिसके लिये कृषि विभाग 15000 सी सी बेस्ट डी कंपोजर निशुल्क वितरित करेगा । किसान भाई बेस्ट डिकॉम्पोजर का घोल बनाकर फसलों के अवशेष पर छिड़काव् करें बेस्ट डी कंपोजर में बैक्टिरिया होते हैं जो फसलों के अवशोष को जल्दी ही खेतों की उर्वरा शक्ति बढ़ती है । आगामी फसल अवशेष के लिए खाद की कम मात्रा का प्रयोग कर किसान भाई कर सकते है द्य किसान भाई पराली जलाने के वजाय गौशालाओं में दान करें जिससे संरक्षित पशुओं हेतु चारे एवं बिछाने के लिए प्रयोग किया जा सकता है । शासन के निर्देश के क्रम में ग्राम पंचायत के माध्यम से पराली एकत्र कराकर पराली को गौशाला आश्रय स्थलों को पहुंचाने का कार्य किया जाना उचित होगा साथ ही साथ ग्राम पंचायत के माध्यम से कंपोस्ट पिट तैयार कराकर पराली को कंपोस्ट पिट में डालकर खाद तैयार किया जायेगा श्री त्रिपाठी ने आवाहन किया कि अपनी ग्राम पंचायत में पराली फसल अवशेष को जलाये नहीं बल्कि उसको ग्राम पंचायत के माध्यम से गौ आश्रय स्थल को भिजवाये या उसको कंपोस्ट बनाने में प्रयोग करे।

## प्रभारी महिला सहायता प्रकोष्ठ ने 03 वैवाहिक जोड़े को खुशी से विदाई कराई गई



(सत्य प्रकाश पांडेय)

अंबेडकरनगर।पुलिस अधीक्षक अजीत कुमार सिन्हा निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक श्री संजय राय पर्यवेक्षण में व परिवार परामर्श काउंसलिंग कमेटी के सदस्यगण 01-डॉ0ओम प्रकाश त्रिपाठी 02-श्री विपिन कुमार सिंह 03-श्रीमती पुष्पा पाल 04- मोनी श्री 05- श्रीमती संध्या सिंह द्वारा *मिशन शक्तिद्वअभियान के तहत पारिवारिक विवाद मे कराये जा रहे सुलह समझौते के क्रम में प्रभारी महिला सहायता प्रकोष्ठ (1090) *म0उ0नि0 शिवांगी त्रिपाठी व 01 महिला कांस्टेबल सोनी गौतम 02 महिला कांस्टेबल पूनम शर्मा के अथक प्रयास से 03 वैवाहिक जोड़े के बीच चल रहे पारस्परिक विवाद से संबंधित समस्याओं को सुना गया तथा उनकी समस्याओं को सुलझाते हुए पति-पत्नी को एक साथ रहने के लिए समझाया गया। पति पत्नी आपस में एक साथ रहने के लिए राज़ी हो गए एवं समस्त दंपत्तियों द्वारा अंबेडकरनगर पुलिस को धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया। अंबेडकरनगर पुलिस द्वारा 03 पारिवारिक जोड़ो को आगामी जीवन की शुभकामनाएं दी गई।

# वामपंथी दलों ने प्रदेश में महंगाई बेरोजगारी और कानून व्यवस्था को लेकर भरी हुंकार, 11 को लखनऊ में विशाल रैली का आयोजन




जनक राम वर्मा

अलावल देवरिया (गोंडा)।आगामी 11 अक्टूबर को महंगाई, बेरोजगारी, बिगड़ती कानून व्यवस्था के खिलाफ तथा भाईचारा लोकतंत्र संविधान व सामाजिक न्याय की रक्षा के लिए वामपंथी जनवादी दलों की लखनऊ में आयोजित विशाल रैली में ज्यादा से ज्यादा भागीदारी के लिए भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) जिला कमेटी गोंडा,बलरामपुर के पदाधिकारियों ने व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान पर्चा वितरण किया गया। सीपीएम का जनसंपर्क अभियान मेहनौन, सोनपुर, पूरे हाड़ा, पूरे पंडित वृंदावन, परसिया बहोरीपुर , मसकनवा , जमुनागंज, गौराचौकी तथा बलरामपुर के तुलसीपुर में चलाया गया। जनसंपर्क अभियान के दौरान सीपीएम के जिला सचिव कॉमरेड कौशलेंद्र पांडेय ने बताया की महंगाई और बेरोजगारी से आम आदमी का जीवन मुश्किल से गुजर रहा है। बिजली, खाद, बीज के दाम बढ़ने से तथा किसानों की फसल एमएसपी पर खरीद न होने से तथा आवारा पशुओं के चलते किसानों की खेती चौपट होती जा रही है। कामरेड कौशलेंद्र ने यह भी कहा की सरकार कारपोरेट घरानों को टैक्स तथा बैंक के कर्ज में छूट देती है उनके कर्जों को माफ करती है और वहीं आम जनता व मेहनतकश मज़दूरों के कमाई से अर्जित टैक्स से बने सार्वजनिक क्षेत्रों के उपक्रमों , बैंक, बीमा, रेल, कोयले की खदान आदि कौड़ियों के दाम पर बेच रही है। हत्या, बलात्कार जैसे संगीन अपराधों तक में पीड़ित और आरोपी की जाति और धर्म के आधार पर ध्रुवीकरण किया जा रहा है। पूर्व जिला मंत्री कामरेड अब्दुल गनी ने कहा की प्रदेश में कानून व्यवस्था चौपट है। अपराधी बेखौफ हैं। और आम जनता को पुलिसिया उत्पीड़न का शिकार होना पड़ रहा है। जनता की नई समस्याओं को लेकर आगामी 11 अक्टूबर को वामपंथी जनवादी दलों की लखनऊ में विशाल रैली का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर जिला कमेटी सचिव मंडल सदस्य कामरेड मोहर्रम अली, केपी प्रसाद, अब्दुल गनी, हनुमान सिंह, अमृतलाल, कृष्ण नारायण आदि उपस्थिति रहे।

## क्षेत्राधिकारी भीटी ने मासिक समीक्षा की




(सत्य प्रकाश पांडेय)

अंबेडकरनगर,पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी भीटी के कुशल नेतृत्व में की मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन पुलिस लाइन के बहुउद्देशीय हॉल में संपन्न हुआ जिसमें महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा जारी अनुसंधान एवं थानों पर नियुक्त बाल कल्याण पुलिस अधिकारी/विवेचक के समक्ष आ रही समस्या, पीड़ित के आवासन, बाल गुमशुदा, बाल श्रम, नशा मुक्ति अभियान, बाल विवाह, नारी शक्ति, किशोर न्याय अधिनियम 2015 में हुए नवीनतम संशोधन, पॉक्सो एक्ट के अभियोग पंजीकृत होने के 24 घंटे के अन्दर को सूचित करना, पॉक्सो के मामले में फॉर्म ए व फॉर्म भी पुलिस द्वारा भरकर संबंधित को समय से भेजा जाना, बाल कल्याण अधिकारी के कर्तव्यों का पालन, जे0जे0 एक्ट की विभिन्न धाराओं के संबंध में विस्तृत रूप से चर्चा की गई।

उक्त बैठक में अनिल कुमार यादव सदस्य यूनिसेफ मंडलीय इकाई अयोध्या, की संयुक्त टीम,सयुक्त टीम ,प्रभारी निरीक्षक शिवानंद, प्रभारी उपनिरीक्षक महिला सहायता प्रकोष्ठ श्रीमती शिवांगी त्रिपाठी व अन्य अधि/कर्म0 गण उपस्थित रहे।

# अविवि के विद्यार्थी स्मार्ट इंडिया हैकथॉन से जागरूक हुए

अयोध्या।डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के व्यवसाय प्रबंध एवं उद्यमिता विभाग में शनिवार को छात्र-छात्राओं को स्मार्ट इंडिया हैकथॉन 2023 के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इसमें इंजीनियरिंग एवं बीसीए के छात्र-छात्राओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया और अपने प्रोजेक्ट के बारे में विस्तृत चर्चा की। विभागाध्यक्ष प्रो0 हिमांशु शेखर सिंह ने छात्रों को बताया कि नवीन तकनीको की खोज करने का अवसर हैकथॉन प्रदान करता है। इससे शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं के नवाचार के साथ प्रोजेक्ट बनाने में सहूलियत मिलेगी। सभी को नए विचारों के साथ स्मार्ट इंडिया हैकथॉन में हिस्सा लेना चाहिए। कार्यक्रम में स्मार्ट इंडियन हैकथान के समन्वयक डॉ0 अनुराग तिवारी ने प्रतिभागियों को बताया कि 10 अक्टूबर दिन सोमवार को प्रोजेक्ट आईडिया को ऑनलाइन सबमिट करा सकते हैं। विस्तृत जानकारी विभाग व स्मार्ट इंडिया हैकथान की वेबसाइट से भी प्राप्त कर सकते हैं। इस अवसर पर प्रो0 शैलेन्द्र वर्मा, डॉ0 राना रोहित सिंह, डॉ0 रामजीत सिंह यादव, जूलियस कुमार, डॉ0 कविता श्रीवास्तव, डॉ0 संजीत पाण्डेय, डॉ0 निमिष मिश्रा, डॉ0 अंशुमान पाठक, डॉ0 आशुतोष पांडेय, डॉ0 कापिल देव, डॉ0 प्रवीण राय, डॉ0 अनिता मिश्रा, डॉ0 दीपा सिंह, डॉ0 प्रियंका सिंह, डॉ0 आशीष पटेल, डॉ0 राकेश कुमार, डॉ0 श्रीष अस्थाना, डॉ0 रामजी सिंह सहित अन्य शिक्षक एवं प्रतिभागी मौजूद रहे।

# विश्वविद्यालय का नाम महर्षि पतंजलि विश्वविद्यालय रखने की मांग

गोंडा। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल बैठक में मा0मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन द्वारा मांग की गई की देवीपाटन मंडल मुख्यालय पर ही विश्वविद्यालय की स्थापना हो मा0मुख्यमंत्री जी ने विश्वविद्यालय स्थापना मंडल मुख्यालय पर करने की घोषणा की थी परंतु प्राप्त सुचना के अनुसार इसे बलरामपुर शिफ्ट कर दिया गया है इस घटना से गोण्डा वासियों में आक्रोश है जिलाध्यक्ष शास्त्री विनोद आर्य ने कहां योगी के जीभा पर सरस्वती का वास होता है गोंडा योग के प्रणेता महर्षि पतंजलि की पावन जन्मस्थली है जिन्होंने पूरे विश्व को योग की शिक्षा दी विश्वविद्यालय का नाम महर्षि पतंजलि विश्वविद्यालय हो और गोंडा जिले में ही खोलने की मुख्यमंत्री जी से अपील है प्रकरण को सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए मंडल के युवाओं के सपनों को साकार करें

बैठक में आर्य समाज,आर्यवीर दल, लाला रामसरन छोटेलाल मेमोरियल ट्रस्ट,सीआईबी, किसान यूनियन, अधिवक्ता, शिक्षक संघ छात्र यूनियन के लोगों ने इस मांग का समर्थन किया। सभा को संबोधित करने वालों में प्रमुख डॉ,दिलीप शुक्ला डॉ0बीबी मिश्रा, खुशबू कनौजिया,शिवम एडवोकेट, महेश सिंह, उमाकांत, इ0सत्यम, सुरेश कनौजिया व्यापार मंडल युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष जितेंद्र कृष्ण स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संगठन के प्रदेश महा सचिव माधवराज सिंह अध्यक्ष राजेश श्री0 साहित्यकार उमा सिंह, आर्यवीर जिला संचालक अमर दीक्षित, ब्रह्मचारी प्रदीप आर्य आदि प्रमुख रहे।

# प्रशिक्षण के पाँचवे दिवस उधमिता विकास पर बल दिया गया



त्रिगुट संवाददाता

अलावल देवरिया (गोंडा)। उत्तर प्रदेश सरकार महिलाओं को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए मिशन शक्ति 2.0 के प्रोजेक्ट प्रदेश के 75 जनपदों में प्रशिक्षण कार्यक्रम चला रही है द्व इसी क्रम में जनपद गोंडा में प्रथम चरण में विकास खण्ड बेलसर के महाराजा देवी बक्श सिंह इंटर कालेज में 150 महिलाओं का पंजीकरण कर प्रशिक्षण दिया जा रहा है । प्रशिक्षण के पांचवें दिन आज बिजनेस आइडिया का विकास करना , बाजार के लिए परिचय,मार्केटिंग मिक्स, डिजिटल साक्षरता, ई मार्केटिंग और स्वरोजगार के अवसर औद्योगिक प्रबंधन आदि विषय पर प्रशिक्षण दिया गया द्व आज गेस्ट लेक्चरर के तौर पर श्रीमती अनुराधा शुक्ला ने महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने के अनेकों तरीके सिखाए। यूपीकान के सुरेश चौधरी ने मिशन शक्ति प्रशिक्षण कार्यक्रम को सफलता पूर्वक संचालित करवाने के लिए विद्यालय प्राचार्य अजीत सिंह जी,विवेक कुमार विक्की का सम्मान करते हुए आभार व्यक्त किया।

# आयुष्मान भव योजना के तहत कार्यशाला का आयोजन

(सत्य प्रकाश पांडेय)

अंबेडकर नगर । भाजपा सरकार की गरीब परिवारों को प्रत्येक वर्ष 5 लाख रुपए तक की नि:शुल्क चिकित्सा उपलब्ध कराए जाने वाले प्राथमिकता की आयुष्मान भव योजना की जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन नगर के लोहिया सभागार में मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी एवम स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी डाक्टर मुकूल त्रिपाठी की उपस्थिति में में सम्पन्न हुआ।

कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी ने कहा कि भाजपा विचार धारा आधारित राजनैतिक दल है।भारत माता को परम वैभव पर पहुंचाने और भारत को विश्व पटल पर सर्वशक्तिशाली बनाने की योजना पर भाजपा कार्यकर्ता कार्य कर रहे हैं। उन्होंने आयुष्मान भव योजना अंतर्गत आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए प्रदेश में जनपद को दूसरा स्थान हासिल करने पर स्वास्थ्य विभाग, जिला प्रशासन सहित योजना में शामिल लोगों को बधाई दिया। कहा कि गरीब परिवारों की चिंता भाजपा सरकार ने ही किया ,पूर्ववर्ती रजवाड़ों की सरकारों ने किसी स्तर पर चिंता नहीं किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने सभी जनहित की योजनाओं को गरीब परिवारों की हितों को ध्यान में रखकर बनाया है।कहा कि भाजपा कार्यकर्ता संगठन का मजबूत आधार हैं, जिसकी सबसे अन्तिम इकाई बूथ स्तर के कार्यकर्ता संगठन की महत्वपूर्ण अंग हैं।

निवर्तमान जिलाध्यक्ष डाक्टर मिथिलेश त्रिपाठी ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के 5 वर्ष के कार्यकाल में अब तक 32 लाख लोगों का आयुष्मान कार्ड बन चुका है । आने वाले समय में सभी पात्र लोगों का आयुष्मान कार्ड बन जायेगा। निचले स्तर पर सभी का कार्ड बने इसकी चिंता हम सभी को करना चाहिए।

जिला कार्यक्रम समन्वयक/नोडल अधिकारी आयुष्मान कार्ड डाक्टर मुकुल त्रिपाठी ने आयुष्मान भव योजना अंतर्गत आयुष्मान कार्ड की कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए कहा कि अंत्योदय और पात्र गृहस्थी कार्ड धारक सभी का आयुष्मान कार्ड बनवाए जाने के लिए जोड़ दिया है। कहा कि जनपद के 4 लाख 77 हजार लोगों में से 1 लाख 70 हजार लोगों का आयुष्मान कार्ड बन चुका है। जनपद के 12 सरकारी 8 प्राईवेट अस्पतालों में आयुष्मान कार्ड के द्वारा 5 लाख रुपए तक का प्रत्येक वर्ष नि:शुल्क चिकित्सा कराया जा सकता है।संचालन जिला महामंत्री दिलीप पटेल देव ने किया।

उपरोक्त कार्यशाला में मुख्य रूप से पूर्व विधायक त्रिवेणी राम, जय राम विमल, जिला उपाध्यक्ष मनोज मिश्र, डाक्टर रजनीश सिंह, विमलेंद्र प्रताप सिंह मोनू, रफत एजाज, सुमन पाण्डेय, जिला महामंत्री अमरेंद्र कांत सिंह, बाबा राम शब्द यादव, सुरेश कन्नौजिया, जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय ,सी एम ओ आफिस के आईटी प्रबंधक प्रमोद श्रीवास्तव, विजय वर्मा, जिला मंत्री चंद्रिका प्रसाद,संजय सिंह,दीपक तिवारी, विनय पाण्डेय, शिव पूजन राजभर, सुनील पासवान,शाश्वत मिश्र,विकास तिवारी,डाक्टर पूनम राय,बजरंगी पाठक , अंबिका जायसवाल, रमेश यादव, अतुल वर्मा सहित मण्डल अध्यक्ष,प्रभारी और सकती केंद्र संयोजक प्रभारी शामिल रहे।

# जिलाधिकारी के निर्देश पर निरस्त की गई आशा चयन प्रक्रिया , नए सिरे से आशा चयन प्रक्रिया प्रारंभ करने के दिए निर्देश

(सत्य प्रकाश पांडेय)

अंबेडकर नगर । मुख्यमंत्री के मंशा अनुरूप जन समस्याओं के निराकरण हेतु आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस दिनांक 7 अक्टूबर 2023 को तहसील भीटी में जिलाधिकारी अविनाश सिंह के समक्ष शिकायत कर्ता द्वारा शिकाकात की गई कि ग्राम प्रधान द्वारा अपने करीबियों का आशा में चयन किया जा रहा है। जिस पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय से संबंधित पत्रावली को तलब किया गया। साथ ही साथ उन्होंने रिक्त पदों की सूची भी मांगी ।उसमें पाया गया कि जिला स्वास्थ्य समिति के अनुमोदन के बिना नियम विरुद्ध (जिसमें अध्यक्ष जिलाधिकारी) एवं मनमानी तरीके से चयन प्रक्रिया आगे बढ़ाया गया। इसके उपरांत जिलाधिकारी महोदय द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिया गया जिस पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा तत्काल आशा चयन हेतु आवंटन एवं चयन की समस्त प्रक्रिया को निरस्त किए जाने के आदेश जारी किए गए। जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देश दिया गया कि नए सिरे से नियमानुसार निष्पक्ष तरीके से चयन प्रक्रिया करते हुए भर्ती प्रक्रिया शुरू की जाय ।जिसका व्यापक प्रचार प्रसार करने के भी निर्देश दिए गए ।चयन की प्रक्रिया प्रारम्भ करने से पहले जनपद, सर्वप्रथम ऐसे समस्त क्षेत्रों को चिन्हित कर सूचीबद्ध कर लें। तदुपरान्त जिला स्वास्थ्य समिति के अनुमोदन उपरान्त ही प्रकिया प्रारम्भ की जाय ।रिक्तियों की सूची सभी आवश्यक अर्हताओं, चयन प्रक्रिया तथा चयन हेतु निर्धारित समय सीमा के साथ ब्लाक, तहसील एवं जिलाधिकारी कार्यालय के सूचना पटल पर चस्पा कर दी जाये। साथ ही जनपद के वेबसाइट पर अपलोड कर दिया जाये ।जिससे शासन की मंशा अनुरुप योग्य अभ्यर्थियों का निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से चयन किया जा सके।

# जिलाधिकारी के निर्देश पर दर्ज हुई एफ आई आर

(सत्य प्रकाश पांडेय)

अंबेडकर नगर , मुख्यमंत्री के मंशा अनुरूप जन समस्याओं के निराकरण हेतु तहसील भीटी में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी अविनाश सिंह के समक्ष श्रीमती कुसुम पत्नी स्वर्गीय राजबली यादव अपने लड़के अंकित यादव, ग्राम निवासी महमदपुर ,थाना अहिरौली के द्वारा प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया। प्रार्थना पत्र में उन्होंने बताया कि उनके गांव के अरविंद सिंह पुत्र राम सिंह, अजय सिंह पुत्र राम सिंह, अभय सिंह पुत्र श्याम नारायण सिंह, अतरौलिया आजमगढ़ ने रजिस्ट्री कार्यालय भीटी के कर्मचारियों के संग मिलकर धोखाधड़ी से कुसुम देवी के लड़के के नाम आई जमीन को बिना पैसा दिए अपने नाम करा लिया।

उक्त प्रकरण को जिलाधिकारी गंभीरता से लेते हुए मौके पर उपस्थित क्षेत्राधिकार भीटी को इस प्रकरण को निष्पक्ष जांच हेतु निर्देशित किया। तहसील दिवस के दौरान ही उक्त प्रकरण की जांच की गई और अपराध प्रथम दृष्टिया सही पाए जाने पर उक्त प्रकरण में सनलिप्त अरविंद सिंह, अजय सिंह, अभय सिंह एवं रजिस्ट्री कार्यालय भीटी के कर्मचारियों को नामजद किया गया। जिनके खिलाफ 243/23 धारा 419 ,420, 467, 468,471 पंजीकृत किया गया। पुलिस उक्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए प्रयासरत है।

# भाजपा ने लोकसभा चुनाव की तैयारी युद्ध स्तर पर शुरू की

(सत्य प्रकाश पांडेय)

अंबेडकर नगर- भाजपा लोक सभा चुनाव के सन्निकट आने की आहट के दृष्टिगत सभी जातियों और वर्गो के लोगों को अपने साथ लाने के लिए अभी से ही युद्ध स्तर पर तैयारी में जुट गई है। प्रदेश की सबसे बड़ी आबादी अनुसूचित जातियों में अपनी जगह बनाने के लिए लखनऊ में आयोजित अनुसूचित वर्ग सम्मेलन में जनपद की सहभागिता के लिए भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी के मार्गदर्शन में भाजपा कार्यकर्ता पूरी निष्ठा से जुट गए हैं।

रविवार को भाजपा जिला कार्यालय अटल भवन में अनुसूचित जाति सम्मेलन के जिला संयोजक डॉ रजनीश सिंह ने बैठक कर मंडलों के अनुसूचित बस्तियों में सम्पर्क कर 2 नवम्बर को लखनऊ में होने वाले अनुसूचित वर्ग सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए जनपद से अनुसूचित वर्ग के लोगों को ले जाने की योजना रचना बनाया। अनुसूचित वर्ग सम्मेलन के जिला संयोजक डॉ रजनीश सिंह ने बैठक में कहा कि लखनऊ के प्रदेश स्तरीय सम्मेलन को सफल बनाने के लिए 10 अक्टूबर को 2 बजे भाजपा जिला कार्यालय अटल भवन में सम्मेलन को सफल बनाने की योजना रचना पर विधान सभा और मण्डल के दायित्व धारी कार्यकर्ताओं की बैठक बुलाया गया है। उन्होंने बताया कि जनपद से सम्मेलन में शामिल होने वाले लोगों की वाहन व्यवस्था के लिए भाजपा जिला मंत्री दीपक तिवारी को जिला संयोजक बनाया गया है।मंडलों के संयोजक , सह संयोजक और वाहन प्रमुख का दायित्व दिया गया है।

बैठक में मुख्य रूप से सम्मेलन जिला सह संयोजक भाजपा जिला मंत्री चंद्रिका प्रसाद , अनुसूचित मोर्चा जिलाध्यक्ष डाक्टर विनोद कुमार, विधान सभा संयोजक संजय सिंह , संतोष सिंह बबलू , अंकित मंडेला, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी/मण्डल संयोजक बाल्मीकि उपाध्याय,दिनेश चौधरी, धीरेंद्र भारती,विशाल गौतम , राम प्रीत गौतम,मनीष गौतम आदि शामिल रहे।

## डीसीआरबी प्रभारी प्रेमचन्द को पुलिस महानिदेशक ने विशिष्ट प्रशस्ति पत्र प्रदान किया

अम्बेडकरनगर ,डीसीआरबी प्रभारी उ0नि0 प्रेमचन्द को श्रीमान पुलिस महानिदेशक लखनऊ उ0प्र0 द्वारा चलाए जा रहे आपरेशन कन्वेक्शन के तहत श्रीमान पुलिस अधीक्षक अजीत कुमार सिन्हा के निर्देशन में डीसीआरबी प्रभारी द्वारा दिनांक 24.04.2023 को थाना मालीपुर जनपद अम्बेडकरनगर में 07 वर्षीय किशोरी के साथ घटित दुष्कर्म की घटना में शामिल अभियुक्तों को 24 घंटे के अन्दर गिरफ्तार कर व वैज्ञानिक विधि से साक्ष्य संकलित कर उक्त अभियोग की गुणवत्तापुर्ण विवेचना संपादित करते हुए अल्प समय में आरोप पत्र मा0 न्यायालय में दाखिल किया गया व प्रभावी पैरवी किये जाने के परिणामस्वरूप आरोप पत्र दाखिल किये जाने के 76 कार्य दिवस के अन्दर मा0 न्यायालय द्वारा अभियुक्त को दोषी करार देते हुए दिनांक 28.07.2023 को आजीवन कारावास व एक लाख के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। प्रभारी डीसीआरबी उ0नि0 प्रेमचन्द के उपरोक्त सराहनीय कार्य को दृष्टिगत रखते हुए आज दिनांक 07.10.2023 को श्रीमान पुलिस महानिदेशक लखनऊ उ0प्र0 द्वारा विशिष्ट प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# विकास खंड टांडा में आयोजित हुई जागरूकता गोष्ठी




(सत्य प्रकाश पांडेय)

अंबेडकर नगर । संकल्प सप्ताह के छठवें दिन समृद्ध दिवस नीति आयोग के आकांक्षात्मक विकासखंड टांडा में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा जागरूकता तथा आजीविका संगोष्ठी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुंदर वर्मा तथा जिलाधिकारी अविनाश सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया ।प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना भारत सरकार द्वारा संचालित की गयी है योजना जनपद के कुशल कारीगरों कामगारों के जीवन स्तर को सुदृढ़ / लाभान्वित करने के उद्देश्य से लागू की गयी है। इस योजनान्तर्गत कुल 18 ट्रेड अच्छादित है। जिनका विवरण निम्नवत है-1-लोहार, नाव बनाने वाला, औजार टूलकिट बनाने वाला, ताला बनाने वाले,मूर्तिकार बनाने वाला, सोने के आभूषण बनाने वाले,मिट्टी के काम करने वाले ,जूता चप्पल बनाने वाले, राजमिस्त्री,झाड़ू / चटाई बनाने वाले ,खिलौना / गुडिया बनाने वाले,माला बनाने वाले,धोबी (कपडा धुलने वाला ), दर्जी ,जाल बनाने वाले,हथौड़ा बनाने वाले,नाई ,बढ़ई आदि ट्रेडों में आवेदन कर सकते है।

माननीय प्रधानमंत्री भारत सरकार द्वारा पूरे भारतवर्ष में 500 आकांक्षी ब्लाक कार्यक्रम का शुभारम्भ किये जाने एवं एक सुदृढ, विकसित ब्लाको का निर्माण हेतु विकास कार्यनीति तैयार किये जाने हेतु दिनांक 03 अक्टूबर से 09 अक्टूबर तक संकल्प सप्ताह का आयोजन किया गया है। आज विकास खण्ड टाण्डा मे संकल्प सप्ताह के समृद्धि दिवस के अर्न्तगत आजीविका मेला, संसाधन मेला, उत्पाद प्रदर्शिनी व्यापार एवं उद्यम विचार प्रतियोगिता, सरकारी योजनाओ का जागरूकता कार्यक्रम, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का पंजीकरण एवं डिजटली मार्केटिंग कार्यक्रमो का आयोजन किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष तथा जिलाधिकारी महोदय द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाली दो बीसी सखी तथा दो समूह सखी को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान मौके पर उपायुक्त उद्योग, डिप्टी कमिश्नर स्वत: रोजगार भूपेन्द सिंह, चिकित्साधिकारी टाण्डा, डीपीआरओ एंव खण्ड विकास अधिकारी टाण्डा अनुराग सिंह, डी0सी0 स्वत:रोजगार के साथ डीएमएम हरेन्द्र सिंह, सहायक विकास अधिकारी आई0एस0बी0 अरूण कुमार चतुर्वेदी, एडीओ पंचायत, बी0एम0एम0 ओम कुमार तिवारी ,दुर्गेश सिह, मयाराम वर्मा एंव समस्त ग्राम पंचायत सचिव व प्रधानगण उपस्थिति रहे ।विकास खण्ड टाण्डा की समूह सखी बीसी सखी बैक सखी आजीविका सखी व अन्य समूह की कुल 490 दीदीया आयोजन में प्रतिभाग की।


## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,सरयू नहर खण्ड-2, गोण्डा

ई-निविदा सूचना संख्या-02/अ0अ0/2023-24

महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑनलाइन http://etender.up.nic.in के माध्यम से प्री-क्वालीफिकेषन टेक्निकल बिड एवं प्राईस-बिड/फाइनेंषियल बिड, सिंचाई विभाग में वर्गीकृत श्रेणी में पंजीकष्त ठेकेदारों से दिनांक 11-10-2023 के पूर्वान्ह 10.30 बजे से दिनांक 17-10-2023 को 03.00 बजे अपरान्ह् तक आमन्त्रित की जाती है। प्री-क्वालीफिकेषन टेक्निकल बिड/दिनांक 17-10-2023 को अपरान्ह् 04.00 बजे कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, सरयू नहर खण्ड-2, गोण्डा के कार्यालय कक्ष में निर्धारित समिति के समक्ष ऑनलाइन खोली जायेगी एवं प्री-क्वालीफिकेषन टेक्निकल बिड में उपयुक्त पाये गये निविदादाताओं के प्राइस-बिड/ फाइनेन्सियल बिड खोलने की तिथि कुल प्राप्त निविदाओं की संख्या के आधार पर नोटिस बोर्ड/ई-पोर्टल पर सूचित किया जायेगा। कार्यालय बन्द होने या अवकाष होने की दषा में यह बिड अगले कार्यालय दिवस में उसी समय खोली जायेगी।

निविदायें दिनांक 11-10-2023 पूर्वान्हन 10.30 बजे से दिनांक 17-10-2023 को अपरान्हन 3.00 बजे तक डाउनलोड/अपलोड की जा सकती है। एक या समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अधिषासी अभियन्ता, सरयू नहर खण्ड-2, गोण्डा/टेण्डर समिति का होगा। कार्य का विवरण निम्नवत् हैः-

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | कार्य की मात्रा | कार्य की अनुमानित लागत (लाखरू0में) | धरोहर धनराशि (लाखरू. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य+ GST+ स्टेशनरी | कार्य पूर्ण करने का समय | पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | जानकीनगर रजवहा के किमी0 7.800 पर वी.आर.बी. का निर्माण कार्य। | बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार | 8.40 | 0.17 | 225+41 +500 | 45दिवस | सी' या उससे उच्च |
| 2. | जानकीनगर रजवहा के किमी0 8.300 पर वी.आर.बी. का निर्माण कार्य। | | 8.34 | 0.17 | 225+41 +500 | 45दिवस | |
| 3. | जानकीनगर रजवहा के किमी0 10.000 पर वी.आर.बी. का निर्माण कार्य। | | 7.90 | 0.16 | 225+41 +500 | 45दिवस | |
| 4. | जानकीनगर रजवहा के किमी0 11.700 पर वी.आर.बी. का निर्माण कार्य। | | 7.53 | 0.15 | 225+41 +500 | 45दिवस | |
| 5. | सोनौली रजवहा के किमी0 1.600 से किमी0 3.020 तक नहर सुदृढ़ीकरण हेतु मिट्टी का कार्य। | | 34.27 | 0.69 | 300+54 +500 | 60दिवस | बी' या उससे उच्च |

विशेष शर्तेः-

1. यह निविदा http://etender.up.nic.in सूचना बेवसाइट (http:/upgov.up.nic.in/infotech) तथा बेवसाइट WWW.idup.gov.in पर अवलोकनार्थ उपलब्ध है।

उ0प्र0-195445 दिनांक-07-10-2023
वेबसाइट-www.upgov.nic.in

अधिशासी अभियन्ता,
सरयू नहर खण्ड-2, गोण्डा



**RNI No. 46071/85**
स्वत्वाधिकारी मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक **टी.रजा रिज़वी** ने विकास प्रिन्टिंग प्रेस, मालवीयनगर, गोण्डा से मुद्रण करवाकर 568, मालवीयनगर गोण्डा (उ0प्र0) 271001 से प्रकाशित किया।
गोण्डा कार्यालय
फोन/फैक्स-05262-230683
मो0- 09415120085
लखनऊ कार्यालय-
फोन- 0522-4028445
मो0- 09415249085
:- E-mail :-
trigutdainik@gmail.com